सूर्योदय 5:29 सूर्यास्त 7:06

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14 न्यू | 25 अधि |
| धर्मशाला | 21 न्यू | 29 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79,454 |
| निफ्टी | 24,008 |
| सोना 96,416 | चांदी 97,684 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की जताई इच्छा!

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 11 मई 2025 | 29 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 132, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## त्वरित प्रतिक्रियाएं

### भारत का आतंक के खिलाफ कड़ा रुख बरकरार: जयशंकर



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और पाकिस्तान ने आज गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनाई है। भारत ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ लगातार दृढ़ और अडिग रुख अपनाया है। वह ऐसा करना जारी रखेगा।

### भारत आतंकियों को सबक सिखाना चाहता था : थरूर



**नई दिल्ली ।** भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध विराम को लेकर शशि थरूर ने कहा, 'शांति जरूरी है। मैं बहुत खुश हूं। भारत कभी भी लंबे समय तक युद्ध नहीं चाहता। भारत चाहता था कि आतंकियों को सबक सिखाया जाए और हमने सबक सिखा दिया।' (अनंत ज्ञान)

### महबूबा मुफ्ती ने किया डोनाल्ड ट्रंप का धन्यवाद



**श्रीनगर।** पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा, 'मैं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद देना चाहूंगी और इसके साथ ही मैं अपने देश के नेतृत्व और पाकिस्तान को भी बधाई देना चाहूंगी। दोनों देश संघर्ष विराम पर सहमत हुए। उन्होंने कहा कि इतने सारे लोग मारे गए और संपत्तियों को नुकसान पहुंचा, ऐसे समय में यह हुआ है। आज लोग चैन की नींद सोएंगे।' (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- केंद्र के शेयर को तरसे आंगनबाड़ी वर्कर्स व सहायक -पेज 2
- राज्यपाल के केंद्र के दिशा-निर्देशों का पालन करने के दिए निर्देश -पेज 3
- कनोल गांव में सड़क पर लगाए पेवर ब्लॉक उखड़े -पेज 4
- समुदाय विशेष के युवक के खिलाफ फूटा गुस्सा -पेज 6
- पधर में 18 लाभार्थियों को मिली 27 लाख की आर्थिक मदद -पेज 9

### चारधाम यात्रा के लिए हेलिकॉप्टर सेवाएं बंद

**देहरादून।** दुश्मन के खतरे को देखते हुए उत्तराखंड की चारधाम यात्रा के तहत बाबा केदारनाथ जाने वाली सभी हेलिकॉप्टर सेवाओं को बंद कर दिया गया है। सभी हेली सेवाओं को अगले आदेश तक के लिए बंद किया गया है। उत्तराखंड सरकार ने इस संबंध में आदेश भी जारी किया है। आदेश के मुताबिक, केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री की सारी हेलिकॉप्टर सेवाएं बंद हैं। ये सेवाएं अगले आदेश तक के लिए बंद रहेंगी। चारधाम यात्रा के दौरान हेली सेवाओं को बंद करने का कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब सीमा पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# भारत-पाक में सीजफायर

## दोनों देश जमीनी, हवाई और समुद्री हमले रोकने पर सहमत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और पाकिस्तान ने सीधी बातचीत के बाद एक-दूसरे के खिलाफ गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताई है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शनिवार शाम विशेष ब्रीफिंग में इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक ने शनिवार दोपहर बाद अपने भारतीय समकक्ष के साथ टेलीफोन पर बातचीत की शुरुआत की। उसके बाद हुई चर्चा में दोनों पक्ष शाम पांच बजे से सभी तरह की सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमत हो गए। विदेश सचिव ने बताया कि पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक ने अपने भारतीय समकक्ष के साथ दिन में तीन बजकर 35 मिनट पर बातचीत की थी।

दोनों पक्ष भारतीय समय के अनुसार शाम पांच बजे से जमीन, हवा और समुद्र सभी क्षेत्रों में सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमत हुए हैं। इस संबंध में दोनों देशों ने अपने सशस्त्र बलों को इस पर अमल के आदेश जारी कर दिए हैं। दोनों सैन्य अधिकारी स्थिति की समीक्षा के लिए सोमवार यानी 12 मई को दिन में बारह बजे फिर से बात करेंगे। (अनंत ज्ञान)



युद्धविराम बारे जानकारी देते विदेश सचिव मिसरी।

### पाकिस्तान के एक-एक झूठ का खोला राज

**सेना** की शनिवार की प्रेस कॉफ्रेंस में कर्नल सोफिया कुरेशी ने कहा, 'पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने अपने JF-17 विमान से हमारे एस-400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया, जो पूरी तरह से गलत है। सिरसा, जम्मू, पठानकोट, भटिंडा, नलिया और भुज में हमारे हवाई अड्डों को नुकसान पहुंचाने का दावा भी पूरी तरह से गलत है। पाकिस्तान के गलत सूचना अभियान के अनुसार, चंडीगढ़ और व्यास में हमारे गोला-बारूद डिपो को नुकसान पहुंचाया गया, यह भी पूरी तरह से गलत है।

### दोनों देशों के डीजीएमओ में कल फिर होगी बात

**नई दिल्ली।** शनिवार शाम भारत विदेश मंत्रालय ने घोषणा की है कि भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर हो गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता विक्रम मिसरी ने कहा कि दोनों देशों के बीच शाम पांच बजे से युद्धविराम लागू हो गया है। विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने शनिवार दोपहर में फोन पर बात की थी। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी शर्तों पर सीजफायर किया है और 12 मई को दोनों देशों के डीजीएमओ फिर से बात करेंगे।

## ट्रंप ने रातभर मध्यस्थता कर दोनों देश किए राजी

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर बनी सहमति पर अमेरिका ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, रात में यूएस की





मध्यस्थता में चली लंबी बातचीत के बाद मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान तुरंत और पूरी तरह हमले रोकने के लिए तैयार हो गए हैं। मैं दोनों देशों को कॉमनसेंस, समझदारी से भरा फैसला लेने के लिए बधाई देता हूं। ट्रंप के बयान के 30 मिनट बाद विदेश सचिव विक्रम मिसरी शाम 6 बजे प्रेस ब्रीफ के लिए आए। 42 सेकेंड में अपनी बात खत्म की और चले गए।

उन्होंने कहा- पाकिस्तान के डीजीएमओ ने शनिवार दोपहर 3:35 बजे भारतीय डीजीएमओ को फोन किया। सहमति बनी कि दोनों पक्ष शनिवार दोपहर 5 बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। इस सहमति को लागू करने के लिए दोनों पक्षों को निर्देश दिए गए हैं। वे 12 मई को दोपहर 12 बजे फिर से बात करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## भविष्य में किसी भी आतंकी कृत्य को युद्ध मानेगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भरारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम पर सहमति बनने से पहले सरकार ने बड़ा फैसला लिया। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया है कि देश में भविष्य में किसी भी आतंकवादी कृत्य को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा।

सरकारी सूत्र ने बताया कि भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि भावी आतंकी वारदातों को युद्ध छेड़ने का प्रयास मानते हुए उसी के अनुसार जवाब दिया जाएगा। बता दें कि विगत 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी वारदात के बाद आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने के लिए भारतीय सेना ने बीते सात मई को पाकिस्तानी कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक कार्रवाई की थी। (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तान ने अपना एयर स्पेस खोला

**पाकिस्तान** के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा, 'पाकिस्तान और भारत ने तत्काल प्रभाव से युद्ध विराम पर सहमति जताई है। पाकिस्तान ने हमेशा अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से समझौता किए बिना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किया है। संघर्ष विराम के बाद पाकिस्तान ने भारत के लिए अपना एयर स्पेस खोला। पाकिस्तान ने हवाई क्षेत्र पर लगे प्रतिबंध को हटा लिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि युद्ध विराम की कोई पूर्व या पश्चात शर्त नहीं है। यह आह्वान पाकिस्तान की ओर से किया गया था। सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी। (अनंत ज्ञान)

## पाक की गोलीबारी में शाहपुर के सूबेदार मेजर पवन शहीद

### राजौरी में दुश्मनों से लड़ते हुए पाई शहादत

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत द्वारा पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में किए गए हमलों से पाकिस्तान बौखला चुका है। पिछले चार दिनों से पाकिस्तान की ओर से लगातार ड्रोन, मिसाइल और रॉकेट से हमले किए जा रहे हैं।



शहीद सूबेदार मेजर पवन की फाइल फोटो

जम्मू के राजौरी में शुक्रवार की रात पाकिस्तान की ओर से की गई गोलीबारी में हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के शाहपुर का जवान शहीद हो गया। जानकारी के अनुसार सूबेदार मेजर पवन कुमार जम्मू-कश्मीर के राजौरी में तैनात थे। पूंछ-राजौरी में शुक्रवार रात पाकिस्तान की ओर से अचानक फायरिंग शुरू कर दी। पाकिस्तान को फायरिंग का मुंहतोड़ जबाव देने के लिए पवन अपने कुछ साथियों के साथ मैदान में डट गए तथा जवाबी फायरिंग करते हुए दुश्मन को पीछे भागने पर मजबूर कर दिया। इस जवाबी कार्रवाई में पवन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके साथियों ने तत्काल उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। सेना की ओर से फोन के माध्यम से उनके परिजनों को इसकी सूचना दी गई है। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने इसकी पुष्टि की है तथा उनकी मौत पर दुख प्रकट किया है।

### आज घर पहुंचेगी पार्थिव देह

**शहीद** सूबेदार मेजर पवन कुमार की पार्थिव देह शनिवार की रात या रविवार सुबह उनके पैतृक गांव लाई जाएगी। शहीद सूबेदार मेजर पवन कुमार का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### सीएम बोले, शहादत को हमेशा याद रखेगा राष्ट्र

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार सुबह जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी सेना की गोलाबारी में 25 पंजाब रेजिमेंट के सूबेदार मेजर पवन कुमार की शहादत पर शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि सूबेदार मेजर पवन कुमार ने देश की एकता और संप्रभुता को बनाए रखने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है और पूरा राष्ट्र उनके बलिदान को हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस दुख की घड़ी में प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### सिंधु जल समझौता रद्द करने का फैसला बरकरार

**नई दिल्ली।** न्यूज एजेंसी एएनआई ने विदेश मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से बताया कि सीजफायर को लेकर कोई भी पहले या बाद की कंडीशन नहीं रखी गई है। सीजफायर का कॉल पाकिस्तान की तरफ से लिया गया था। सिंधु जल समझौते के सस्पेंड रहने का फैसला बरकरार रहेगा। भारत आतंकवाद के खिलाफ अपनी स्थिति पर अडिग है। बता दें कि इस मुद्दे पर वर्ल्ड बैंक ने एक दिन पूर्व अपना पक्ष रखते हुए स्पष्ट किया कि उनकी भूमिका केवल वित्तीय सहायता प्रदान करने तक ही सीमित है। वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा कि सिंधु जल समझौते में वर्ल्ड बैंक मध्यस्थता नहीं करता है। (अनंत ज्ञान)

### पीएम करें सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के चार दिन बाद भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पर सहमति बन गई है। भारत ने संघर्ष विराम का एलान कर दिया है। संघर्ष विराम लागू होने के बाद कांग्रेस ने मांग की है कि अब पहले से कहीं अधिक जरूरत है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करें और राजनीतिक दलों को विश्वास में लें। कांग्रेस ने कहा कि सरकार पिछले 18 दिनों की घटनाओं पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाए। (अनंत ज्ञान)

## रोहतांग, शिंकुला, बारालाचा कुंजम दर्रे में ताजा बर्फबारी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

रोहतांग सहित कुंजम, बारालाचा व शिंकुला दर्रे में शनिवार को बर्फ के फाहे गिरे। लाहौल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बर्फ की सफेद परत बिछ गई। रोहतांग सहित हनुमान टिब्बा, मकरवेद व शिकर वेद, इंद्र किला, चंद्रखणी, हामटा धुंधी, भृगु व दशहोर की पहाड़ियों में बर्फ के फाहे गिरे। रोहतांग के उस पार जिंगजिंगबार सहित सीबी रेंज की चोटियों पर भी हिमपात हुआ। बदले मौसम के मिजाज से मनाली सहित लाहौल में मौसम कूल-कूल हो गया है। शनिवार सुबह से ही ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात का क्रम शुरू हुआ जो रुक-रुककर दिन भर जारी रहा। घाटी में भी रुक-रुक कर बारिश होती रही। बर्फ के फाहों के बीच मनाली-जंस्कार मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सुचारु रही।

**लाहौल के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बिछी सफेद चादर**

### जंस्कार मार्ग पर बढ़ी आवाजाही

**मनाली** से दारचा शिंकुला होकर जंस्कार जाने वाले मार्ग पर लोगों की आवाजाही बढ़ गई है। लेह-लद्दाख के लोग भी मनाली से दारचा व शिंकुला होकर जंस्कार घाटी पहुंच रहे हैं, वहां से पद्दुम व निमो होकर लेह पहुंच रहे हैं। दारचा चैक पोस्ट प्रभारी मेघ सिंह ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से दारचा शिंकुला होते हुए पद्दुम-निमो-लेह मार्ग पर लोगों की आवाजाही बढ़ी है। शनिवार को हल्के हिमपात के बीच शिंकुला दर्रे में वाहनों की आवाजाही सुचारु रही।

## ऊना जिले के बेहड़ और कांगड़ा के जवाली में मिले मिसाइल के टुकड़े

### हिमाचल-पंजाब सीमा पर इंदौरा के माजरा में मिले ड्रोन के अवशेष

**अनंत ज्ञान टीम, ऊना/इंदौरा/कोटला**

शुक्रवार रात को ऊना जिले के बेहड़ और कांगड़ा जिले के जवाली में मिसाइल के टुकड़े मिले हैं। उपमंडल इंदौरा के गांव माजरा में ड्रोन के टुकड़े गिरे हैं। इससे लोगों में भय का माहौल है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात लगभग 1:30 बजे ऊना जिले के भरवाईं क्षेत्र की भटेड़ पंचायत के बेहड़ गांव में खेतों में मिसाइल के टुकड़े जैसी चीज मिली है। स्थानीय लोगों के अनुसार बेहड़ गांव में रात डेढ़ बजे जोरदार धमाका हुआ। नागरिकों द्वारा दी गई जानकारी पर पुलिस टीम त्वरित रूप से घटना स्थल पर पहुंची और सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए। प्रारंभिक जांच में यह टुकड़ा निष्क्रिय पाया गया है



तथा किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा घटना की सूचना सेना की संबंधित इकाई को दे दी गई है। विशेषज्ञों की टीम मौके पर पहुंचकर संदिग्ध वस्तु की तकनीकी जांच कर रही है।

वहीं, जवाली के तहत तीन अलग-अलग स्थानों पर मिसाइल के टुकड़े मिले हैं। सिद्धाथा क्षेत्र के चबुआं, आंबल पंचायत के भलेरा तथा कोटला बेल्ट की भेड़खड्ड के समीप सुजनता गांव के नजदीक खड्ड में डिफ्यूज मिसाइलनुमा अवशेष मिले हैं। एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने कहा कि पुलिस को मौके पर भेजा गया है। एक्सपर्ट भी मौका पर बुलाए गए हैं। उन्होंने कहा कि बिना किसी कारण लोग घरों से बाहर न निकलें तथा इस सैन्य तनाव के बीच किसी भी संदिग्ध वस्तु को न छूएं।

वहीं, उपमंडल इंदौरा के तहत हिमाचल-पंजाब सीमा पर स्थित व सैन्य क्षेत्र से सटे गांव माजरा में ड्रोन के टुकड़े मिले हैं। इस बारे में सूचना पुलिस को दी गई। वहीं, पुलिस ने इस संदर्भ में वायुसेना को सूचित किया। इस पर पठानकोट स्थित वायुसेना कैंप से सैन्य दल मौके पर पहुंचा व उक्त ड्रोन के टुकड़ों को कब्जे में ले लिया।

## ड्रोन और मिसाइलों के टुकड़े मिलने पर सुरक्षा की कड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**मुख्यमंत्री ने आला अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश**

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू हर दिन सीमावर्ती इलाकों सहित संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा संबंधी जानकारी हासिल कर रहे हैं। शुक्रवार रात को प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में ड्रोन और मिसाइल के टुकड़े मिलने की पुष्टि भी उन्होंने की है और प्रदेश की जनता को आश्वस्त किया है कि उन्हें डरने की कोई जरूरत नहीं है। शनिवार को भी राज्य सचिवालय में मुख्यमंत्री सुक्खू ने दोपहर करीब एक बजे सचिवालय में भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के दृष्टिगत वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मौजूदा स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने आवश्यक निर्देश जारी कर आश्वासन दिया कि राज्य सरकार गहनता से स्थिति की निगरानी कर रही है और इसमें किसी भी तरह की चूक नहीं होगी। पुलिस के साथ-साथ राज्य खुफिया तंत्र को भी हाई अलर्ट मोड पर रखा गया है।

मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर स्तर पर किसी भी चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने राज्य के लोगों से सतर्क और सजग रहने का आह्वान किया और कहा कि वे जागरूक होकर स्थिति का सामना करें और देश की सेनाओं का मनोबल बढ़ाने की कोशिश करें। जागरूक रहकर ही वे खुद का और समाज का भला कर सकते हैं।

## भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में 7 मई को मारे थे पांच खूंखार आतंकी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत 7 मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में स्थित नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। अब खबर आ रही है कि इसमें भारतीय सशस्त्र बलों ने पांच खूंखार आतंकियों को ढेर कर दिया है। जिन आतंकियों की सूची समने आई है, उसमें मसूद अजहर का भाई और उसके बीवी का भाई भी शामिल है। वह आईसी-814 अपहरण मामले में वांछित था। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से इन आतंकवादियों की जानकारी दी है। (अनंत ज्ञान)

### सेना ने ये आतंकवादी किए थे ढेर

**मुदस्सर खडियान उर्फ अबू जुंदाल** लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी। मुरीदके में मरकज तैयबा का प्रभारी था। यह 26 नवंबर 2008 मुंबई में हुए आतंकी हमले में शामिल था। पाकिस्तानी सेना ने अंतिम संस्कार में इसे गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

**हाफिज मुहम्मद जमील :** जैश-ए-मोहम्मद का बड़ा आतंकवादी। मौलाना मसूद अजहर का सबसे बड़ा साला। बहावलपुर में मरकज सुब्हान अल्लाह का प्रभारी। युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और फंडिंग में सक्रिय था।

**मोहम्मद यूसुफ अजहर :** जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी और मसूद अजहर का साला। आतंकी संगठन में हथियारों के प्रशिक्षण का प्रभारी। जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी हमलों में शामिल था और IC-814 विमान अपहरण यानी कंधार हाईजैक की साजिश रचनेवालों में शामिल था।

**खालिद उर्फ अबू अकाशा:** लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी। अफगानिस्तान से हथियारों की तस्करी में शामिल था। जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी हमलों में शामिल। फैसलाबाद में अंतिम संस्कार हुआ। इसमें पाकिस्तानी सेना के अधिकारी भी शामिल हुए।

**मोहम्मद हसन खान :** जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी। इसका पिता मुफ्ती असगर खान कश्मीरी पीओके में जैस-ए-मोहम्मद का ऑपरेशनल कमांडर है। मोहम्मद हसन की जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों की योजना में अहम भूमिका थी। भारत ने 7 मई को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे बाले कश्मीर में नौ ठिकानों पर एक साथ हमला किया था।

**साइबर अटैक** नागरिकों, सरकारी वेबसाइट्स और निजी डेटा पर हमले की आशंका सबसे ज्यादा

## साइबर स्पेस में हलचल बढ़ने से साइबर अटैक का खतरा बढ़ा

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**





भारत और पाकिस्तान के बीच तनातनी पर सभी को एक्टिव रहने की जरूरत है। बॉर्डर पर हलचल तेज है। साइबर स्पेस में भी हलचल बढ़ने लगी है। साइबर अटैक को देखते हुए हिमाचल साइबर क्राइम पुलिस ने अपने तकनीकी पहलुओं से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर गढ़ा दी है। साइबर अटैक की जद में आम नागरिकों, सरकारी वेबसाइट्स और निजी डेटा पर हमले की आशंका सबसे ज्यादा दिख रही है।

**पाकिस्तान के साइबर अटैक पर सीधी नजर**

हाल ही में पाकिस्तानी साइबर क्रिमिनल्स ने भारतीय डिफेंस वेबसाइट को हैक कर लिया था। एक दावे के अनुसार करीब 1600 से ज्यादा लोगों की निजी जानकारियों को चुराया गया था। साइबर क्राइम पुलिस ने सार्वजनिक पब्लिक वाईफाई से बचने की सलाह दी है।

यह नेटवर्क आसानी से डेटा चुराने में आगे हैं। किसी कैफे या माल पर इंटरनेट उपयोग करना है, तो इन स्थानों पर पर्सनल डेटा प्रयोग करने से बचें। अपनी प्राइवेसी बनाए रखने की आवश्यकता है, इसके लिए वीपीएन का इस्तेमाल करें। वीपीएन डेटा को एंक्रिप्ट कर देता है, जिससे प्राइवेसी बनी रहती है।

आज के समय में लैपटॉप और मोबाइल फोन दोनों के लिए फ्री वीपीएन मौजूद है। डाउनलोड भी केवल कन्फर्ड सोर्स से करें और साथ ही उसकी रेटिंग्स और रिव्यू देखना न भूलें। पूरी जांच परख के बाद ही इसका उपयोग करें। साइबर एक्सपर्ट का कहना है कि साइबर अटैक्स का एक बड़ा टारगेट वित्तीय संस्थाएं भी रहती हैं। इन संस्थानों में यूपीआई, इंटरनेट, बैंकिंग या फिर क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल पूरी सावधानी से करें। छोटी सी चूक भारी पड़ सकती है। फर्जी लिंक और अटैचमेंट भेजकर हैकर्स डिवाइस में मालवेयर डालने की कोशिश करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### अनजान ई-मेल या व्हाट्सऐप न खोलें

**किसी** भी अनजान ई-मेल या व्हाट्सऐप लिंक को खोलने की कोशिश न करें, खासकर अगर वह किसी सरकारी संस्था या बैंक के नाम पर हो। अटैक साइकोलॉजिकल भी होता है। झूठी खबरें और गलत सूचनाओं को सोशल मीडिया पर फैलाकर डर और भ्रम फैलाना भी एक तरह का अटैक है, इसलिए किसी भी खबर को बिना जांचे परखे आगे न बढ़ाएं। हमेशा आधिकारिक और भरोसेमंद सोर्स से ही जानकारी लें और दूसरों को भी जागरूक रहने में मदद करें।

### संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस की नजर

**हिमाचल** साइबर क्राइम पुलिस ने बाकायदा पिछले कल विशेष एडवाइजरी जारी कर रखी है और उनका महकमा लगातार मुस्तैद है और लगातार लोगों को जागरूक कर रहा है, इसके अलावा प्रदेश के अंदर हर एक संदिग्ध गतिविधि पर बारीकी से नजर रखी जा रही है।

# केंद्र के शेयर को तरसे आंगनबाड़ी वर्कर्स व सहायक

## पिछले कुछ महीनों से तीन माह बाद एक साथ दी जा रही वेतन की राशि

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

केंद्र सरकार की योजना के छोटे बच्चों को स्कूल जाने से पहले प्रारंभिक शिक्षा के बारे में अवगत करवाने तथा खेल-खेल में स्कूल जाने का अभ्यास करवाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र प्रदेश भर में खोले गए हैं। इन आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी वर्कर व सहायकों की नियुक्ति बाल विकास विभाग के माध्यम से की गई है, जो इन बच्चों को स्कूल जाने से पूर्व शिक्षा और खेल-खेल में स्कूल में बैठने की जानकारी देती हैं।

इन आंगनबाड़ी वर्करों व सहायकों को वेतन के रूप में केंद्र की ओर कुछ राशि दी जाती है, वहीं वेतन में कुछ प्रतिशत हिस्सा प्रदेश सरकार का होता है। गौर रहे कि पिछले एक वर्ष से आंगनबाड़ी वर्करों व सहायकों को केंद्र से मिलने वाला शेयर समय पर नहीं मिल रहा है। केंद्र सरकार द्वारा यह शेयर पहले हर महीने दिया जाता था, लेकिन अब इसे तीन महीने बाद दिया जा रहा है, जिससे आंगनबाड़ी वर्करों और सहायकों को अपने परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। बता दें कि लगभग एक वर्ष से प्रदेश में ऐसी स्थिति बनी हुई है।

इसके तहत सभी आंगनबाड़ी वर्करों और सहायकों को केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से दी जानी वाली राशि एक साथ नहीं मिल रही है। प्रदेश सरकार द्वारा दी जाने वाली राशि तो हर माह मिल रही है, लेकिन केंद्र की ओर से आने वाले बजट तीन माह बाद मिल रहा है, जिससे आंगनबाड़ी वर्कर व सहायक परेशान हो गई हैं। (अनंत ज्ञान)



### जिले में हैं 1351 आंगनबाड़ी केंद्र

बता दें कि हमीरपुर जिले में कुल 1351 आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जिनमें 1351 आंगनबाड़ी वर्कर व 1351 आंगनबाड़ी सहायक अपनी ड्यूटी निभा रही हैं, यानि कुल मिलाकर हमीरपुर की 2702 आंगनबाड़ी वर्कर व सहायक वेतन के रूप में मिलने वाली राशि का इंतजार कर रही हैं।

### वेतन के दो शेयर मिलते हैं : सीडीपीओ

इस बारे में सीडीपीओ अतिरिक्त कार्यभार संजय गर्ग ने बताया कि केंद्र की ओर से अभी बजट नहीं आया है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी वर्कर व सहायकों को वेतन के दो शेयर होते हैं, जिसमें एक प्रदेश सरकार का और दूसरा केंद्र सरकार का होता है। उन्होंने बताया कि अप्रैल माह से केंद्र सरकार की ओर से बजट जारी नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाला शेयर कभी तीन माह बाद आ रहा है, जिसे एक साथ आंगनबाड़ी वर्करों को दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जब भी केंद्र सरकार की ओर से बजट जारी किया जाता है, आंगनबाड़ी वर्करों को एक साथ राशि दे दी जाती है।

## मिड-डे-मील वर्कर्स तीन माह से वेतन न मिलने पर प्रदेश सरकार से नाराज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

▶ **बोलीं-वेतन नहीं दिया तो सुक्खू सरकार के खिलाफ करेंगी प्रदर्शन**

मिड-डे-मील वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू की जिला कमेटी की बैठक यूनियन की जिला सचिव मीरा खां की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वर्कर्स ने पिछले तीन महीनों से प्रदेश सरकार द्वारा वेतन न देने पर नाराजगी जाहिर की है। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि प्रदेश सरकार द्वारा मिड-डे-मील वर्कर्स के वेतन की अदायगी नहीं की तो जिला के सैकड़ों वर्कर्स सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे।

मिड-डे-मील वर्कर्स की जिला कमेटी ने 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने का निर्णय लिया है। बैठक में सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मिड-डे-मील वर्कर्स द्वारा 20 मई को देशव्यापी हड़ताल में शामिल होने के फैसले का स्वागत किया है। मिड-डे-मील वर्कर्स की जिला कमेटी ने निर्णय लिया है कि केंद्र सरकार द्वारा मजदूरों के 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर 4 श्रम संहिताओं में बदल कर मजदूरों के ट्रेड यूनियन अधिकारों पर हमला किया है।

मजदूरों को अपने अधिकार के लिए आवाज उठाने पर भी फौजदारी, मुकदमे, जेल व जुर्माने का प्रावधान किया गया है। प्रदेश का मिड-डे-मील वर्कर्स इस तरह के तुगलकी फरमान का डटकर जबरदस्त विरोध करेगा। बैठक में जिले के सभी मिड-डे-मील वर्कर्स से आग्रह किया गया है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर 20 मई की राष्ट्रीयव्यापी हड़ताल को सफल बनाएं।

## भोटा में टैक्सी चालकों ने करवाया एचआईवी टेस्ट

**अनंत ज्ञान, भोटा।** नगर पंचायत भोटा में बीएमओ बड़सर के सौजन्य से एचआईवी एड्स व मधुमेह अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप भोटा बस स्टैंड पर लगाया गया। इस कैंप में टैक्सी यूनियन के 50 चालकों ने तथा भोटा के व्यापारियों ने अपना एचआईवी टेस्ट करवाया। इस कैंप में लगभग 20 लोग शुगर के मरीज पाए गए। बड़सर सिविल अस्पताल एचआईवी काउंसलर अंजू शर्मा ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य लोगों को एचआईवी के प्रति जागरूक करना है, ताकि समय पर एचआईवी मरीज का इलाज हो सके।

अंजू शर्मा ने बताया कि एचआईवी जागरूक कैंप हर बुधवार और शनिवार को बड़सर के विभिन्न गांवों और शहरों में लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक पिछले महीने बड़सर में दो एचआईवी मरीज पाए गए हैं। इस मौके पर बड़सर अस्पताल की एचआईवी काउंसलर अंजू शर्मा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोटा की लैब टेक्नीशियन ज्योत्सना देवी और आशा वर्कर महिंद्रा देवी तथा लगभग 75 स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

## बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कूलों में अवकाश दे प्रदेश सरकार : संघ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

▶ **शिक्षक देश की सुरक्षा हेतु बॉर्डर पर जाने को तैयार**

▶ **जून में प्रस्तावित अवकाश को एडवांस दे सरकार**

पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव और युद्ध की स्थिति के चलते स्कूलों में अवकाश देने बारे निर्णय लिया जाए। समर क्लोजिंग स्कूलों में 1 जून से 8 जून और विंटर क्लोजिंग स्कूलों में प्रस्तावित मानसून अवकाश में से कुछ दिनों के अवकाश की कटौती करते हुए यह आपात व्यवस्था की जाए। प्रस्तावित अवकाश को एडवांस देते हुए उस समय पर अवकाश कम किया जाए। इससे युद्ध और आपात के समय बच्चों की सुरक्षा में मदद मिलेगी। आपदा प्रबंधन एक्ट के तहत यह निर्णय शीघ्र लिया जाए। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार से की है।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष देशराज कालिया और महासचिव विजय हीर सहित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों ने कहा कि शिक्षक सरकार के साथ खड़े हैं और इस आपात व्यवस्था में उनको अवकाश की जरूरत नहीं है। शिक्षक किसी भी तरह की आपात व्यवस्था में ड्यूटी निभाने को तत्पर हैं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर ही अवकाश की बात उठा रहे हैं। संघ ने कहा कि मुश्किल की इस घड़ी में शिक्षक सरकार को हर तरह का सहयोग देने को तैयार हैं और देश के दुश्मनों को सबक सिखाने के लिए बॉर्डर पर जाने को भी तैयार हैं। कोविड के समय भी शिक्षकों ने अपनी जान की परवाह नहीं करते हुए हर तरह की ड्यूटी निभाई थी और कोविड योद्धा का दर्जा हासिल किया था, ऐसे में प्रदेश में एक सप्ताह के भीतर तबादले और शेष प्रक्रियाएं पूर्ण की जानी चाहिए और आपातकाल स्थिति के मद्देनजर भीड़ एकत्रण से बचना चाहिए।

सीमावर्ती क्षेत्रों में स्कूलों में अवकाश देने बारे निर्णय एक दिन में अपेक्षित है। संघ ने कहा कि देश जब युद्ध और आपात की स्थिति में है तो सरकारी कर्मचारी और अधिकारी अलर्ट मोड में रखे जाने चाहिए। अगर जरूरी हुआ तो ऑनलाइन शिक्षण की व्यवस्था शुरू की जाए और बच्चों को घर से स्कूल के मध्य सुरक्षित रखने हेतु आवश्यक फैसले लिए जाएं। इसके अलावा समर क्लोजिंग स्कूलों में एफ ए 1 और विंटर क्लोजिंग स्कूलों में एफ ए 2 की परीक्षा जून माह के तीसरे सप्ताह तक लंबित कर दी जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### भरेड़ी में आतंकवाद विरोधी प्रयासों को मिला समर्थन



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** नागरिक कल्याण संघ भरेड़ी की मासिक बैठक सागर स्पोर्ट्स कार्यालय भरेड़ी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एस. भंडारी ने की। बैठक में भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर विचार-विमर्श हुआ। सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली की सराहना करते हुए सरकार के आतंकवाद विरोधी प्रयासों को पूर्ण समर्थन दिया। सभी सदस्यों ने एकमत से आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का समर्थन किया। बैठक में मौजूद वरिष्ठ नागरिकों ने तन, मन और धन से देशहित में सरकार के साथ खड़े रहने की प्रतिबद्धता जताई। भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत किए जा रहे रणनीतिक और साहसिक कार्यों की भी खुले दिल से प्रशंसा की गई। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय बॉलीबाल कोच विद्यसागर शर्मा, प्रताप चंद शर्मा, मनोहर लाल शर्मा, कुलवंत रॉय शर्मा इत्यादी लोग उपस्थित रहे।

### सभा आज मनाएगी सद्गुरु कबीर का प्रकट दिवस



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कबीर पंथ समाज सुधार सभा की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष इंजीनियर सतीश कुमार कौशल की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया की हर साल की भांति इस साल भी सदगुरु कबीर साहिब जी का प्रकट दिवस 11 जून को कबीर भवन सलासी हमीरपुर में धूमधाम से मनाया जाएगा। 11 जून को सुबह 10 बजे झंडारोहण की रस्म के बाद महात्मा प्रणवानंद जी रोहतक द्वारा कबीर साहिब की वाणी पर आधारित सत्संग किया जाएगा। इसके बाद आई हुई संगत को सभा द्वारा भंडारा प्रसाद ग्रहण करवाया जाएगा। मीठे पानी की छबील भी लगाई जाएगी। बैठक में जिला प्रधान इंजीनियर सतीश कुमार कौशल, रिटायर्ड आईजी पुलिस सत पाल कौशल, रिटायर्ड एडिशनल सेशन जज इंदर राम, पंजाब सिंह कौशल, रंजीत बन्याल, सुनील कुमार, आर्किटेक्ट सुरेश कुमार डोगरा, कृष्ण कुमार कौशल, राजकुमार, हेम राज कौंडल, हरनाम सिंह, ओम प्रकाश और अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

## बिझड़ी बाजार में लगे पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे




नारायण सेवा समिति ने आतंकवाद के खिलाफ रैली निकाली।

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

नारायण सेवा समिति बिझड़ी द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ रैली निकाली गई। इस दौरान समिति के सदस्यों ने जमकर नारेबाजी की। लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह बिझड़ी से रैली निकालने से पहले पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा गया।

कमेटी महासचिव करतार सिंह ढिल्लों ने कहा कि पहलगाम में जो निर्दोष लोगों को धर्म पूछ कर मारा गया, उसका खामियाजा पाकिस्तान को भुगतना ही पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि हमारे साथ भूतपूर्व सैनिक बड़ी संख्या में जुड़े हैं, अगर सरकार को जरूरत पड़ती है तो वह भी भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ने के लिए तैयार हैं। रैली के दौरान बिझड़ी बाजार में पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद का करो खत्मा नारे लगाए गए।

ढिल्लों ने कहा कि क्योंकि दुश्मन देश आम नागरिकों को निशाना बनाकर अपनी कायरता का सबूत दे रहा है, इसलिए देशवासियों को भी चाहिए कि वह सरकार व प्रशासन का सहयोग करें तथा रात को लाइट बुझाकर ब्लैकआउट में सहयोग करें।

## हैप्स हीरानगर में मां संग थिरका बचपन




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में मातृत्व दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। 'मातृत्व की सुंदरता' थीम पर मनाए गए दिवस का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में विद्यालय अकादमिक प्राचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। समारोह के मुख्य आकर्षण 'मां संग थिरकते बच्चे' डांस, म्यूजिकल चेयर, व्यंजन विधि स्वाद और जायका, पिरामिड रचना, समूह गान 'मां तू कितनी अच्छी है' व भाषण आदि रहे। लगभग 100 माताओं ने समारोह की सुंदरता में चार चांद लगाए। समारोह में पहुंचने पर सभी माताओं को तिलक लगाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। डॉ. मोनिका ठाकुर व मधु शर्मा निर्णायक मंडल के सदस्य रहे। व्यंजन विधि में रेणु ने प्रथम स्थान, दीक्षा ने द्वितीय स्थान व डॉ. अभिलाषा ने तृतीय स्थान, म्यूजिकल चेयर में डॉ. अभिलाषा व पूजा ने प्रथम स्थान, पिरामिड रचना में स्वस्तिका में प्रथम स्थान प्राप्त किया। डॉ. वीनस ने दिवस के महत्व पर भाषण दिया। मुख्य अतिथि एवं प्रधानाचार्य शशि बाला ने प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाली माताओं को पारितोषिक देकर सम्मानित किया व समारोह के सफल आयोजन के लिए समन्वयकों डॉ. नीता सिंह, माया शर्मा, पूजा शर्मा अध्यापक वृंद व इवेंट मैनेजर को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## शिक्षकों ने सीखीं नई शिक्षा पद्धतियां

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर ने शनिवार को सीखने के परिणाम और शिक्षण विषय पर एकदिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों की प्रभावी शैक्षणिक प्रथाओं और परिणाम-आधारित शिक्षा की समझ को बढ़ाना था। इस कार्यक्रम में हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल जाहू, डीएवी पब्लिक स्कूल बरमाणा और सिलिकॉन मॉडल स्कूल आलमपुर सहित प्रतिष्ठित स्कूलों के 60 शिक्षक शामिल हुए।

इस कार्यशाला में विचारों का आदान-प्रदान करने, शिक्षण रणनीतियों को परिष्कृत करने और स्पष्ट रूप से परिभाषित सीखने के परिणामों के साथ कक्षा प्रथाओं को संरेखित करने के लिए एक सहयोगी मंच के रूप में कार्य किया। प्रशिक्षण सत्रों का नेतृत्व दो प्रतिष्ठित शिक्षकों ने किया।

कुमारी शालिनी सहोत्रा, माइक्रोबायोलॉजी में स्नातकोत्तर और कंप्यूटर एप्लीकेशन में पीजी डिप्लोमा, के पास 14 वर्षों से अधिक का शिक्षण अनुभव है, जिसमें हिम अकादमी में एक दशक का अनुभव भी शामिल है। उन्होंने सीएसआईआर-आईएचवीटी पालमपुर में शोध कार्य भी किया और नीदरलैंड और इटली में अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक कार्यक्रमों में स्कूल का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। वर्ष 2024 में उन्हें शिक्षक उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कंप्यूटर विज्ञान में स्नातकोत्तर पुनीत कुमार 2014 से डीएवी पब्लिक स्कूल आलमपुर में पढ़ा रहे हैं। आईटी उद्योग में पूर्व अनुभव के साथ, वह तकनीकी ज्ञान को नवीन शिक्षण प्रथाओं के साथ मिलाते हैं। 2025 में, उन्हें सीबीएसई मास्टर ट्रेनर के रूप में मान्यता दी गई।

कार्यक्रम का समापन एक इंटरेक्टिव फीडबैक सत्र और प्रमाण पत्र वितरण के साथ हुआ। प्रतिभागियों ने साझा की गई अंतर्दृष्टि की सराहना की और अपनी कक्षाओं में चर्चा की गई पद्धतियों को लागू करने की उत्सुकता व्यक्त की। इस कार्यक्रम ने शिक्षकों के बीच शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया।

## गुरुकुल स्कूल में धूमधाम से मनाया मातृत्व दिवस




मातृत्व दिवस कार्यक्रम में प्रवीन लता ने बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत।

**सुनील कुमार, हमीरपुर**

गुरुकुल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बड़ू में मातृत्व दिवस मनाया गया। मातृत्व दिवस कार्यक्रम में प्रवीन लता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मातृत्व दिवस कार्यक्रम में बच्चों की माताओं ने विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लिया।

मातृत्व दिवस कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने लघु नाटक के माध्यम से मां की ममता को दर्शाया गया व स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता में विजेता रही महिलाओं को पुरस्कृत किया गया।

स्कूल के प्रधानाचार्य हाकम सिंह वर्मा ने महिलाओं को मातृत्व दिवस की बधाई दी और अपने भाषण में माता से आग्रह किया कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों के बारे में भी बताएं।

## 23 अमृत सरोवर सुजानपुर के किसानों के लिए बने वरदान

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



विकास खंड सुजानपुर में बनाए गए अमृत सरोवर ग्रामीण किसानों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। अमृत सरोवर में किए गए बारिश व बरसात के पानी का भंडारण सिंचाई के काम आ रहा है, वहीं वाटर लेवल ऊंचा होने के साथ लगती भूमि में किए गए पौधरोपण की हरियाली गांव के वातावरण के लिए लाभदायक साबित हो रही है।

मनरेगा योजना के तहत किया जा रहे निर्माण कार्य के चलते ग्रामीणों के लिए भी रोजगार बढ़ रहा है, अब तक दो दर्जन विकास खंड सुजानपुर पंचायतों में अमृत सरोवर का निर्माण करवा चुका है, जबकि इस वर्ष 8 नए अमृत सरोवर के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित हुआ है, जिसको लेकर विकास खंड सुजानपुर ने योजना को अमलीजामा पहनाने को लेकर के लक्ष्य निर्धारित कर लिया।

विकास खंड सुजानपुर में बारिश, बरसात के पानी भंडारण के लिए बनाए जा रहे अमृत सरोवर को लेकर के खंड कार्यालय द्वारा विकास खंड ने सभी पंचायत में लगभग अमृत सरोवर के नाम के तालाबों का निर्माण कर दिया है। इन अमृत सरोवर के निर्माण से वाटर लेवल ऊंचा रहेगा, वहीं इस सरोवर के पानी का भंडारण गांव की भूमि के सिंचाई के लिए भी काम आएगा। ग्रामीण जहां इस पानी से अपने खेतों में हरी-भरी सब्जियां के लिए इस भंडारण पानी का लाभ उठा सकते हैं, वहीं अमृत सरोवर के साथ भूमि की नमी होने के चलते इसके साथ विभाग पौधरोपण भी कर रहा है। विकासखंड सुजानपुर ने वर्ष 2022-23 में 13, वहीं वर्ष 2023-24 में 10 अमृत सरोवर बनाए जबकि इस वर्ष 8 अमृत सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

> 23 अमृत सरोवर लगभग विकास खंड सुजानपुर की सभी पंचायत में बनकर पिछले वर्ष तैयार हो चुके हैं तथा इस वर्ष नए आठ अमृतसरोवर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।
> -किशोरी लाल, विकास खंड अधिकारी

अमृत सरोवर में जहां 25 मीटर के लगभग लंबाई व 15 मीटर चौड़ाई के अलावा डेढ़ मीटर गहराई भूमि के हिसाब से इसका निर्माण हो रहा है। खास बात यह है कि इस सरोवर के निर्माण में सबसे ज्यादा मनरेगा का योगदान हो रहा है, जिससे ग्रामीणों को जहां कार्य मिल रहा है, वहीं यह सरोवर ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं।

## झलान को-ऑपरेटिव सोसायटी के प्रधान बने जगदीश

**अनंत ज्ञान, धनेटा**

उपमंडल नादौन के झलान को-ऑपरेटिव सोसायटी के चुनाव शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुए। इस चुनाव प्रक्रिया की अध्यक्षता को-ऑपरेटिव सोसायटी के इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने की।

चुनाव के दौरान सबसे पहले सदस्यों का चयन किया गया, जिनमें जोगिंदर सिंह, विनोद कुमार, विनोद कुमार शर्मा, रविंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार शर्मा, जगदीश चंद शर्मा और सुखदेव सिंह को शामिल किया गया।



नव निर्वाचित प्रधान कमेटी सदस्यों के साथ।

इन चुने हुए सदस्यों में से प्रधान और उपप्रधान का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया।

चुनाव परिणाम के अनुसार, सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से जगदीश चंद शर्मा को झलान को-ऑपरेटिव सोसायटी का प्रधान चुना, जबकि सुखदेव सिंह को उपप्रधान के रूप में नियुक्त किया गया।

उनके चयन के उपरांत उपस्थित सदस्यों और गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी। सोसायटी के सचिव अमित गोस्वामी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधान पद पर निर्वाचित होने के बाद जगदीश चंद शर्मा ने अपने संबोधन में सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि वे सोसायटी के कल्याण और विकास के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि सोसायटी को सशक्त बनाने और सभी सदस्यों के हित में कार्य करने के लिए वे पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। सोसायटी के सदस्यों ने जगदीश चंद शर्मा के नेतृत्व में संगठन की प्रगति और विकास की उम्मीद जताई। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## मातृत्व दिवस पर बच्चों की माताओं ने प्रतियोगिताओं में लिया हिस्सा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

न्यू गुरुकुल पब्लिक स्कूल गोपाल नगर, हमीरपुर में मातृत्व दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय की प्राथमिक विभाग की अध्यापिका किरण शुक्ला रहीं। प्रधानाचार्य रवींद्र पुरी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

इस कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनमें प्रमुख तौर पर फनी डांस, झमाकड़ा भांगड़ा, तथा शोशल मीडिया से संबंधित नृत्य आदि प्रमुख रहे। इस अवसर पर बच्चों की माताओं के लिए भी अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनमें से थ्रो बाल, बिंदी पोस्टर, इनआउट गेम, बैलून ब्लास्ट, म्यूजिकल चेयर, पेपर डांस आदि प्रमुख रहीं। सभी माताओं ने इन गतिविधियों में बड़े ही उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में प्रधानाचार्य रवींद्र पुरी ने नारी शक्ति को मातृ दिवस की शुभकामनाएं प्रदान की तथा उनका आभार व्यक्त किया।

## वित्तीय लाभ न मिलने से पेंशनरों में रोष, बोले-सरकार शीघ्र जारी करे लाभ

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

▶ **खंड इकाई का किया सर्वसम्मति से विस्तार**

हिम आंचल पेंशनर्स संघ खंड इकाई सुजानपुर टिहरा की मासिक बैठक शनिवार को महासचिव दविंद्र रांगड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें सरकार द्वारा पेंशनरों के रोके गए वित्तीय लाभों की देरी के लिए भारी रोष है तथा सरकार से अतिशीघ्र बढ़े हुए वेतनमानों की राशि जो कि वर्ष 2016 से 2022 तक सेवानिवृत पेंशनर्स को देय है और बढ़े हुए महंगाई भत्तों की सभी किस्तों को शीघ्र दिए जाने का पुरजोर आग्रह किया गया।

विभिन्न विभागों में जो चिकित्सा बिल लंबित पड़े हैं, उनका भुगतान शीघ्र किए जाने का आग्रह किया गया। अतः खंड इकाई का विस्तार भी सर्वसम्मति से किया गया जिसमें पंडित वेद प्रकाश को खंड का मुख्य संरक्षक व जैसी राम विमल को सह संरक्षक, प्रदीप शास्त्री को उपाध्यक्ष रमेश धीमान को उपमहासचिव प्रकाश चौधरी, उपकोषाध्यक्ष भुवनेश धीमान, वरिष्ठ परामर्शदाता कृष्ण स्वरूप को मीडिया प्रभारी व प्रकाश चंद वार्ड नंबर 7 को सह-मीडिया प्रभारी, मस्त राम चैधरी को संयोजक तथा प्रेम चंद व मेहर सिंह को प्रचार-प्रसार प्रभारी बनाया गया। सभी पेंशनर्स ने इस बैठक में अपने विचार रखे।

**आयोजन** हिम अकादमी स्कूल विकास नगर में मॉडल यूनाइटेड नेशन का पांचवां संस्करण आयोजित

## बुद्धिमत्ता, कूटनीति और वैश्विक सहयोग का दिखा संगम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर में 10 और 11 मई को बुद्धिमत्ता, कूटनीति और वैश्विक सहयोग का भव्य संगम देखने को मिला, जहां विद्यालय ने मॉडल यूनाइटेड नेशन्स के पांचवें संस्करण हैप्समन का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हिम अकादमी विकास नगर व हीरानगर, टॉन्गलेन स्कूल धर्मशाला, कैंब्रिज स्कूल पालमपुर सहित विभिन्न विद्यालयों के लगभग 400 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

विद्यार्थियों ने 12 वैश्विक समितियों में भाग लेते हुए शरणार्थी संकट, पर्यावरण सुरक्षा, वैश्विक असमानता, और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों पर गहन चर्चा की। पांचवें संस्करण में हिमाचल प्रदेश विधानसभा कमेटी पहली बार मॉडल यूनाइटेड नेशन में शामिल किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र पीयूष पंडित मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने एम्युनिटी इंटरनेशनल का प्रतिनिधित्व किया करते हुए महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। उन्होंने भारतीय सैनिकों की सकुशलता की कामना करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे भावी नेताओं के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।



कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के 400 छात्रों ने लिया भाग।

आयोजन में विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी प्राकृत लखनपाल, संगीता ठाकुर, दीपा शर्मा, रीटा परमार तथा सादिक श्रेय निरंकारी और ओजस्विनी शर्मा का विशेष योगदान रहा। इसके साथ ही रिशित शर्मा का ऑर्गेनाइजेशन कमेटी में बहुमूल्य योगदान दिया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में वैश्विक नागरिकता, कूटनीतिक कौशल, नेतृत्व और सहयोग की भावना को मजबूती प्रदान की।

# सराज में अफीम के 1400 अवैध पौधे बरामद

**सुनील शर्मा, गोहर।** सिराज विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जैसला के गांव जैशला में एक व्यक्ति ने अवैध रूप से अपने खेतों में अफीम के पौधे उगाए थे, जिसकी सूचना पुलिस को प्राप्त हुई। पुलिस ने मौके पर जाकर के गांव में मलकीयत भूमि ठाकुरदास सन ऑफ भदरू राम गांव जैसला के खेत से 1400 अफीम के पौधे कब्जे में लिए। पुलिस ने एनडीपीएस के तहत ठाकुर दास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि डीएसपी करसोग गोरवजीत सिंह ने की है। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### बैंक घोटाला मामले में 3 अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट दायर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक सोलन के तीन वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ अनियमितताओं का मामला सामने आया है। स्थानीय निवासी अभय शर्मा की शिकायत पर पुलिस थाना सदर सोलन में दर्ज मामले में बैंक अधिकारियों पर नियमों की अनदेखी और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स (बीओडी) के निर्देशों का पालन न करने का आरोप है। इस मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ माननीय न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। अभय शर्मा ने 7 सितंबर 2022 को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने 2019 में बघाट बैंक से एक करोड़ 35 लाख रुपए का ऋण लिया था, जिसके एवज में अपनी जमीन गिरवी रखी थी। कोविड-19 महामारी के कारण वह किस्तें चुकाने में असमर्थ रहे। इस दौरान बैंक ने सरफेसी एक्ट-2012 के तहत नोटिस जारी किया और 12 मई 2022 को उनकी जमीन की नीलामी कर दी। हालांकि, 18 मई 2022 को बैंक के बीओडी ने नीलामी रद्द करने का आदेश दिया था। इसके बावजूद, बैंक अधिकारियों ने नीलामी को रद्द नहीं किया और अगस्त 2022 में जमीन का सेल सर्टिफिकेट जारी कर दिया। शर्मा से मुकदमे के नाम पर 57 लाख रुपए वसूलने के बाद भी उनकी जमीन दिल्ली की एक फर्म को बेच दी गई, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ। पुलिस जांच में पाया गया कि बैंक के अधिकारियों ने नियमों की अनदेखी की और बीओडी के निर्देशों का पालन नहीं किया। इस मामले में तीन आरोपी अधिकारियों नंद लाल चौहान (52, एजीएम, बघाट बैंक), भूपेंद्र कुमार (56, डीजीएम, बघाट बैंक) और राजकुमार (53)–के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 41 (1) के तहत नोटिस जारी किया गया। जांच के बाद उनके खिलाफ चार्जशीट तैयार कर न्यायालय में पेश की गई है। अभय शर्मा ने न्याय की उम्मीद जताते हुए कहा कि उनकी मेहनत की कमाई को गलत तरीके से हड़पने वालों को सजा मिलनी चाहिए। मामले की सुनवाई अब न्यायालय में होगी, और जनता की निगाहें इस पर टिकी हैं।

### उपायुक्त कार्यालय शिमला में किया आपातकालीन संचालन केंद्र स्थापित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार के आदेशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, उपायुक्त कार्यालय शिमला में एक आपातकालीन संचालन केंद्र स्थापित किया गया है, जो छुट्टियों सहित 24x7 सक्रिय और चालू रहेगा। जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने बताया कि आपातकालीन संचालन केंद्र में टोल फ्री नंबर 1077 या 0177-2800880 पर किसी भी आपदा की स्थिति में संपर्क किया जा सकता है।

# राज्यपाल ने केंद्र के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के दिए निर्देश

## सभी धर्मों के लोगों के साथ की बैठक, सीएम सुक्खू भी रहे मौजूद

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

भारत-पाक बीच तनाव को देखते हुए हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजभवन में सभी धर्मों के लोगों के साथ एक आवश्यक बैठक की। बैठक में सभी धर्मों के लोगों ने भाग लिया और पाकिस्तान की नापाक हरकतों की कड़े शब्दों में निंदा की तथा आतंकवाद के खिलाफ भारत की सैन्य कार्रवाई की प्रशंसा की।

राज्यपाल ने बैठक में सभी प्रदेशवासियों से संकट की घड़ी में एकजुट होकर सेना का साथ देने और किसी भी प्रकार का पैनिक न करने का आह्वान किया। साथ ही सभी से सरकारी आदेशों की अनुपालना करने और संयम बनाए रखने की अपील की। यह बैठक केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेशों पर बुलाई गई थी, इसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारी भी शामिल हुए।

बैठक में आलाधिकारियों को केंद्र से जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग किसी भी तरह की दहशत में न आए और ऐसे किसी स्थिति बनने से पहले ही लोगों को जागरूक किया जाए, ताकि उन्हें कोई संशय न रहे। यह बैठक करीब दो घंटा चली, जिसमें सभी धर्मों के लोगों ने कंधा से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प दोहराया।

उसके बाद राज्यपाल शुक्ल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आरंभ ऑप्रेशन सिंदूर राष्ट्रीय गौरव के प्रतीक के रूप में सामने आया है। (अनंत ज्ञान)



शिमला में सभी धर्मों के साथ बैठक करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, साथ हैं सीएम सुक्खू।

### भारतीय सेना प्रशंसा की पात्र

**भारतीय** सेना की इस निर्णायक कार्रवाई की जितनी प्रशंसा की जाए, उतनी कम है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने हाल ही में निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्याओं के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को करारा जवाब दिया है। हमें अपनी सशस्त्र सेनाओं पर गर्व है।

### आतंकवादी ठिकानों को किया सटीकता के साथ ध्वस्त

**राज्यपाल** ने कहा कि भारतीय सेना ने सीमा पार आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाते हुए सटीकता के साथ पाकिस्तान के निर्दोष नागरिकों को नुक्सान पहुंचाए बिना इस ऑप्रेशन को अंजाम दिया है।

### ऑपरेशन सिंदूर ने देश की संप्रभुता का संकल्प दोहराया

**राज्यपाल** ने कहा कि ऑप्रेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं है, बल्कि भारत की संप्रभुता, रणनीतिक शक्ति और आतंकवाद के विरुद्ध अडिग संकल्प का प्रतिनिधित्व करता है।

# 14 से 16 मई के बीच 12वीं और 10वीं का रिजल्ट होगा आउट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

- मूल्यांकन का काम पूरा अध्यापक तबादलों की वजह से हुआ चार-पांच दिन लेट
- रिजल्ट घोषित करने तक कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द

हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड के प्लस टू और मैट्रिक के दोनों रिजल्ट्स पिछले साल के मुकाबले 15 दिन देरी से निकलेंगे, लेकिन गनीमत यह है कि अध्यापकों के तबादलों के बावजूद यह दोनों रिजल्ट्स 14 और 16 मई के दरमियान घोषित हो ही जाएंगे। सबसे पहले प्लस टू का रिजल्ट निकलेगा और उसके एक दिन बाद मैट्रिक का रिजल्ट भी घोषित कर दिया जाएगा। दोनों रिजल्ट लगभग ओके हो रहे हैं। स्कूल शिक्षा बोर्ड इस पर कड़ी मशक्कत कर रहा है। इस बारी कुछ पेपर्स लीक हुए, जिस कारण उनकी परीक्षा तमाम पेपर्स के खत्म होने के बाद आयोजित की गई थी।

यही नहीं जिस समय पेपर मार्किंग का काम चल रहा था, तो इस कार्य में लगे कई अध्यापकों के तबादले हो गए। जिस कारण इसका असर मूल्यांकन के सिस्टम पर भी पड़ा। यही नहीं, स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव के पद भी किसी और की तैनाती के आदेश होने से कुछ दिनों तक ऊहापोह की स्थिति बनी रही। मगर अंत में विशाल शर्मा ही सचिव के पद पर बनाए रखे गए।

याद रहे, बोर्ड ने पिछले साल दसवीं का नतीजा 29 अप्रैल को घोषित किया था। इस बार भी 10 मई को घोषित करने का ऐलान किया गया था। शनिवार, रविवार व सोमवार को भी बोर्ड के अधिकारी/कर्मचारी रिजल्ट बनाने की तैयारीयों में जुटे हुए हैं।



### क्या कहते हैं बोर्ड सचिव

**बोर्ड** के सेक्रेटरी विशाल शर्मा का कहना है कि कोशिश जारी है, लेकिन जिन टीचर्स की वजह से पेपर लीक हुए थे, उसका खामियाजा बोर्ड को पहले ही भूतना पड़ा है। मार्किंग के समय कुछ अध्यापकों के तबादले हो गए, जिस कारण भी थोड़ी देरी हुई। मार्किंग का काम मुकम्मल हो चुका है अब केवल मार्कशीट्स और डिजिलॉकर पर चढ़ने का काम शुरू किया गया है।

# सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करे जनता : प्रतिभा सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने प्रदेश के लोगों से भारत पाकिस्तान के मध्य चल रहे तनाव के मद्देनजर सरकार के सभी दिशानिर्देशों का पालन करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि देशहित व अपनी सुरक्षा के लिए सभी को सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए।



प्रतिभा सिंह ने कहा कि भारतीय सेना पाकिस्तान के किसी भी हमले को विफल करने व उसे इसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिये पूरी मुस्तैद है और पूरा देश एकजुटता के साथ सेनाओं के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस देश मे पाकिस्तान प्रायोजित आंतकवाद के खिलाफ केंद्र सरकार के हर एक फैंसले के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि देश को अपनी तीनों सेनाओं पर गर्व है जो देश की रक्षा के लिये पाकिस्तान के नापाक इरादों को ध्वस्त कर रही है।

प्रतिभा सिंह ने लोगों से भारत पाकिस्तान के तनाव से जुड़ी किसी भी प्रकार की अफवाह से दूर रहने, गलत व झूठी अफवाहों के प्रति सचेत रहने का आह्वान करते हुए कहा है कि किसी को भी सोशल मीडिया में सरकार द्वारा जारी सूचनाओं का ही आदान करना चाहिए।

### पाकिस्तान को उसकी करनी का मिलेगा फल

**उन्होंने** कहा कि पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ किसी भी लड़ाई के लिए सरकार के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान को उसकी करनी, निर्दोष लोगों की हत्या व देश मे आंतकवाद फैलाने के लिये कभी माफ नही किया जा सकता।

# सेना ने अधिकांश खतरों को किया निष्क्रिय: कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने अधिकांश खतरों को सफलतापूर्वक निष्क्रिय किया है। भारतीय सेनाओं ने त्वरित और सुनियोजित जवाबी हमले किए हैं। तकनीकी प्रतिष्ठान, कमांड और कंट्रोल केंद्र, रडार साइट्स और हथियार भंडारों को चुनकर निशाना बनाया गया। रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहमयार खान, सुक्कूर और चुनियांन स्थित पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर एयर लॉन्चिंग सटीक हथियारों और लड़ाकू जेट से प्रहार किए गए। पसरुर रडार साइट और सियालकोट स्थित एविएशन बेस को टारगेट किया गया। उन्होंने कहा कि चिंता का विषय यह है कि पाकिस्तान ने लाहौर से उड़ान भरने वाले नागरिकों की आड़ लेकर अंतरराष्ट्रीय हवाई मार्गों का दुरुपयोग किया। ऐसी चालों ने भारतीय वायु प्रतिरक्षा तंत्र को नागरिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अत्यधिक संयम के साथ कार्य करने के लिए विविश किया। कश्यप ने पाकिस्तानी सेना की गोलाबारी में 25 पंजाब रेजिमेंट के सूबेदार मेजर पवन कुमार की शहादत पर शोक व्यक्त करते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश के शाहपुर के सिहोलपुरी निवासी सूबेदार मेजर पवन जरियाल (48) पुत्र गरजो सिंह बलिदान हो गए हैं। जिसका उन्हें बेहद अफसोस है।

# हिमाचल के लाल की अदम्य वीरता और सर्वोच्च बलिदान को शत-शत नमन : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



> देश की सेना पाकिस्तान को दे रही करारा जवाब

> हमारे सुरक्षा कवच को भेद पाना पाकिस्तान के बस की बात नहीं

प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने हिमाचल के लाल सूबेदार मेजर पवन कुमार जरयाल के बलिदान पर गहरा शोक प्रकट करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सूबेदार मेजर पवन कुमार की अदम्य वीरता और सर्वोच्च बलिदान की गाथा हमेशा गाई जाएगी। हिमाचल समेत संपूर्ण राष्ट्र को उन पर गर्व है।

जयराम ने शिमला से जारी बयान में कहा कि उनके पिता गरजो सिंह की बात की उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि उनका बेटा देश के काम आया। धन्य हैं ऐसे पिता और उनकी बलिदानी संतान। जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में अपनी पीढ़ियां लगाने वाले ऐसे परिवार को वह शत-शत नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान द्वारा यह लड़ाई हम पर थोपी गई है। हमारे बेकसूर लोगों को मारने का जो पाप पाकिस्तान ने किया है उसकी उन्हें सजा मिल रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देश के लोगों को हमारी सेना पर पूरा भरोसा है, हमारे नेतृत्व पर पूरा भरोसा है। पाकिस्तान हमारा बाल भी बांका नहीं कर सकता है। पूरी दुनिया आज भारत का रण कौशल देखकर चकित है। भारत का आत्म रक्षा उपकरण, एयर डिफेंस का नेटवर्क देखकर अचरज में है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के हर छोटे-बड़े हमले नाकाम हो रहे हैं। भारत अब पाकिस्तान के प्रमुख सुरक्षा प्रतिष्ठानों को तबाह कर चुका है। उनके कई एयर बेस, एयर डिफेंस सिस्टम को बर्बाद कर चुका है।

# सेना की एयर स्ट्राइक आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक प्रहार : नैंसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



> ‘ऑपरेशन सिंदूर’ ने दुश्मन के दांत किए खट्टे, आतंकवाद का खात्मा होकर रहेगा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने बयान जारी करते हुए कहा कि पहलगाम हमले में वीरगति को प्राप्त हुए आम नागरिकों के बलिदान को भारतीय सेना ने जिस प्रकार आतंकवाद के खिलाफ कड़ा उत्तर देकर श्रद्धांजलि अर्पित की है, वह संपूर्ण देशवासियों के मन में गर्व और आत्मबल भरने वाला है।

उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) इस साहसी और स्वागतयोग्य निर्णय का समर्थन करती है। सेना मिशन सिंदूर की सराहना करती है और इसे देश की सुरक्षा नीति में एक नया अध्याय लिखा जाएगा।

### विद्यार्थी परिषद का हर एक कार्यकर्ता सैनिकों के साथ

**नैंसी** अटल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा के लिए कटिबद्ध है और समय आने पर देश के सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होने के लिए तैयार है। यह केवल संगठन की विचारधारा नहीं, बल्कि हर कार्यकर्ता की प्रतिबद्धता है।

# पांगी को पहला प्राकृतिक खेती उपमंडल घोषित करने की मंजूरी

## प्राकृतिक पद्धति से उत्पादन को मिलेगा प्रोत्साहन, बाजार में मिलेंगे बेहतर दाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सतत् व रसायन मुक्त कृषि को प्रोत्साहित करने को राज्य मंत्रिमंडल ने चंबा जिला के पांगी को राज्य का पहला प्राकृतिक खेती उपमंडल घोषित करने को मंजूरी दे दी है। इसका मकसद राज्य में प्राकृतिक खेती पारिस्थितिकी प्रणाली को मजबूत करना है।

सरकार द्वारा पांगी घाटी में प्राकृतिक खेती पद्धति अपनाने वाले किसानों को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) स्थापित किया जाएगा। यह संगठन प्राकृतिक पद्धति से उगाए गए उत्पादों के विपणन में सहायता प्रदान करने, फसल उत्पादन में अंतराल को दूर करने, प्राकृतिक उत्पादों की आपूर्ति और उत्पादन का समुचित प्रबंधन और उपज के लिए प्रभावी ग्रेडिंग, पैकेजिंग और बाजार लिंकेज सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### पांगी के युवाओं को मिलेंगे रोजगार के नए साधन

**प्राकृतिक** खेती को और बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने पांगी क्षेत्र में प्राकृतिक खेती से उगाई गई जौ को 60 रुपए प्रति किलो ग्राम के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने की घोषणा की है। इस पहल से पांगी जैसे दुर्गम क्षेत्रों में स्थानीय युवा और कृषक वर्ग पर्यावरण हितैषी प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित होंगे और इन युवाओं को आजीविका का एक स्थायी साधन उपलब्ध होगा।

### पांगी की अर्थव्यवस्था को बनाएंगे मजबूत

**बताया** गया है कि यह कदम पांगी की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मील पत्थर साबित होगा। किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पांगी क्षेत्र में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के लिए 5 करोड़ रुपए का रीवालिंवग फंड देने की घोषणा की है।


### प्राकृतिक उपज के लिए बाजार तक बनाएंगे पहुंच आसान

**प्रदेश** सरकार की तरफ से शनिवार को जानकारी दी गई है कि एफपीओ से किसानों को उनकी प्राकृतिक उपज के लिए बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलने के साथ-साथ उपयुक्त बाजारों तक पहुंच सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर सीईटीएआरएएनएफ प्रणाली के तहत किसानों के समूहों को विकसित और प्रमाणित किया जाएगा, इस प्रणाली को राज्य भर में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के लिए अपनाया गया है। इन प्रयासों से बड़े क्षेत्र प्रमाणन (एलएसी) का मार्ग प्रशस्त होगा, जिसमें एक ही क्षेत्र में रसायन-मुक्त खेती को अनिवार्य किया गया है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए, राज्य सरकार ने पांगी घाटी में भागीदारी गारंटी प्रणाली के तहत एलएसी प्रमाणन के लिए एक समिति का गठन किया है। इस समिति को प्रमाणन प्रक्रिया शुरू करने के लिए विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का कार्य सौंपा गया है।

# ‘ऑपरेशन सिंदूर’ ऐतिहासिक सफलता, पूरा देश सेना और सरकार के साथ खड़ा : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा है कि आतंकवाद आज भारत के लिए एक भयानक संकट बन चुका है, जो देश की प्रगति और विकास में गंभीर बाधाएं उत्पन्न कर रहा है। ऐसे में भारत सरकार द्वारा चलाया गया ‘ऑपरेशन सिंदूर’ एक अत्यंत सफल और ऐतिहासिक कदम साबित हुआ है।



उन्होंने शनिवार को एक बयान में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिस कुशलता और रणनीति से 9 आतंकवादी ठिकानों पर कार्रवाई की गई, वह सैन्य इतिहास का एक गौरवपूर्ण अध्याय बन गया है। उन्होंने भारतीय सेना की इस वीरता और दृढ़ संकल्प के लिए पूरे देश की ओर से उन्हें बधाई दी।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के उस बयान की सराहना की, जिसमें उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ राज्य को एकजुट होने की आवश्यकता बताई है। शांता ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला का यह स्वीकार करना कि बिना स्थानीय सहायता के आतंकवाद संभव नहीं है, एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि अब समय बातचीत का नहीं, बल्कि निर्णायक कार्रवाई का है। पाकिस्तान की हरकतों के खिलाफ देश को एकजुट होकर खड़ा रहना चाहिए।

उन्होंने हिमाचल प्रदेश के कर्मचारी संगठनों से अपील करते हुए कहा कि इस समय सरकार से किसी भी प्रकार का संघर्ष उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि जब हमारे जवान सीमा पर अपने प्राणों की आहुति दे रहे हैं, तब देशवासियों का यह राष्ट्रीय कर्तव्य है कि वे एकजुट होकर सरकार को हरसंभव सहयोग दें।

# बीएसएल जलाशय से महिला का शव बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर स्थित बीएसएल जलाशय में शनिवार को 55 वर्षीय महिला का शव बरामद हुआ है। महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट शुक्रवार देर शाम को सुंदरनगर थाना में दर्ज हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

जानकारी के अनुसार सुंदरनगर थाना के तहत गांव रडू निवासी नागेश्वरी देवी पत्नी राम सिंह शुक्रवार शाम करीब 4 बजे से घर लापता थी। बताया गया है कि महिला पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से बीमार थी। जब महिला शाम तक घर न लौटी तो परिजनों ने उसकी हर जगह तलाश की। जब कहीं कोई जानकारी न मिली तो उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई। शनिवार सुबह जलाशय किनारे से जा रहे लोगों ने पानी में एक शव को बहते देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

# भारत तुर्की से सेब व अन्य वस्तुओं के आयात पर लगाए प्रतिबंध : राठौर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

> आपात समय में भारत ने की बड़ी मदद, बदले में दे रहा दगा

तुर्की के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। आम वर्ग से लेकर राजनीतिज्ञ तक अपने गुस्से का इजहार कर रहे हैं।



बाकायदा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता व ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने केंद्र सरकार से तुर्की से आयात होने वाले सेब पर तुरंत प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि जब 2023 में तुर्की में विनाशकारी भूकंप आया था, तो भारत ने एनडीआरएफ और सहायता के साथ अंकारा की सहायता करने वाला पहला देश बनने के लिए ऑपरेशन दोस्त शुरू किया था।

उन्होंने कहा कि भारत ने मलबे में फंसे लोगों की मदद के लिए गरुड़ एयरोस्पेस ड्रोन भेजे और दवा और भोजन ले जाने के लिए संशोधित किसान ड्रोन भेजे। अब उसी कृतघ्न देश ने ऑपरेशन दोस्त के लिए धन्यवाद देने के बजाय हमारे देश को छुरा घोंपा है, क्योंकि तुर्की के ड्रोन हमारे दुश्मन की सैन्य मदद करके भारत के खिलाफ पाकिस्तान के झुंड में शामिल हो गए हैं।

### तुर्की के साथ हर संबंध को तोड़ा जाए

**राठौर** ने केंद्र से तुर्की से सेब और अन्य वस्तुओं के आयात पर तुरंत प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए कहा है कि इस कृतघ्न का सबक सिखाने के लिए भारत को तुर्की के साथ पर्यटन और उससे जुड़ी वस्तुओं का बहिष्कार करना चाहिए


**डिमांड** | कुल 31 हैं न्यासी; इनमें विशेष आमंत्रित की संख्या 19, आयुक्त ने सरकार को भेजा मामला

# दियोटसिद्ध मंदिर के ट्रस्टियों को भी चाहिए भत्ता

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

उत्तर भारत की प्रमुख सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध के ट्रस्टियों को भी भत्ता चाहिए है। इसमें विशेष आमंत्रित न्यासियों को भी इस श्रेणी में शामिल करने की योजना है। इसीलिए ट्रस्ट के आयुक्त और हमीरपुर के डीसी अमरजीत सिंह ने मामले को सरकार के पाले में डाल दिया है। अब सरकार को ही यह फैसला लेना है कि मंदिर के न्यासियों को मानदेय या भत्ता देना है या नहीं? कितना देना है, यह भी सरकार ही फैसला करेगी। बता दें, कि ट्रस्ट का गठन पिछले साल 22 नवंबर को हुआ था।

उसके बाद से यह ऊहापोह की स्थिति बरकरार है। मंदिर अधिनियम के मुताबिक कुल 25 सदस्यों की नामजदगी हो सकती है। लेकिन इस बार क्योंकि विशेष आमंत्रित सदस्यों की संख्या नॉर्मल सदस्यों से ज्यादा है और यह 19 पहुंचाई गई थी, इसीलिए शुरू से ही सवाल भी खड़े होते रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



दियोटसिद्ध मंदिर परिसर।

### क्या कहते हैं डीसी अमरजीत सिंह



**इधर,** हमीरपुर के डीसी और मंदिर ट्रस्ट के आयुक्त अमरजीत सिंह का कहना है कि डिमांड आई थी, उनकी प्रपोजल को सरकार को भेज दिया गया है। सरकार ने ही अब स्वीकृति देनी है, क्योंकि फिलहाल नियमों में ऐसा प्रावधान था नहीं, इसीलिए सरकार को मामला भेजा गया है।

### क्या है विवाद

**दरअसल** में पिछले कुछ सालों से इस मंदिर में न्यासियों को मंदिर में किसी कार्य से आने के लिए बता दिया जाता था, लेकिन इसे किन्ही विभागों की वजह से पिछले ट्रस्ट में बंद कर दिया गया था। उसके बाद मामला शांत रहा, लेकिन अब क्योंकि लंबे इंतजार के बाद नया ट्रस्ट पिछले साल नवंबर माह में गठित हुआ था, उसके बाद चुप्पी थी। मगर यह चुप्पी आखिर टूट गई और बैठक में तय हुआ कि सभी सदस्यों को भत्ता मिलना जरूरी है। बैठक में पास हो गया, तो फिर अध्यक्ष के माध्यम से यह मंदिर आयुक्त तक पहुंच गया और अब क्योंकि इस तरह का कोई प्रावधान अधिनियम में है नहीं, इसलिए आयुक्त ने गेंद सरकार के पाले में डाल दी है। गौरतलब यह भी है कि विशेष आमंत्रित सदस्यों को इस तरह का भत्ता देने का पहले भी रिवाज नहीं था। अब क्योंकि नई परंपरा डलने वाली है। इसलिए इसकी शुरुआत की अब इंतजार हो गई है। वैसे मंदिर में न्यासियों को मेलों के दौरान तो बुलाया जाता ही है उनकी कई अलग-अलग स्थानों पर ड्यूटी भी लगती है। इसीलिए आने जाने का खर्च ही वे मांग रहे हैं। बात जायज भी है, लेकिन कितना मिले और क्या इसकी आड़ में यह भत्ता कहीं रूटीन ना बन जाए? जब गए हाजिरी लगाई और भत्ता तैयार। यही सबसे बड़ी दिक्कत है शायद, जो सामने आने वाली है।

## न्यूज ब्रीफ

### विभिन्न स्थानों पर होगी सायरन की टेस्टिंग

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ में रविवार को सुबह 11:00 से 12:00 तक बैजनाथ के विभिन्न स्थानों पर सायरन की टेस्टिंग की जाएगी। एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर ने कहा कि यह टेस्टिंग आपदा राहत के तहत तैयारी की रिहर्सल है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है की डरे नहीं तथा इसे आपदा के समय में प्रयोग में लाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह सायरन जवाहर नवोदय विद्यालय, रेलवे स्टेशन पपरोला, राजकीय महाविद्यालय व आईटीआई बैजनाथ तथा पुलिस थाना तथा अग्निशमन केंद्र की लोकेशन से बजाएं जाएंगे। एसडीएम ने लोगों से अनुपालन करने का आग्रह किया है।

### इंदू नाग मंदिर मेले में होने वाले सभी कार्यक्रम रद्द

**कुलदीप सोनी, नगरी।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए फ्रेंड्स क्लब नगरी ने यह निर्णय किया है कि इस वर्ष 12 , 13 और 14 मई को इंदू नाग मंदिर मेले में होने वाले सभी कार्यक्रम रद्द किए जाते हैं। इस बार मेले में दोनों सांस्कृतिक संध्याएं और दंगल नहीं करवाए जाएंगे। हालांकि फ्रेंड्स क्लब ने मेले की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं सभी नामी ग्रामीण कलाकारों को बुलाने हेतु उन्हें एडवांस में भी पैसे दे चुके हैं इसके साथ ही सभी इंतजाम किए जा चुके हैं लेकिन देश में तनावपूर्ण स्थिति के चलते यह कार्यक्रम करना जनहित में नहीं दिखाई दे रहा है इसलिए देश की सुरक्षा को देखते हुए कोई भी कार्यक्रम नहीं करवाए जाएंगे। नरेंद्र भट्ट ने कहा है कि फ्रेंड्स क्लब पिछले 8 वर्षों से इस मेले का आयोजन कर रहा है लेकिन इस बार भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति चल रही है और फ्रेंड्स क्लब और नगरी की समस्त जनता देश के साथ खड़ी है। वहीं 14 मई को भारत की विजय के लिए हवन पाठ किया जाएगा।

### जय बाबा कड़ाहू महादेव का लगाया वार्षिक भंडारा



**राकेश डोगरा, डरोह।** जय बाबा कड़ाहू महादेव का दूसरा वार्षिक भंडारा कड़ाहू महादेव मंदिर में शनिवार को लगाया गया, जिसमें बहुत से लोगों ने भोजन के रूप में प्रसाद ग्रहण किया। आपको बता दें कि प्रथम वार्षिक भंडारा फरवरी माह के दूसरे शनिवार को होता है। मंदिर के पुजारी रमेश चंद ने कहा कि बाबा कड़ाहू महादेव मंदिर पालमपुर से लगभग 25 किलोमीटर व गढ़ जमूला से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर निचली तरफ स्थित है। यहां पर दूर-दूर से भक्तजन अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने पर माथा टेकने आते हैं। पुजारी ने कहा कि इस मंदिर का इतिहास लगभग 350 वर्ष पुराना है। बाबा जी के मंदिर के साथ साथ भोलेनाथ व हनुमान का मंदिर भी है। मंदिर की सीढ़ियां उतरने पर न्याय के देवता शनिदेव विराजमान हैं। कड़ाहू महादेव मंदिर में बहुत से श्रद्धालु जिन्होंने मन्नत मांगी होती है, पूरी होने पर अपनी गाय, भैंस का दूध व घी जात्तर के रूप में चढ़ाने आते हैं। इस वर्ष से बाबा जी के नाम का छिंज मेला भी शुरू हो चुका है। जोकि थोड़ा नीचे डोहगी में होता है।कड़ाहू महादेव मंदिर में लोग अपने बच्चों के मुंडन कराने आते हैं। इसके साथ यहां पर नवविवाहित जोड़े माथा टेकने आते हैं। जिसने भी इस दरबार में सच्चे मन से मन्नत मांगी उसकी मनोकामना पूर्ण होती है। (अनंत ज्ञान)

### रेहलु में निशुल्क मेडिकल कैंप 13 को

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** रोटरी क्लब शाहपुर, भूतपूर्व सैनिक कल्याण समिति, छिंज मेला कमेटी एवं ग्राम पंचायत रेहलू के सहयोग से रोटरी हैल्थ सेंटर रेहलू में 13 मई को सुबह 10 से सायं 4 बजे तक निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। रोटरी क्लब शाहपुर के सचिव करनैल चैहान ने बताया कि कैंप में फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा के विशेषज्ञ डॉक्टर हड्डी रोग, पित्ते की पत्थरी, हर्निया, अपेंडिक्स, बवासीर आदि सर्जरी संबंधी रोगों इसके साथ कान, नाक, गला रोग सामान्य रोग तथा दंत रोग का इलाज व विशेषज्ञ परामर्श देंगे। कैंप में आने वाले मरीज अपनी पुरानी रिपोर्टस जैसे अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे अवश्य साथ लाए।

# कनोल गांव में सड़क पर लगाए पेवर ब्लॉक उखड़े

## ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल, जताया रोष

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

डाडासीबा से ढलियारा मार्ग पर स्थित कनोल गांव में ग्रामीणों की मांग पर शुरू हुआ लोक निर्माण विभाग द्वारा इस सड़क पर पेवर ब्लॉक बिछाए जा रहे थे, लेकिन जैसे ही एक ओर की सड़क को वाहनों के लिए खोला गया, कुछ ही घंटों में पेवर ब्लॉक उखड़ने लगे और सड़क धंसती हुई दिखाई दी।

**लापरवाही से किया गया कार्य, सरकारी पैसे को किया गया व्यर्थ**



स्थानीय ग्रामीणों ने इस स्थिति को देखते हुए गहरी नाराजगी व्यक्त की है और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि काम में लापरवाही बरती गई है, जिससे जनता की मेहनत की कमाई से खर्च हो रहा सरकारी पैसा व्यर्थ जा रहा है।

### लोक निर्माण विभाग की जवाबदेही कठघरे में

इस मामले ने जहां लोक निर्माण विभाग की जवाबदेही को कठघरे में खड़ा किया है, वहीं ग्रामीणों में भरोसे की एक नई परीक्षा खड़ी कर दी है। लोग अब इस बात पर नजर बनाए हुए हैं कि विभाग कितनी गंभीरता से इस मामले को लेता है।

### निर्माण कार्य की हो निष्पक्ष जांच : ग्रामीण

**इस** संबंध में जब लोक निर्माण विभाग देहरा के अधिशाषी अभियंता सुरेश बालिया से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि, 'यदि ऐसा हुआ है तो इसकी पूरी जांच की जाएगी और ठेकदार से यह कार्य दोबारा करवाया जाएगा।' उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच की जाएं। लोगों का कहना है कि यह सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि रोजाना सैकड़ों लोगों की आवाजाही का मुख्य मार्ग है और इसकी मजबूती से कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

# ब्लैकआउट के नियमों का पालन करें : गुरसिमर सिंह

**भूषण शर्मा, नूरपुर**



एसडीएम गुरसिमर सिंह ने नागरिकों के लिए ब्लैकआउट से संबंधित आवश्यक निर्देश जारी करते हुए अपील की है कि सभी लोग निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन करें और अपने घरों से ही देश की रक्षा में सहयोग दें।

उन्होंने बताया कि ब्लैकआउट के समय सभी नागरिक अपने घरों की सभी लाइटें बंद करें या उन्हें काले कपड़े से ढक दें, ताकि कोई भी रोशनी बाहर न जा सके। खिड़कियों और दरवाजों को अच्छे से पर्दों या चादरों से ढंकना सुनिश्चित करें। मोबाइल, टीवी, कंप्यूटर इत्यादि की स्क्रीन की रोशनी भी कम रखें और घर के भीतर आवश्यक कार्य भी केवल कम रोशनी में ही करें। उन्होंने कहा कि लोग घर की बालकनी या छतों पर न जाएं।

एसडीएम ने निर्देश दिए कि केवल अत्यावश्यक कार्यों या आपातकालीन स्थिति में ही घर से बाहर निकलें और अनावश्यक यात्रा से बचें। वाहन चलाते समय हॉर्न का प्रयोग न करें और धीमी गति से वाहन चलाएं। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि केवल आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहन ही सड़कों पर चलें। उन्होंने लोगों से यह भी अनुरोध किया कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल सरकारी माध्यमों से प्राप्त सूचनाओं पर ही विश्वास करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपात स्थिति की जानकारी तुरंत कंट्रोल रूम नं. +91 189 329 9400 पर स्थानीय प्रशासन को दें और अधिकृत सूचना चैनल चालू रखें। एसडीएम गुरसिमर सिंह ने कहा कि यह सभी निर्देश नागरिकों की सुरक्षा और राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए जारी किए गए हैं, अतः सभी लोग पूरी जिम्मेदारी के साथ इनका पालन करें।

# डाडासीबा झील किनारे दलदल में फंसे मवेशियों का किया रेस्क्यू

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

पांग बांध झील के किनारे आए दिन मवेशी भरे दल-दल में फंस जा रहे है। डेम किनारे चारा चरने के लिए छोड़े जा रहे मवेशी डेम किनारे बने दल-दल में रोजाना फंसने का मसला सामने आया है। इसी क्रम में उक्त मवेशियों को भरे दल-दल से निकालने का काम राजेंद्र कुमार उर्फ शिशु, संजीव शर्मा, प्रिंस आदि सहित अन्य सदस्य की इस मुहिम की इलाके में भूरि-भूरि प्रशंसा भी हो रही है।



दल-दल में फंसे हुए मवेशी।

बताते चलें डेम में पानी न होने के कारण किनारे दल दली मिट्टी होने की वजह से यहां आये दिन मवेशी इसमें फंस जा रहे हैं जिनको निकालने का काम किया। जानकारी देते हुए राजेंद्र कुमार शिशु ने जनता से अनुरोध किया है कि कोई भी व्यक्ति अपने पशुओं को डेम किनारे न छोड़ें क्योंकि लगातार यहां मवेशी दल-दल में फंस कर चोटिल भी हो रहे हैं।

# अफवाहों से बचें, संदेह होने पर डायल करें 1077 : डीसी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि जिले के नागरिक वर्तमान स्थितियों के बीच किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। किसी प्रकार के संशय होने पर टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क करें। सोशल मीडिया हेंडलर्स भी अपुष्ट सूचनाओं को अपलोड न करें, ताकि लोगों के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो।

उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है, ताकि किसी अप्रिय घटना से समय रहते निपटा जा सके। उन्होंने कहा कि लोग आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भरोसा रखें। जिले के नागरिकों को सही और स्पष्ट जानकारी प्राप्त हो, इसके लिए जिला कांगड़ा और एसपी कांगड़ा के सोशल मीडिया पेज पर समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। कांगड़ा जिला में नागरिक सुरक्षा के लिए एक प्लान तैयार किया गया है।

# जीजीडीएसडी महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण



महाविद्यालय में एक प्रेरणादायक पौधरोपण अभियान के दौरान मौजूद विद्यार्थी व साथ हैं अध्यापक और अन्य।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय, राजपुर, पालमपुर के ग्रीन इनिशिएटिव सेल एवं इको क्लब के तत्वावधान में एक प्रेरणादायक पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया।

इस आयोजन का उद्देश्य महाविद्यालय से विदाई ले रहे विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए उनके स्मरणीय क्षणों को एक हरित स्मृति के रूप में संजोना था। प्रत्येक जाने वाले विद्यार्थी ने एक पौधा महाविद्यालय परिसर में रोपित किया, जो उनकी शिक्षण यात्रा और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक बनेगा।

**विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति किया जागरूक**

यह आयोजन महाविद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को जाग्रत करते हैं।

विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. उषा शर्मा और ग्रीन इनिशिएटिव एवं इको क्लब की संयोजक व विभाग के अन्य शिक्षकों ने इस संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन किया।

उन्होंने कहा कि ये अभियान न केवल महाविद्यालय परिसर को हरित बनाएगा, अपितु विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक एवं संवेदनशील नागरिक बनने की प्रेरणा भी प्रदान करेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण, गैर-शिक्षक वर्ग तथा विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# शक्तिपीठों में कम हुई श्रद्धालुओं की संख्या

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष का असर श्रद्धालुओं पर भी दिखने लगा है। जिला कांगड़ा के शक्तिपीठों में इन दिनों भारी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शनों को पहुंचते थे, परंतु जब से भारत-पाक के बीच तनाव बना हुआ है मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या में भारी कटौती देखी जा रही है।

कांगड़ा बज्रेश्वरी देवी मंदिर के वरिष्ठ पुजारी राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि पहले की तुलना में मंदिर में काफी कम संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत-पाक में चले तनाव को लेकर जिस प्रदेश की सरकारें लोगों को हिदायतें दे रही हैं उसी को देखते हुए लोग अपने क्षेत्र में रहना ही उचित समझ रहे हैं, यही कारण है कि श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार कमी दर्ज की जा रही है।

जिला प्रशासन ने श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम मंदिर के कपाट अब शाम 8: 00 बजे व ज्वालामुखी और कांगड़ा के बज्रेश्वरी शक्तिपीठ में पूर्व निर्धारित समय के अनुसार ही कपाट बंद करने के आदेश दिए हैं। कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि प्रशासन हर गतिविधियों पर नजर रखे हुए है।

# फतेहपुर में लोगों को अप्रिय घटना से निपटने के दिए टिप्स



आपदा प्रबंधन पर लोगों को जागरूक करते हुए गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

उपमंडल फतेहपुर के अंतर्गत पड़ती पंचायत हाड़ा के अंबेडकर भवन में आपदा मित्रों का तीन दिन का प्रशिक्षण जिला आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा चलाया गया, जिसमें 300 आपदा मित्रों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें हृदय गति रुकने , करंट लगने या अन्य आपदा आने पर कैसे निपटा जाए के बारे में जानकारी दी गई तथा इन आपदा मित्रों को सशक्त करने के लिए तीन दिन का प्रशिक्षण कैंप लगाया।

जानकारी देते नरेंद्र कुमार एक आपदा मित्र तथा ट्रेनर ने जानकारी देते हुए बताया कि आपदा में चाहे वह किसी भी प्रकार की आपदा चाहे वह भूकंप हो, लैंड स्लाइड या युद्ध में कई लोगों के हताहत होने या मरने के चांस होता है ऐसे में हम उन्हें बेसिक प्रशिक्षण दे रहे है जिसमें खून के बहने को रोकना, करंट लगने पर बचाव करना, घाव होने पर या हड्डी के टूटने पर कैसे पीड़ित की सहायता करना, आग लगने पर प्रभावित की कैसे सहायता करना तथा उनको समय रहते अस्पताल में पहुंचना ताकि पीड़ित की जान को बचाया जा सके।

उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा की जा रही बड़ी पहल है इसमें हर ब्लॉक, पंचायत तथा गांव स्तर पर लोगों को प्रशिक्षित किया जा रहा है जिससे आपदा से लड़ने के लिए लोगों को सशक्त करना है क्योंकि जब आपदा आती है तो सबसे पहले स्थानीय कम्युनिटी लोगों की मदद में सहायक होती है क्योंकि बाहर की मदद आने में एक दो या तीन दिन भी लग सकते है तो अगर अपने गांव में लोग प्रशिक्षित होंगे तो वो समय रहते लोगों की जान को बचा सकते हैं ।

# एबीवीपी भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार : नैंसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश प्रांत मंत्री नैंसी अटल ने धर्मशाला में कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले, जिसमें निर्दोष हिंदू पर्यटकों को निशाना बनाया गया, ने संपूर्ण राष्ट्र की आत्मा को झकझोर दिया है। यह हिंसा न केवल मानवीय मूल्यों के विरुद्ध है, बल्कि भारत की सुरक्षा, अखंडता, सांस्कृतिक चेतना पर सीधा आघात है। इस वीभत्स घटना के पश्चात भारतीय सैन्य बलों द्वारा प्रारंभ की गई निर्णायक कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सरकार के नेतृत्व और सेना के साहस का अभिनंदन करती है।



पत्रकार वार्ता में जानकारी देती एबीवीपी की प्रांत मंत्री नैंसी अटल व साथ हैं अन्य।

यह केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, अपितु भारत की सामूहिक चेतना, राष्ट्रीय स्वाभिमान एवं सुरक्षा नीति की स्पष्टता का प्रतीक है। जिसके चलते देश की वर्तमान स्थिति को देखते हुए इस समय हमारे भारत देश को एवं भारतीय सेना को जनता के सहयोग की जरूरत है फिर चाहे वो मानसिक रूप से हो सोशल मीडिया के माध्यम से हो या फिर जमीनी स्तर पर हो हमें इस समय राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा का परिचय देते हुए सेना को सहयोग देने का काम करना चाहिए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का कहना है कि अगर कोई युवा भारतीय सेना में भर्ती नहीं हो सकता है तो वे विद्यार्थी परिषद की सेना से जुड़कर देश के हित में काम कर सकता है। विद्यार्थी परिषद छात्रहित के साथ साथ समाजहित और राष्ट्रहित में काम करने वाला छात्र संगठन है। विद्यार्थी परिषद का ही कहना है कि आज का छात्र आज का ही नागरिक है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद युद्ध की परिस्थितियों में देश की सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। देश के प्रत्येक कोने में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता वॉलंटियर्स के रूप में काम करने के लिए तैयार हैं।

अभाविप का मानना है कि पाकिस्तान पोषित आतंकवाद एवं उसके सहयोगी तंत्र का समूल नाश करना देश एवं मानवता की स्थायी सुरक्षा के लिए आवश्यक एवं अपरिहार्य है। अभाविप पाकिस्तानी सेना द्वारा भारत की सीमा पर धार्मिक स्थलों एवं नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाकर किए जा रहे हमलों की कड़ी निंदा करती है। इस चुनौतीपूर्ण घड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समस्त देशवासियों से आह्वान करती है कि वे शासन एवं प्रशासन द्वारा प्रसारित निर्देशों का पूर्णतः पालन करें, देश में एकता, संयम एवं समरसता बनाए रखें, और राष्ट्रविरोधी ताकतों के किसी भी षड्यंत्र को सफल न होने दें।

अभाविप के प्रांत मंत्री नैंसी अटल ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के विरुद्ध एक निर्णायक संकल्प है। विद्यार्थी परिषद द्वारा भारतीय सेना के नाम पर अनेकों रक्तदान शिविर आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए विद्यार्थी परिषद रक्तदाताओं की सूची बनाने में जुटी है। एवं शासन प्रशासन का पूरा सहयोग करने के लिए विद्यार्थी परिषद तैयार है।

# महिलाओं ने नारी सशक्तिकरण और राष्ट्र सेवा का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ योल खंड द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी के त्रिशताब्दी जन्मोत्सव पर एक भव्य महिला संगोष्ठी का आयोजन, योल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

कार्यक्रम का संचालन सरिता जी ने किया, जिन्होंने सभी मुख्य अतिथियों का परिचय देते हुए कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया। इस अवसर पर प्रांजल जमवाल ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी पर केंद्रित एक सुंदर कविता प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया।

मुख्य वक्ता सुनीता परिहार (उद्यमी एवं पूर्व बैंक अधिकारी) ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी के जीवन के विविध आयामों को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई जी कुशल शासिका, धर्म की रक्षक, न्याय की प्रतीक और महिला सशक्तिकरण की प्रेरणा स्रोत थीं।

उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को नशे और मोबाइल की लत से बचाकर लोकमाता के जीवन से प्रेरणा लें। इसके साथ मुख्य वक्ता ने वर्तमान स्थिति आपरेशन सिंदूर पर भी बात रखी राष्ट्रीय एकता तथा सुरक्षा को बनाए रखने के सभी प्रयासों को बल प्रदान करने में सहयोग करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. आरती परमार ने कहा कि महिलाएं भारतीय समाज की रीढ़ हैं और लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन उनके लिए एक आदर्श मार्गदर्शक है।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी कांगड़ा विभाग संघचालक भूषण रैना, जिला राष्ट्र सेविका समिति कार्यवाह नर्मदा, जिला कार्यवाह सुधीर, विभाग सेवा प्रमुख अजय, योल खंड कार्यवाह नरेंद्र, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता प्रो. महेश, कर्ण, डॉ. अरुण, अनिल, पूर्व सैनिक शक्ति चंदेल, डोगरा, सतीश, मातृशक्ति से पूनम, डेजी रैना, विजया भट्ठ, बबली रैना, सुमन शर्मा, रीनू जम्वाल, रक्षिता पोदार,अनीता शर्मा, सुषमा परमार, कोमल, अदिति कुल्हारिया, शोभा, सरला राणा तथा अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

यह संगोष्ठी लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के त्याग, न्याय, आदर्श एवं राष्ट्र सेवा की प्रेरणाओं को आत्मसात करने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुई।

**दहशत** पाकिस्तान की बम स्ट्राइक से दहला हिमाचल का सीमावर्ती क्षेत्र

# पठानकोट एयरबेस कैंप से सेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

पठानकोट-हिमाचल सीमा पर दिन-रात पाकिस्तान द्वारा बम स्ट्राइक की, जिससे हिमाचल का क्षेत्र भी दहला। विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत थाना डमटाल के अंतर्गत क्षेत्र में रातभर लगातार पठानकोट एयरबेस कैंप पर धमाकों की आवाज सुनाई देती रही तथा भारतीय सेना द्वारा भी इसका मुंहतोड़ जवाब दिया गया।

आज सुबह गांव मजारा में एक ड्रोन को वायु सेना द्वारा गिरा दिया गया, जिसकी आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी तथा मौके पर डमटाल पुलिस के अधिकारी तथा सीमा सुरक्षा बल सेवा के अधिकारी पहुंचे तथा ड्रोन के अवशेषों को



उपचाराधिन घायल महिला।

आर्मी अपने साथ ले गई। इसके बाद करीब दोपहर के 12:00 बजे लगातार मिसाइल से पाकिस्तान द्वारा अटैक किया गया जिसके चलते पहला धमाका चक्की पुल के पास दुर्गा मंदिर की पहाड़ियों में आकर गिरा, जिसके चलते वहां पर धुएं का गुबार पठानकोट तथा हिमाचल में दूर-दूर तक दिखाई दिया तथा इसकी धमक काफी दूर तक सुनाई दी।

थाना डमटाल के पास ही करीब 500 मीटर की दूरी पर डमटाल पंचायत घर के साथ लगते जंगलों में तीन मिसाइलें गिरी। इन धमाकों के चलते घरों के शीशे तथा पंखे भी नीचे गिर गए जिसमें दो महिलाएं इसमें जख्मी हो गई, जिनका उपचार इंदौरा के सिविल अस्पताल में करवाया जा रहा है। इस मौके पर डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने आम जनता से अपील की के वह अपने घरों में ही रहे तथा दुकानदारों को भी कुछ समय तक अपनी दुकान बंद करके अपने घरों में रहने की सलाह दी। (अनंत ज्ञान)

### विधायक ने जाना घायलों का हाल

**पाकिस्तान** द्वारा पठानकोट के एयरबेस पर निरंतर जारी ड्रोन/मिसाइल आदी हमलों में जो भारतीय सेना द्वारा डिफ्यूज किए जा रहे हैं व कुछ ड्रोन आदी के टुकड़े हिमाचल की सीमा में गिर रहे हैं। ऐसे में घरों के शीशे टूटे हैं दीवारें आदी को क्षति पहुंची है तथा शीशे के टुकड़े से व एक घर मे पंखा गिरने से महिला सुनीता देवी पत्नी रणबहादुर थापा व पूनम पुत्री चंद बहादुर घायल है, जिनका इंदौरा हस्पताल में उपचार चल रहा है। उनका हाल जानने इंदौरा विधायक मलेंद्र राजन अस्पताल पहुंचे तथा डॉक्टर को निर्देश दिए हैं।

# प्राथमिक चिकित्सा के लिए वालंटियर को दी ट्रेनिंग

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नागरिक अस्पताल नगरोटा बगवां में प्राथमिक चिकित्सा के लिए वालंटियर को ट्रेनिंग दी गई। इस ट्रेनिंग में व्यापार मंडल नगरोटा बगवां अस्पताल के स्टाफ वालंटियर फर्स्ट एड के छात्रों , पत्रकार बंधुओं स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारियों टांडा मेडिकल कॉलेज के इंटर्न डॉक्टर्स को फर्स्ट एड की ट्रेनिंग देकर आपातकाल से निपटने के लिए तैयार किया गया। इसी संदर्भ में आज डिग्री कॉलेज में भी ट्रेनिंग दी गई जिसमें कॉलेज का स्टाफ उपस्थित रहा।

इस संदर्भ में पिछले कल नागरिक अस्पताल में मॉकड्रिल का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य खंड नगरोटा बगवां में तैयारियों का जायजा लिया और खंड नगरोटा बगवां के स्टाफ को इस कड़ी लोगों की सहायता एवं प्राथमिक चिकित्सा के लिए तैयार किया गया और सभी स्वास्थ्य संस्थानों को सुदृढ़ करने और किसी भी तरह के आपातकाल से निपटने के लिए तैयार रहने के लिए हर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक उपचार के लिए फर्स्ट एड की ट्रेनिंग दी जाती रही है और हर रोज दी जाएगी। इसके अंतर्गत अब सभी विभागों में प्राथमिक उपचार की ट्रेनिंग दी जाएगी।

खंड चिकित्सा अधिकारी नगरोटा बगवां डॉ. रूबी भारद्वाज ने बताया कि ट्रेनिंग अस्पताल में रोज दी जाएगी ताकि वालंटियर तैयार किया जा सके और जरूरत पड़ने पर उनकी सेवाएं ली जा सकें।


**कार्यालय ग्राम पंचायत पौंटा विकास खण्ड गोपालपुर स्थित सरकाघाट जिला मण्डी (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत पौंटा के अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु निम्न सामग्री के लिए कुटेशन / निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदायें दिनांक 20/05/2025 की अपराहन 5:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं। निर्धारित आवेदन फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से अवकाश के अतिरिक्त किसी भी दिन प्रातः 10 बजे से 5 बजे के बीच प्राप्त किये जा सकते है। कुटेशन / निविदा ग्राम पंचायत में दिनांक 21/05/2025 को 12:30 PM पंचायत कमेटी के समक्ष खोली जाएगी। **सामग्री विवरण-** रेता क्रशर प्रति घन मीटर, रेत प्लांट FINE SAND प्रति घन मीटर, पक्की ईंटे (A,B,C GRADE)- Each no., बजरी क्रशर 10,20,40 MM प्रति घन मीटर, पत्थर (cut stone) size प्रति घन मीटर, सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, JCB मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा, सैटरिंग (भवन, निर्माण / अन्य प्रति Sqr मीटर व रनिंगमीटर, सामग्री ढुलान पर बैग सीमेंट प्रतिकिलोमीटर पर site, Sign Board standred size प्रतिबोर्ड, water coller 20 ltr 40 ltr 80 ltr with fitting and without fitting per, Segregation shed, Concrete/cement Bench in No. Painting and writting of sign Board, Mixture Machine With labour/ With out labour per day. children park items, Play station, see saw, Play ground swings, swings and slides, slides, marry go round, Climbers, Garden Benches, outdoor gym etc. **नियम व शर्तें-** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन न0 GST NO. होना आवश्यक है सिवाए सामग्री ढुलान, Mule Carriage 2. निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर सम्बंधित ग्राम पंचायत के नाम पर भेजनी होगी। 3. निविदादाता को बिल के साथ Valid Transit Pass Form w और × जमा करवाने होंगे। 4. सभी करों का लेन देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। 5. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेसन के अनुरूप होगी 6. दरें अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए। 7. टेम्पू या ट्रेक्टर द्वारा निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. निविदादाता को निविदाएं के साथ मु0 20000/- रु0 अग्रिम/सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे व साथ में मु0 1000 रु (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क सम्बंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे। 9. निविदादाता यदि सामग्री आपुर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी दी गयी सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी व उस की बाजार भाव पर सामग्री क्रय की जायेगी तथा उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी। 10 किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदायें किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत / विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 11. सामग्री राशि की अदायगी TA /JE की पैमाइश के उपरान्त की जायेगी तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass Form w और × होना जरूरी है अन्यथा बिलों की अदायगी नहीं की जाएगी। 12. सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य । निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ Negotiation अनुसार / उपरान्त किया जायेगा। **नोट-** 1.सामग्री कार्यस्थल पर पहुंचानी होगी। 2. नियम व शर्ते पंचायत के अनुरूप रहेगी।

**प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत पौंटा**
**विकास खण्ड गोपालपुर स्थित सरकाघाट जिला मण्डी (हि.प्र.)**

# रिटायरमेंट से दो माह पहले पवन ने पाई शहादत, गांव में मातम

**संजय अग्रवाल, शाहपुर**

जम्मू के राजौरी में शुक्रवार रात पाकिस्तान की गोलीबारी में शहीद हुए कांगड़ा के शाहपुर के जवान सूबेदार मेजर पवन कुमार 25 पंजाब रेजिमेंट में तैनात थे। उनकी शहादत की खबर सुनकर शाहपुर ही नहीं पूरा प्रदेश गमगीन है। उनके गांव में मातम पसरा है।

पवन कुमार की दो महीने बाद रिटायरमेंट होनी थी। पवन कुमार अपने पीछे बेटा-बेटी, पत्नी और माता-पिता को छोड़कर गए हैं। जानकारी के अनुसार उनके पिता गरज सिंह भी सेना से हवलदार पद से सेवानिवृत्त हुए है। उनके पिता गरज सिंह ने उनके बेटे द्वारा पाकिस्तान को करारा जबाव देने पर गर्व से कहा है इसका बदला भी भारतीय सेना लेगी।(अनंत ज्ञान)

## वीडियो कॉल पर परिवार से की थी बात

**सूबेदार** मेजर पवन कुमार ने पाकिस्तान सैनिकों को मुहंतोड़ जबाव देने से उसी रात अपनी बेटी व परिवार के साथ वीडियो कॉल कर उनसे बात की थी। पवन ने अपने परिवार से कहा था कि यहां हलात तनाव पूर्ण हैं, परंतु घबराने की जरूरत नही है सब ठीक है। शुक्रवार रात को जब वे अपने एरिया में गस्त पर थे उस दौरान पाकिस्तान की ओर से अचानक फायरिंग शुरु हो गई जिसमें जबावी कार्रवाई में पवन घायल हो गए। शनिवार जब सेना की ओर से उनके घर फोन आया तो फोन उनके बेटे ने उठाया तथा बताया गया कि उनके पिता को सिर में चोट लगी है, लेकिन बाद में सूचना मिली की पवन शहीद हो गए हैं।

## पवन कुमार ने कहा था मुझे बॉर्डर पर भेजा जाए

**सूबेदार** मेजर पवन कुमार की लास्ट पोस्टिंग अंबाला में हुई थी। हालांकि उन्हें रिटायरमेंट होने के लिए लगभग दो माह का समय शेष बचे थे। ऐसे में सेना द्वारा सैनिक से उनकी मनपसंद जगह में तैनाती करने का ऑफर दिया जाता है। बताया जा रहा है सूबेदार मेजर पवन कुमार की इच्छा थी कि वे बॉर्डर में जाएं जिसके लिए उन्होंने कश्मीर बॉर्डर पर तैनात किए जाने की मांग रखी थी। शहीद सूबेदार मेजर पवन कुमार को पता नही था कश्मीर में उनकी पोस्टिंग होने के बाद भारत-पाक के बीच युद्ध की स्थिति बन जाएगी। हालांकि उनके पिता का कहना है कि जो भगवान को मंजूर था वहीं हुआ है हमें अपने बेटे के बलिदान पर गर्व है, क्योंकि वे खुद एक सैनिक रह चुके हैं।







शहीद हुए पवन कुमार के परिजन विलाप करते हुए और शहीद के पिता गरज सिंह।

## केवल सिंह पठानिया पहुंचे शहीद के घर



**शाहपुर** विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं उपसंचेतक केवल सिंह पठानिया को जैसे ही सूबेदार मेजर पवन कुमार के शहीद होने की जानकारी मिली वे उनके घर पहुंच गए तथा शहीद के पिता से मिलकर उन्हे हौंसला दिया। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि सूबेदार मेजर पवन कुमार के शहीद होने से हम सभी को दुख पहुंचा है, परंतु साथ ही हमें गर्व है कि हमारे क्षेत्र के सैनिक ने पाकिस्तान को कड़ा सबक देते हुए देश की खातिर अपने प्राणों को नौछाबर किया है। उन्होंने कहा कि सूबेदार मेजर पवन कुमार के बलिदान को हम ऐसे नही जाने देंगे इसके लिए पाकिस्तान को ओर कड़ा सबक सिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पवन कुमार एक बहादुर सैनिक थे तथा इसका प्रमाण उन्होंने भारत-पाक जंग में दिया है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा प्रदेश परिवार के साथ है।

## परिजनों को सुबह 9 बजे दी गई पवन के शहीद होने की सूचना

**सूबेदार** मेजर पवन कुमार के शहीद होने की सूचना उनके परिजनों को शनिवार सुबह मिली। शाहपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार से पार्षद शुभम ने बताया कि सेना की ओर से आज सुबह 9 बजे परिजनों को पवन कुमार की शहादत की सूचना दी गई। इसके बाद से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उन्होंने बताया कि अभी राजौरी में शहीद की पार्थिव देह का पोस्टमॉर्टम चल रहा है। इसके बाद पार्थिव देह को पैतृक गांव लाया जाएगा। एसडीएम शाहपुर करतार चंद ने बताया कि पवन कुमार की शहादत की जानकारी परिजनों से मिली है। उन्होंने बताया कि सूबेदार मेजर पवन कुमार 25 पंजाब रेजिमेंट में तैनात थे। उनकी यूनिट से डिटेल्स मांगी जा रही है। इसके अलावा परिवार से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## आंख में आंसू तो पाकिस्तान के खिलाफ दिल में गुस्सा

**सूबेदार** मेजर पवन कुमार के शहीद की सूचना मिलने के साथ ही जिला कांगड़ा व उनके गांव शाहपुर में सनाटा पसर गया। इस कोई सूबेदार मेजर पवन कुमार के घर की ओर दौड़ पड़ा। सूबेदार मेजर पवन कुमार के शहीद होने की सूचना मिलने के बाद कुछ पलों के लिए उनके पिता गरज सिंह की आंखों में आंसू आए गए, परंतु क्योंकि वे खुद एक सैनिक रहे हैं उन्होंने अपने आप को संभालते हुए परिवार के अन्य सदस्यों को भी संभालते नजर आए। सूबेदार मेजर पवन कुमार की पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुला हाल था। गांव की महिलाएं उन्हें संभाले रखा था। शहीद के घर भारी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे।

सूबेदार मेजर पवन कुमार का घर कुछ समय के लिए चींख पुकारों से गूंज उठा। सूबेदार मेजर पवन कुमार की मौत की खबर मिलने पर ही किसी की आंख में आंसू था तो पाकिस्तान के खिलाफ दिल में गुस्सा। शहीद पवन कुमार के पिता गरज सिंह ने नम आंखों से कहा कि उन्हे गर्व है उनके गर्व है उनके बेटे ने अपने देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया है। उन्होंने कहा क्योंकि वे खुदे सैनिक रह चुके हैं तो उनहे पता है सैनिक का काम क्या है। उन्होंने कहा प्रदेश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहा कि पाकिस्तान को मुह तोड़ जबाव देना जरुरी है तथा भारतीय सेना उसके लिए काफी है।

वहीं पवन कुमार के शहीद होने पर युवाओं में पाकिस्तान की इस हरकत को लेकर काफी गुस्सता देखा गया। उन्होंने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाकर शहीद पवन कुमार को श्रद्धांजलि दी।

## न्यूज ब्रीफ

### जेपी नड्डा ने फोन पर शहीद पवन के पिता से की बात

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शाहपुर के शहीद सूबेदार मेजर पवन जरियाल के पिता हवलदार गजराज सिंह से फोन पर शोक व्यक्त किया। जानकारी देते हुए भाजपा नेता कमल शर्मा ने बताया कि नड्डा ने शहीद के परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि केंद्र सरकार शहीद परिवार के साथ खड़ी है। कमल शर्मा ने बताया कि नड्डा के इस कदम से शहीद के परिवार को न केवल सांत्वना मिली है, बल्कि उन्हें यह भी विश्वास हुआ है कि सरकार उनके साथ खड़ी है। शहीद पवन जरियाल की शहादत को देश कभी नहीं भूलेगा और उनके परिवार को हमेशा सम्मान मिलेगा। भाजपा नेता कमल शर्मा ने बताया कि नड्डा के फोन से शहीद के परिवार को सांत्वना मिली है और वे सरकार के समर्थन के लिए आभारी हैं।। शहीद पवन जरियाल की शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने शहीद के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि सरकार उनकी हर संभव मदद करने के लिए तैयार है।

### फायर ब्रिगेड को मिलेगा आधुनिक बहुमंजिला भवन

**अनंत ज्ञान, रामपुर।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रामपुर में फायर ब्रिगेड विभाग को जल्द ही अपना नया और आधुनिक भवन मिलने जा रहा है। तीन करोड़ रुपए की लागत से बने इस बहुमंजिला भवन में विभाग के लिए सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होगी। नए भवन में कर्मचारियों के लिए कार्यालय, आवास और विभागीय वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रीय उच्च रोड पांच पर स्थित यह भवन रामपुर, ननखड़ी और निरमंड उपमंडल के लोगों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में सहायक होगा। वर्तमान में विभाग का कार्यालय हेरिटेज भवन के एक कमरे में संचालित हो रहा है। कर्मचारियों को कार्यालय संबंधी कार्यों को निपटाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग की गाड़ियां सड़क किनारे खड़ी रहती हैं। 2022 में शुरू हुए भवन के निर्माण कार्य में बिजली, पानी, पार्किंग और टाइल्स लगाने का काम पूरा हो चुका है। उपमंडल अग्निशमन अधिकारी कृष्ण सैनी के अनुसार, नए भवन से क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई में मदद मिलेगी और लोगों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी।

### प्रदेश के कई भागों में सप्ताह तक बरसते रहेंगे बादल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कई भागों में बारिश का सिलसिला लगातार जारी है। राजधानी शिमला में आज झमाझम बारिश हुई। जिले के अन्य भागों में भी बारिश दर्ज की गई है। इससे मई में भी ठंड महसूस की जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से राज्य के कई भागों में 16 मई तक मौसम खराब बना रहने का पूर्वानुमान जताया गया है। बीते 24 घंटों के दौरान शिलारू में 43.6, जुब्बड़हट्टी 34.5, कटौला 28.3, जटौन बैराज 22.0, मंडी 21.2, सराहन 19.5, नारकंडा 16.0, शिमला 12.4 व चौपाल में 10.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 10 मई को कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। 11 और 12 मई को निचले पहाड़ी-मैदानी, मध्य पहाड़ी व ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। 13 से 16 मई तक राज्य के मध्य पहाड़ी और ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर हल्की वर्षा के आसार हैं। अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने की संभावना है। इसके बाद अगले 2-3 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान धीरे-धीरे 2-3 डिग्री सेल्सियस गिरने के आसार हैं। अगले 4-5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 3-4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। शिमला में न्यूनतम तापमान 13.6, सुंदरनगर 19.6, भुंतर 17.7, कल्पा 9.2, धर्मशाला 17.2, ऊना 17.7, नाहन 19.7, केलांग 7.7, पालमपुर 19.0, सोलन 16.0, मनाली 13.9, कांगड़ा 21.2, मंडी 19.1, बिलासपुर 20.8, हमीरपुर 21.1, जुब्बड़हट्टी 15.0, कुफरी 11.3, कुकुमसेरी 4.8, नारकंडा 8.5, भरमौर 12.3, रिकांगपिओ 12.3, धौलाकुआं 22.1, बरठीं 20.6, कसौली 18.1, पांवटा साहिब 23.0, सराहन 10.7, ताबो 13.3, बजौरा 18.1 व नेरी में 20.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। राज्य में 1 से 10 मई तक सामान्य से 31 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई है। इस अवधि के लिए 22 मिलीमीटर बारिश को सामान्य माना गया, लेकिन वास्तव में 28.9 मिलीमीटर बारिश हुई। बिलासपुर में सामान्य से 351, हमीरपुर 331, कांगड़ा 123, मंडी 145, शिमला 116, सिरमौर 309, सोलन 269 व ऊना में 89 फीसदी अधिक बारिश हुई। इसी तरह चंबा में सामान्य से 1, किन्नौर 78, कुल्लू 28 व लाहौल-स्पीति में 47 फीसदी कम बारिश हुई है।

## सेवानिवृत्त सैनिक युद्ध में सेवाएं देने को तैयार : जीत सिंह

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**



जानकारी देते हुए भूतपूर्व सैनिक लीग इकाई के सदस्य।

हिमाचल प्रदेश की भूतपूर्व सैनिक लीग नूरपुर के ब्लॉक फतेहपुर की इकाई की बैठक लोक निर्माण विभाग फतेहपुर के विश्राम गृह फतेहपुर में एक बैठक की जिसमें कई भूतपूर्व सैनिकों ने भाग लिया तथा भारत माता की जय, सैनिक लीग जिंदाबाद हमारे सैनिक जिंदाबाद के नारे लगाए ।

जानकारी देते ब्लॉक फतेहपुर के कैप्टन जीत शर्मा ने बताया कि भूतपूर्व सैनिक लीग हमेशा युद्ध में अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार हैं उन्होंने कहा कि सरकार को जब भी हमारी जरूरत महसूस हो हम चौबीस घंटे तैयार है इस संकट की घड़ी में हम देश के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि हमें पहलगाम में जिन आतंकवादियों ने हमारी वहनों का सिंदूर उजाड़ा है हमें उनके सिंदूर का बदलना इन आतंकवादियों तथा इन आतंकवादियों को पनहा देने वाले को खत्म करके लेना है।

वहीं भूतपूर्व सैनिक लीग के ब्लॉक रैहन के सेवानिवृत कैप्टन सिकंदर सिंह ने देश के जवानों से अपील की कि हमें वीरता से लड़ कर जंग को फतेह करना है । उन्होंने कहा कि अपने परिवार की चिंता न करें नूरपुर सैनिक लीग उनके साथ खड़ा है।

वहीं भूतपूर्व सैनिक लीग नूरपुर के कैप्टन हरि सिंह ने जानकारी दी कि इस मुश्किल की घड़ी में लीग युद्ध में लड़ रहे सैनिकों के परिवारों की हर संभव मदद करेगी। सैनिकों के घर में जाकर उनके परिवार के बड़े तथा बच्चों का हाल जानेंगे तथा उनकी हर प्रकार से मदद करेंगे । वहीं उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि अफवाहों पर विश्वास न करे तथा ऐसा कोई भी गलत संदेश फार्वड न करे जिससे लोग पैनिक हों। उन्होंने कहा कि इस समय हम सब का यह फर्ज बनता है कि कोई भी ऐसा कार्य तथा संदेश सोशल मीडिया पर न फार्वड करें जिससे क्षेत्र में डर का माहौल न पैदा हो ।

इस मौके पर क्षेत्र से सरुप सिंह पठानिया, सरुप सिंह पठानिया, जीवन सिंह जरियाल,कैप्टन जसवीर सिंह पठानिया, मोहिंदर सिंह पठानिया के साथ दर्जनों भूतपूर्व सैनिकों ने भाग लिया।

## होटलों में बुकिंग पर दी 50 प्रतिशत की छूट




**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** भारत-पाकिस्तान के बीच चले तनाव के को लेकर धर्मशाला होटल एवं रेस्टोरेंट एशोसिएशन ने बुकिंग पर 50 प्रतिशत की छूट देने का एलान किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी बांमा ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत-पाकिस्तान के बीच चले तनाव के पर्यटप उद्योग प्रभावित हुए है। पर्यटकों का ध्यान व धर्मशाला की ओर करने के लिए होटलों, गेस्ट हाउस व होमस्टे में बुकिंग पर 50 प्रति की छूट करने का निर्णय लिया गया है।

## हैप्पी बर्थडे



शाहपुर के निवासी ओंकार को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## देश सेवा का दें मौका : विश्व चक्षु

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव को लेकर देश के सूरमाओं का साथ निभाने और मां भारती की रक्षा के लिए हिमाचल से बड़ी आवाज उठी है। यह आवाज एडवोकेट विश्व चक्षु ने उठाई, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए एक बड़ा कदम उठाया है।

उन्होंने मौजूदा हालातों को देखते हुए कहा कि जब देश पाकिस्तान के साथ तनावपूर्ण स्थिति का सामना कर रहा है, तो मैं विश्व चक्षु के रूप में अपनी स्वेच्छा से भारतीय सेना की सेवा करने के लिए आगे आया हूं। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय सेना की हर तरह की सहायता करने के लिए तैयार हूं और देश सेवा के लिए हर तरह से तत्पर हूं। अगर मौका मिला, तो मैं सैनिकों के बरतन तक साफ करने के लिए तैयार हूं।

मेरा उद्देश्य देश की सेवा करना है और मैं इसके लिए किसी भी चुनौती का सामना करने को तैयार हूं। देश सेवा की ऐसी भावना लेकर विश्व चक्षु ने सेना प्रमुख को एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने अपनी स्वेच्छा से देश सेवा करने का प्रस्ताव दिया है।

## पवन के बलिदान को रखा जाएगा याद : राजीव

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



शहीद पवन के घर पहुंच शोक व्यक्त करते सांसद भारद्वाज।

भाजपा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने सुबह जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी सेना की गोलाबारी में 25 पंजाब रेजिमेंट के सूबेदार मेजर पवन कुमार की शहादत पर शोक व्यक्त किया है।

शोक व्यक्त करने वह उनके घर पहुंचे जहां उन्होंने उनके परिवार जनों से मुलाकात की। सूबेदार मेजर पवन कुमार कांगड़ा जिला की शाहपुर नगर पंचायत के रहने वाले थे।

डॉ. भारद्वाज कि सूबेदार मेजर पवन कुमार ने देश की एकता और संप्रभुता को बनाए रखने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है और कृतज्ञ राष्ट्र उनके बलिदान को हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा परिवार एवं केंद्र सरकार इस दुख की घड़ी में प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें

### सरकारें इस दुख की घड़ी में प्रभावित परिवार के साथ

हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

इस मौके पर सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से परिवजनों की बात टेलीफोन के माध्यम से भी करवाई। जयराम ठाकुर ने भी सूबेदार मेजर पवन कुमार की शहादत पर शोक व्यक्त किया।

## अजय वर्मा ने कर्मचारियों की सुरक्षा का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



सुरक्षा का जायजा लेने के दौरान मौजूद अजय वर्मा व साथ हैं अन्य।

एचआरटीसी उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने पठानकोट में एचआरटीसी डिपो और स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी हौंसला अफजाई की। उन्होंने पठानकोट डिपो के सभी कर्मचारियों की सुरक्षा का जाय

जा लिया साथ साथ उन्हें देश में चल रही गतिविधियों को लेकर जागरूक रहने को कहा। पठानकोट की परिस्थितों को देखते हुए उन्होंने आम जानता को को असुविधा ना हो इस बारे में अधिकारियों और करमचारियों को विशेष निर्देश भी दिए। इसके साथ उन्होंने स्थानिय लोगो के साथ भी मुलाक़ात की और सरकार और प्रशासन द्वारा जारी किये गए सभी निर्देशों का विशेष रूप से पालन करने को कहा।

एचआरटीसी उपाध्यक्ष ने पाठकोट के चक्की बैंक की वर्कशॉप का भी जायजा किया और यात्रियों से स्वय बात करके उन्हें बस में बैठाया।

उन्होंने कहा की उन्हें देश की बहादुर सेना पर गर्व है और बहुत जल्द चीज़े सामान्य हो जाएगी इसके साथ साथ उन्होंने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया की आपातकालीन स्थिति में एचआरटीसी युद्ध स्तर पर उनकी हर संभव सहायता करेगी। इसमें पठानकोट आरएम राहुल, चालक, परिचालक और अन्य अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में चंबा की युवती ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

सड़क दुर्घटना में घायल चंबा की एक 21 वर्षीय युवती ने उपचार के दौरान डॉ. राजेंद्र प्रसाद मैडीकल कॉलेज टांडा में आज दम तोड़ दिया। पुलिस से मिली सूचना के अनुसार जैनम (21) पुत्री गुलाम रसूल निवासी कुराह को एक अज्ञात स्कूटी चालक 4 मई को टक्कर मारकर फरार हो गया। युवती को पहले उपचार के लिए चम्बा अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद डॉ. राजेंद्र प्रसाद मैडीकल कॉलेज टांडा रैफर कर दिया गया।

उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। चंबा पुलिस के अनुसार पुलिस जांच अधिकारी को पोस्टमार्टम के लिए टांडा भेजा जा रहा है, जहां रविवार को उसका पोस्टमार्टम होगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

**रेस्क्यू** जम्मू-कश्मीर राज्य परिवहन विभाग ने किया बस का प्रबंध

## 39 हिमाचली विद्यार्थी श्रीनगर से हिमाचल के लिए रवाना

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार राज्य सरकार ने जम्मू-कश्मीर में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों की सुरक्षित प्रदेश वापसी की पहल की है। इस दिशा में आज सुबह 11 बजे श्रीनगर में पढ़ रहे 39 हिमाचली विद्यार्थियों को लेकर जम्मू के लिए बस रवाना हुई। इस बस का प्रबंध जम्मू-कश्मीर राज्य परिवहन विभाग द्वारा किया गया था।

यह आशा व्यक्त की जा रही थी कि यह बस शाम 5 बजे तक जम्मू पहुंच जाएगी, लेकिन जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनिहाल के पास भारी यातायात जाम के कारण विद्यार्थियों के पहुंचने में देरी हुई है।

### यातायात जाम के कारण विद्यार्थियों के पहुंचने में हुई देरी

अब अधिकारियों को उम्मीद है कि बस देर सांय जम्मू पहुंचेगी।

हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के प्रबंध निदेशक डॉ. निपुण जिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश सरकार के अधिकारी पंजाब और जम्मू-कश्मीर के अधिकारियों के साथ लगातार समन्वय बनाए हुए हैं। एचआरटीसी की एक बस जम्मू के लिए भेजी जा चुकी है, जो विद्यार्थियों को कांगड़ा जिले के जसूर तक पहुंचाएगी। जम्मू पहुंचने में देरी के कारण विद्यार्थियों को अब कल सुबह जसूर लाया जाएगा।

### आज सुबह विद्यार्थी पहुंचेंगे अपने गंतव्य तक

**मुख्यमंत्री** ने निर्देश दिए है कि सभी विद्यार्थियों की नि:शुल्क प्रदेश वापसी सुनिश्चित की जाए। यात्रा में विलंब के कारण प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों को जम्मू में सुरक्षित रूप से रहने की व्यवस्था की जाएगी। विद्यार्थी कल सुबह जसूर के लिए अपनी यात्रा फिर से शुरू करेंगे। वहां से उन्हें उनके गृहनगर तक पहुंचाने के लिए परिवहन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में शिक्षा ग्रहण कर रहे 40 के करीब हिमाचली छात्रों की सुरक्षित वापिसी सुनिश्चित की जा रही है, इसमें कांगड़ा जिला के 17, मंडी के चार, हमीरपुर के पांच, सिरमौर के चार, कुल्लू से एक, मंडी से तीन, लाहौल से एक, ऊना से एक, बिलासपुर से दो तथा सोलन से दो छात्र शामिल हैं। शनिवार शाम को यह छात्र जम्मू पहुंच गए हैं तथा रविवार सुबह इनको हिमाचल में उनके गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा।

## हिमाचली छात्र जम्मू-कश्मीर से आज सकुशल घर पहुंचेंगे : पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने जानकारी देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में शिक्षा ग्रहण कर रहे 40 के करीब हिमाचली छात्रों को सुरक्षित वापिसी सुनिश्चित की जा रही है, इसमें कांगड़ा जिला के 17, मंडी के चार, हमीरपुर के पांच, सिरमौर के चार, कुल्लु से एक, मंडी से तीन, लाहौल से एक, उना से एक बिलासपुर से दो, सोलन से दो छात्र शामिल हैं। शनिवार शाम को यह छात्र जम्मू पहुंच गए हैं तथा रविवार सुबह इनको हिमाचल में उनके गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा।

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट कर, जम्मू-कश्मीर, विशेष रूप से श्रीनगर में पढ़ाई कर रहे हिमाचली विद्यार्थियों को सुरक्षित वापिस लाने का आग्रह किया।

उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि इन छात्रों के अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा के प्रति चिंतित हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते कहा कि अभिभावकों की चिंता को समझते हुए त्वरित छात्रों को सुरक्षित लाने के लिए कारगर कदम उठाए गए हैं। छात्रों की सुरक्षा और कुशलता राज्य सरकार के लिए सर्वोपरि है। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार इस दिशा में हरसम्भव कदम उठाएगी। यह सभी छात्र एचआरटीसी की बस नंबर एचपी-38एच-1295 के माध्यम से आ रहे हैं तथा इस बस के कंडक्टर जतिन मोबाइल नंबर 9906816445 है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत नबाही विकास खण्ड गोपालपुर स्थित सरकाघाट जिला मण्डी (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत नबाही के अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु निम्न सामग्री के लिए कुटेशन / निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदायें दिनांक 23/05/2025 की अपराहन 5:00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से जमा करवाएं। निर्धारित आवेदन फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से अवकाश के अतिरिक्त किसी भी दिन प्रातः 10 बजे से 5 बजे के बीच प्राप्त किये जा सकते है। कुटेशन / निविदा ग्राम पंचायत में दिनांक 24/05/2025 को 12:30 PM पंचायत कमेटी के समक्ष खोली जाएगी। **सामग्री विवरण-** रेता क्रशर प्रति घन मीटर, रेत प्लांट FINE SAND प्रति घन मीटर, पक्की ईंटे (A,B,C GRADE)-Each no., बजरी क्रशर 10,20,40 MM प्रति घन मीटर, पत्थर (cut stone) size प्रति घन मीटर, सोलिंग/बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, JCB मशीन द्वारा कटान प्रति घंटा, सैटरिंग (भवन, निर्माण / अन्य प्रति Sqr मीटर व रनिंगमीटर, सामग्री ढुलान पर बैग सीमेंट प्रतिकिलोमीटर पर site, Sign Board standred size प्रतिबोर्ड, water coller 20 ltr 40 ltr 80 ltr with fitting and without fitting per, Segregation shed, Concrete/cement Bench in No. Painting and writting of sign Board, Mixture Machine With labour/ With out labour per day. children park items, Play station, see saw, Play ground swings, swings and slides, slides, marry go round, Climbers, Garden Benches, outdoor gym etc. **नियम व शर्तें-** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन न0 GST NO. होना आवश्यक है सिवाए सामग्री ढुलान, Mule Carriage 2. निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर सम्बंधित ग्राम पंचायत के नाम पर भेजनी होगी। 3. निविदादाता को बिल के साथ Valid Transit Pass Form w और × जमा करवाने होंगे। 4. सभी करों का लेन देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। 5. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेसन के अनुरूप होगी 6. दरें अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए। 7. टेम्पु या ट्रेक्टर द्वारा निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. निविदादाता को निविदाएं के साथ मु0 20000/- रु0 अग्रिम/सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे व साथ में मु0 1000 रु (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क सम्बंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे। 9. निविदादाता यदि सामग्री आपुर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी दी गयी सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी व उस की बाजार भाव पर सामग्री क्रय की जायेगी तथा उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी। 10 किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदायें किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत / विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 11. सामग्री राशि की अदायगी TA /JE की पैमाइश के उपरान्त की जायेगी तथा बिलों के साथ मात्रा सहित Valid Transit Pass Form w और × होना जरूरी है अन्यथा बिलों की अदायगी नहीं की जाएगी। 12. सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य । निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ Negotiation अनुसार / उपरान्त किया जायेगा। **नोट-** 1.सामग्री कार्यस्थल पर पहुंचानी होगी। 2. नियम व शर्ते पंचायत के अनुरूप रहेगी।

**प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत नबाही**
**विकास खण्ड गोपालपुर स्थित सरकाघाट जिला मण्डी (हि.प्र.)**

### देश विरोधी पोस्ट को सोशल मीडिया में शेयर करने का मामला : सुन्नी में गुस्साए लोगों ने जमकर की नारेबाजी

# समुदाय विशेष के युवक के खिलाफ फूटा गुस्सा

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

**सुन्नी** में बीते शुक्रवार को समुदाय विशेष के युवक द्वारा देश विरोधी पोस्ट को सोशल मीडिया में शेयर करने के प्रकरण के चलते शनिवार को सुन्नी वासियों सहित आपपास के क्षेत्रों के लोगों ने जमकर अपना विरोध प्रकट किया।

इस दौरान नगर पंचायत सुन्नी, व्यापार मंडल सुन्नी और स्थानीय लोगों द्वारा सुन्नी मुख्य चौक पर जमकर नारेबाजी की और देश विरोधी पोस्ट को शेयर करने वाले युवक पर कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान रैली के माध्यम से सुन्नी बाजार में पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए सुन्नी थाना में थाना प्रभारी के समक्ष अपना विरोध प्रकट किया और युवक को हिरासत में लेने और उस पर देश द्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की। इस दौरान युवक की संदिग्ध कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए गए।

बता दें कि बीते शुक्रवार को सुन्नी में चांद हेयर एंड ब्यूटी सैलून के संचालक और सुन्नी में चांद नाम से जाने वाले युवक द्वारा पाकिस्तान समर्थित वीडियो को सोशल मीडिया पर सांझा करने की चौंकाने वाली जानकारी सामने आई थी और सुन्नी पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए युवक को हिरासत में भी लिया गया था और युवक द्वारा पाकिस्तान समर्थित वीडियो और संदेश सोशल मीडिया पर साझा किए जाने पर देश की अखंडता और सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है। प्रकरण के खिलाफ सुन्नी के मुख्य चौक पर भारी संख्या में स्थानीय लोगों ने इकट्ठा होकर देशविरोधी गतिविधियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज करवाया तथा युवक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और पुलिस प्रशासन से युवक को गिरफ्तार करने की मांग की गई।

इस प्रकरण के तहत शनिवार को प्रात: 10 बजे सुन्नी चौक पर लोगों ने नार बाजी की और पाकिस्तान के झंडों को सड़कों पर पैरों तले रौंदा गया। इस दौरान उपमंडलाधिकारी सुन्नी को युवक के खिलाफ कार्रवाई का ज्ञापन भी सौंपा गया व भीड़ ने गुस्से में आकर आरोपी युवक की दुकान में लगे होर्डिंग को भी तोड़ा गया।



### हर नागरिक संयम से ले काम : एसडीएम

**इस** संदर्भ में एसडीएम सुन्नी राजेश वर्मा ने कहा कि देश में युद्ध की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में देश के हर नागरिक को संयम से काम लेना चाहिए व देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी सुन्नी में समुदाय विशेष के व्यक्ति द्वारा देश विरोधी पोस्ट को शेयर करने के लिए छानबीन की जा रही है और उन्होंने स्थानीय लोगों से क्षेत्र में शांति बनाए रखने की भी अपील की।

### युवक व परिवार के बैंक के लेनदेन की हो रही जांच : शर्मा

**थाना** प्रभारी सुन्नी दिलुराम शर्मा ने कहा कि देश विरोधी पोस्ट के शेयर करने के लिए युवक को पूछताछ के लिए थाने लाया गया था। युवक का मोबाइल पुलिस के कब्जे में है और युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बहरहाल विशेषज्ञों द्वारा युवक की सोशल मीडिया की पोस्ट को खंगाला जा रहा है और साथ ही युवक और उसके परिवार के बैंक के लेनदेन की भी जांच की जा रही है।

# प्राथमिक अध्यापकों की प्रमोशन नहीं होगी प्रभावित : नरेश चौहान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान ने राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ से अपना आंदोलन समाप्त करने की अपील की है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि नया निदेशालय बनने से प्राथमिक शिक्षकों की प्रमोशन पर कोई असर नहीं पड़ेगा, सिर्फ उनका प्रशासनिक कंट्रोल ही प्रिंसिपल को दिया गया है। इसलिए उनकी प्रमोशन किसी भी स्तर पर प्रभावित नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस बारे में शिक्षा विभाग को पहले ही दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। इस स्थिति में अब उन्हें अपना आंदोलन समाप्त कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार कर्मचारी हितैषी सरकार है और कर्मचारियों के हित में फैसले कर रही है। नरेश चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वर्तमान राज्य सरकार ने दृढ़ निश्चय का परिचय देते हुए मंत्रिमंडल की पहली बैठक में प्रदेश के 1.36 लाख कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन बहाल की, जबकि पिछली भाजपा सरकार ने ओपीएस मांगने वाले सरकारी कर्मचारियों को पुलिस से पिटवाया। हालांकि ओपीएस की बहाली पर केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को मिलने वाली ग्रांट में 1600 करोड़ रुपये की कटौती की, कर्ज की सीमा घटाई और कई तरह की पाबंदियां लगाई, लेकिन इसके बावजूद राज्य सरकार ने अपनी गारंटी को पूरा करते हुए पुरानी पेंशन सरकारी कर्मचारियों को दी। इसके अलावा वर्तमान राज्य सरकार ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में 14 प्रतिशत महंगाई भत्ते की किस्त भी जारी की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आने वाले समय में भी सरकारी कर्मचारियों का हित सुनिश्चित करेगी।



- आंदोलन समाप्त करने की अपील की
- सिर्फ प्रिंसिपल के पास रहेगा प्रशासनिक कंट्रोल

# पूर्व सीएम जयराम ने निगमों, बोर्डों और मंत्रिमंडल में मंडी जिले से नहीं दी थी किसी को ताजपोशी : चमन राही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**अखिल** भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने शिमला में जारी प्रेस बयान में कहा कि पिछली भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री रहे जयराम ठाकुर ने दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्गों की अनदेखी करते हुए निगमों, बोर्डों और मंत्रिमंडल में जिला मंडी से किसी को ताजपोशी नहीं दी गई थी। इस कारण भाजपा सरकार को सत्ता से जाना पड़ा था।

चमन राही ने कहा कि दलितों और पिछड़ों के कल्याण के लिए विशेष घटक योजना के तहत आए पैसे से हेलीपैड बनाए गए थे, हम मांग करते हैं कि इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। भाजपा ने हमेशा ही दलित विरोधी मानसिकता के कारण भाजपा सरकारों के कार्यकाल में शांत प्रदेश हिमाचल में सबसे अधिका क्राइम हुआ है। चोर दरवाजे से भर्तियां करने की शुरुआत पूर्व सीएम शांता कुमार के समय से हुई है। इसमें दलितों, पिछड़ों को कोई प्रतिनिधितत्व नहीं दिया गया। राही ने कहा कि सुक्खू सरकार ने अच्छा फैसला लेते हुए सराहनीय कार्य किया है, जो आउटसोर्स नीति को बंद कर नई नीति बनाई जा रही है।

चमन राही ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में राहुल गांधी के फार्मूले की शुरुआत करनी चाहिए, जिसमें उन्होंने कहा है कि जनसंख्या के आधार पर कांग्रेस पार्टी, सरकार और सरकारी क्षेत्र में प्रतिनिधित्व मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निगमों और बोर्डों में दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को बराबर प्रतिनिधित्व दिया जाना चाहिए। चमन राही ने कहा कि कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकारें आने से जातिगत सर्वे करवाया और तेलंगाना सरकार ने ओबीसी समुदाय के आरक्षण में बढ़ोतरी की है। चमन राही ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पाक के दो टुकड़े कर दिए थे, ऐसा ही जज्बा राहुल गांधी में भी दिखता है। उन्होंने कहा कि देश का वास्तविक, समावेशी विकास तभी हो सकता है जब दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यक, आदिवासियों और शोषितों को विकास में वैज्ञानिक तरीके से हिस्सेदारी मिलेगी।



अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही प्रेसवार्ता करते हुए।

## संघ ने प्रदेश सरकार का किया धन्यवाद

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** प्रदेश स्कूल प्रधानाचार्य एवं निरीक्षण अधिकारी संघ ने 2017 से 2023 तक प्लेसमेंट आधार पर नियुक्त प्रधानाचार्य को नियमित करने के लिए सरकार का धन्यवाद किया है। शनिवार को जारी बयान में संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरि शर्मा ने बताया कि संघ पिछले काफी समय से पलेस्मेंट आधार पर नियुक्त प्रधानाचार्य के नियमितीकरण की मांग कर रहा था। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में लंबे समय से मुख्य मुख्याध्यापकों तथा प्रवक्ताओं को प्रधानाचार्य के रूप में प्लेसमेंट दी जाती रही है। नियमित नियुक्तियों न होने के कारण उन्हें प्रधानाचार्य के रूप में प्राप्त होने वाले लाभों से वंचित रहना पड़ रहा था। संघ ने सीएम सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, शिक्षा सचिव राकेश कंवर का आभार व्यक्त किया है। संघ ने सरकार से मांग की है कि शिक्षा निदेशालय में प्रधानाचार्य व शिक्षा उपनिवेशकों उच्च पदों पर पदोन्नति प्रदान करने के लिए संयुक्त शिक्षा निदेशक तथा अतिरिक्त शिक्षा निदेशक के पद सजृत किया जाए।

# युवा वर्ग नशे से दूर रहकर खेलों में दिखाएं रुचि : रोहित

### शिक्षा मंत्री ने सालना गांव में कबड्डी प्रीमियर लीग टूर्नामेंट के समापन समारोह में की शिरकत

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**विकासात्मक** कार्यों को गति देने के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर आजकल अपने विधानसभा क्षेत्र जुब्बल-कोटखाई के दौरे पर है, जहां पर वह विभिन्न विकासात्मक परियोजनाएं लोगों को समर्पित कर रहे हैं और और लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं।

इसी कड़ी में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कुड्डू पंचायत के सीमावर्ती गांव सालना में मौजूद रहे। जहां पर उन्होंने तीसरे राज कुमार मेमोरियल कबड्डी प्रीमियर लीग टूर्नामेंट के समापन समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर रोहित ठाकुर ने सालना गांव के युवाओं एवं ग्रामीणों को इस आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देने की बात कही। फाइनल मुकाबला मचोती और नालागढ़ की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें नालागढ़ की टीम विजय रही। उन्होंने बताया कि कबड्डी, वॉलीबाल और खो-खो जैसे खेल हमारे पहाड़ी क्षेत्र के पारंपरिक खेल है और वर्तमान समय में जहां युवा नशे के दलदल में फंसता जा रहा है, ऐसे नाजुक समय में इस तरह के खेल आयोजन एक महत्वपूर्ण और जरूरी प्रक्रिया हो जाती है। खेलों से जहां एक ओर युवाओं के स्वास्थ्य सुदृढ़ होता है वहीं एक स्वस्थ प्रतियोगिता भी निर्मित होती है जिससे कि युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक दिशा की ओर अग्रसर होती है। इस बीच शिक्षा मंत्री राज्य विद्युत बोर्ड कॉलोनी चौंरी भी गए जहां उन्होंने महासू देवता के मंदिर में शीश नवाया और स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया।इस अवसर पर ज़िला परिषद सदस्य कौशल मुंगटा, निदेशक हिमफेड भीम सिंह झौटा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष जुब्बल कोटखाई दीपक कालटा, मोतीलाल सिथता, स्थानीय पंचायत और साथ लगती पंचायतों के जनप्रतिनिधि व विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

- कबड्डी में नालागढ़ की टीम बनी विजेता



### पूरे विधानसभा क्षेत्र में 124 सड़कों की हुई पासिंग

**रोहित** ठाकुर ने बताया कि कुड्डू पंचायत उत्तराखंड के साथ लगती सीमावर्ती पंचायत है और विकास के दृष्टिकोण से और कांग्रेस पार्टी के एक मजबूत गढ़ के मद्देनज़र इस क्षेत्र में उनकी विशेष रूचि रहती है। सरकार में उनके शिक्षा मंत्री रहते हुए पिछले लगभग अढ़ाई वर्षों में पूरे विधानसभा क्षेत्र में 124 सड़कों की पासिंग हुई है।

### करोड़ों रुपए के चल रहे विकास कार्य

**इससे** पूर्व शिक्षा मंत्री ने सरस्वती नगर कॉलेज में महाविद्यालय प्रशासन और प्रशासनिक अधिकारियों से मंत्रणा की। उन्होंने बताया कि इस संस्थान में विभिन्न विकास कार्य प्रगति पर है जिसमें कि मुख्यतः 80 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन पार्किंग और बहुदेश्य भवन, 8.70 करोड़ से बनने वाला सभागार और बहुदेश्य भवन और 1 करोड़ की राशि से समतल होने वाले खेल मैदान का कार्य प्रगति पर है।

### घुमारवीं में ब्लैकआउट नियमों का हो रहा उल्लंघन, शोरूमों में जलाई जा रही लाइटें

# सुरक्षा की लिहाज से घुमारवीं में गंभीर लापरवाही

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

जिला प्रशासन द्वारा जारी ब्लैकआउट के आदेशों के बावजूद घुमारवीं शहर के कुछ प्रतिष्ठित शोरूम, राष्ट्रीयकृत बैंक एवं एकमात्र मॉल द्वारा जलाए जा रहे ग्लो साइन बोर्ड लोगों के बीच चिंता का विषय बन गए हैं। प्रशासन की सख्त हिदायतों के बावजूद इन प्रतिष्ठानों द्वारा दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया जाना न केवल प्रशासनिक आदेशों की अनदेखी है, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी यह एक गंभीर लापरवाही है।

जहां अधिकतर दुकानदार प्रशासन के आदेशों का पालन करते हुए समय पर अपनी दुकानें बंद कर सभी लाइटें बुझा रहे हैं। वहीं कुछ गिने-चुने बड़े कारोबारी एवं संस्थान नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। इन स्थानों पर रातभर जलती लाइटें और चमकते साइन बोर्ड न सिर्फ प्रशासनिक सख्ती की कमी को उजागर करते हैं, बल्कि आमजन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करते हैं। एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी ने कहा कि ब्लैकआउट का निर्णय जनहित में लिया गया है और इसका उद्देश्य सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से सभी व्यापारियों और संस्थानों को पहले ही दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। अब उन लोगों को व्यापार मंडल के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से सूचित किया जाएगा जो इन आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं। एसडीएम ने कहा यह समय सभी के लिए कठिन है और हम सभी को एकजुट होकर प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। नियमों का पालन न केवल कानूनी जिम्मेदारी है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। उन्होंने यह भी चेताया कि यदि कोई संस्थान या प्रतिष्ठान प्रशासनिक आदेशों का उल्लंघन करता पाया गया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी नागरिकों, दुकानदारों और संस्थानों से अपील की है कि वे दिए गए ब्लैकआउट दिशा-निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करें और एकजुट होकर इस चुनौतीपूर्ण समय में प्रशासन का सहयोग करें। (अनंत ज्ञान)




रात के समय शोरूमों और दुकानों के बाहर जली हुई लाइटें।

### लोग नियमों का करें पालन : एसडीएम

**एसडीएम** घुमारवी गौरव चौधरी ने कहा कि जिला प्रशासन की तरफ से ब्लैकआउट पर दिशा में निर्देश दिए गए है। उसका का पालन सभी को करना चाहिए ताकि सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने कहा कि यह दिशा-निर्देश लोगों की सुरक्षा के लिए ही जारी किए गए हैं और बिना लोगों के सहयोग से व्यवस्था बनाना मुश्किल है। इसलिए सभी लोग नियमों का पालन करे।

# बरठीं स्कूल में बच्चों ने भाषण प्रतियोगिता में बिखेरा जलवा



**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल के बरठीं क्षेत्र में स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला बरठीं में मातृ दिवस के अवसर पर एक भव्य और उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस विशेष दिन को यादगार बनाने के लिए स्कूल परिसर में भाषण प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बरठीं क्षेत्र के ग्रामीणों, अभिभावकों और बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां के प्रति सम्मान और उनके अथाह प्रेम को समर्पित भावपूर्ण प्रस्तुतियों के साथ हुई। भाषण प्रतियोगिता में बच्चों ने मातृ दिवस के महत्व, मां के त्याग, समर्पण और समाज में उनकी भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। स्कूल द्वारा माताओं को उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया, जिसने आयोजन को और भी विशेष बना दिया। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनका आत्मविश्वास और उत्साह दोगुना हो गया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन कमेटी के प्रधान, अन्य सदस्य, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बच्चों और माताओं के प्रयासों की सराहना की और इस तरह के आयोजनों को सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाला बताया। विद्यालय की मुख्याध्यापिका मीरा देवी ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

## पशुशाला में आग लगने से भारी नुकसान

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल की ग्राम पंचायत डरोह के निवासी नरेंद्र कुमार की पशुशाला में गत शाम अचानक आग लगने से भारी नुकसान हो गया। जानकारी के अनुसार गत सायं लगभग साढ़े 4 बजे नरेंद्र कुमार ने अपनी पशुशाला से धुआं और आग की लपटें उठती देखीं। घटना स्थल पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि उनकी पत्नी निर्मला देवी आग बुझाने का प्रयास कर रही थीं और इसी प्रयास में वह झुलस भी गईं। नरेंद्र कुमार द्वारा शोर मचाने पर आस-पड़ोस के लोग एकत्रित हुए और सभी ने मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में पशुशाला के दो कमरे, दरवाजे, टिन शेड, इमारती लकड़ी, घास कुतरने की मशीन, टुल्लू पंप, मीटर, बिजली वायरिंग, 200 टोकरे तूड़ी, 200 गड्डे सूखे घास, 1000 लीटर पानी की टंकी आदि पूरी तरह जलकर राख हो गए। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस आगजनी में लगभग तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने संभावना जताई है कि यह आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी। घायल निर्मला देवी का उपचार बिलासपुर अस्पताल में चल रहा है और उनकी स्थिति में सुधार है। पुलिस थाना तलाई ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है।

## कैंचीमोड़ गांव में नाले में गिरा आवारा बैल



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** ग्राम पंचायत बरमाणा के कैंचीमोड़ गांव स्थित पुलिस कॉलोनी के पास नाले में एक आवारा बैल गिर गया। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने तत्काल पूर्व उपप्रधान नतीश ठाकुर को दी। सूचना मिलते ही नतीश ठाकुर अपनी युवा ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने तुरंत लोनिवि प्रबंधन के अधिकारियों से संपर्क कर क्रेन की सहायता मांगी। कुछ ही देर में क्रेन मौके पर पहुंची। उल्लेखनीय है कि नतीश ठाकुर स्वयं नाले में उतरे और उनके सहयोगियों ने भी जान जोखिम में डालते हुए बैल को रस्सियों से बांधा। तत्पश्चात क्रेन की सहायता से बैल को सुरक्षित बाहर निकाला गया। उन्होंने संबंधित विभाग से मांग की कि नाले पर शीघ्र ही जाली लगाई जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। नतीश ठाकुर का कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो इससे जन व पशु दोनों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

## इंडिगो पेंट कंपनी ने चमकाई भुवाई पाठशाला

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** स्वारघाट उपमंडल के अंतर्गत पड़ने वाली स्वाहन ग्राम पंचायत के गांव भुवाई में इंडिगो सेवा उत्सव स्कीम के तहत राजकीय प्राथमिक स्कूल भुवाई में रंग रोगन किया गया। जिसमे नैना देवी के करीब 50 पेंटरों ने अपना श्रमदान दिया। कंपनी के ब्रांच मैनेजर विशाल शर्मा ने कहा कि इंडिगो पेंट्स कंपनी के एमडी हेमंत जलान की अगुवाई में यह कार्यक्रम यह कार्यक्रम आरंभ किया गया है। इसके अंतर्गत जरूरतमंद शिक्षण संस्थानों को चयनित कर पेंट कर संवारना है। इसमें जिला के पेंटर्स को अपना श्रमदान देने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि कंपनी द्वारा पेंटरों के लिए कम्पनी का सर्टिफिकेट, हेल्थकार्ड और एक लाख रुपए का बीमा किया गया है, जिससे उन्हें भविष्य में इसका लाभ मिल सके। स्कूल की अध्यापिका रीमा देवी ने इसके लिए कंपनी का धन्यवाद करते हुए कहा कि इससे हमारे स्कूल की स्थिति काफी अच्छी हुई है। इस मौके पर स्थानीय डिस्ट्रीब्यूटर सुरजीत सिंह, सोनू, संदीप कुमार, नसीब और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## बैरी गांव में किया श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता विस क्षेत्र के गेहड़वीं के गांव बैरी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए कथावाचक पंडित रसिक जी महाराज ने बताया कि ईश्वर की भक्ति सदमार्ग का रास्ता दिखाती है इसलिए सभी को इस मार्ग पर चलना चाहिए। मगर भक्ति के मार्ग पर चलता इतना भी सहज नहीं है जितना कि समझा जाता है। इस दौरान उन्होंने भक्त प्रहलाद का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि प्रह्लाद के जीवन की घटनाएं बताती हैं कि भक्ति मार्ग पर कोई सूरमा ही चल सकता है। प्रहलाद को पहाड़ की ऊंची चोटी से गिराया गया, समुद्र में फेंका गया, विष का प्याला दिया गया, कालकोठरी में बंद भी किया गया, लेकिन यह संघर्ष भी उनको विचलित नहीं कर पाया। भक्त की इस दृढ़ता को देखकर भगवान को नरसिंह अवतार लेना पड़ा। प्रह्लाद इस संघर्ष में विजय योद्धा बन पाए। जब देव ऋषि नारद ने उझंडूता विस क्षेत्र के गेहड़वीं के गांव बैरी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में प्रवचनों की अमृत वर्षा करते हुए कथावाचक पंडित रसिक जी महाराज ने बताया कि ईश्वर की भक्ति सदमार्ग का रास्ता दिखाती है इसलिए सभी को इस मार्ग पर चलना चाहिए।

# विकास कार्य जानबूझकर रोक रही प्रदेश सरकार : कमल गौतम



सर्किट हाउस में जानकारी देते नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम व अन्य पार्षद।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

नगर परिषद बिलासपुर के अध्यक्ष कमल गौतम ने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि बिलासपुर नगर परिषद के साथ भेदभाव किया जा रहा है, जिसके कारण शहर के अधिकतर विकास कार्य ठप पड़े हैं।

कमल गौतम ने कहा कि राज्य सरकार ऐसे अधिकारियों की तैनाती कर रही है जो सेवानिवृत्ति के कगार पर हैं या जिनका जल्द ही तबादला कर दिया जाता है। इससे परिषद की योजनाएं और विकास परियोजनाएं लगातार बाधित हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चूंकि नगर परिषद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हैं, इसलिए कांग्रेस सरकार जानबूझकर परिषद की उपेक्षा कर रही है। उन्होंने कांग्रेस के जिला स्तरीय नेताओं पर भी आरोप लगाया कि वे नहीं चाहते कि नगर परिषद कोई ठोस विकास कार्य करे। इससे क्षेत्र के विकास की गति रुक गई है और जनता को इसका नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस दौरान कमल गौतम ने केंद्र सरकार के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि बिलासपुर को केंद्र की योजनाओं से लगातार लाभ मिल रहा है, जिसका श्रेय केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को जाता है।

गौतम ने बताया कि पुराने पार्कों का शीघ्र ही जीर्णोद्धार किया जाएगा, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। नगर परिषद उपाध्यक्ष सोनिया कुमारी सहित अन्य भाजपा पार्षद मौजूद रहें।

**श्रद्धा** जिलाधीश राहुल कुमार ने मां नयना देवी के किए दर्शन, कहा-

# श्री नयना देवी मंदिर का होगा सर्वांगीण विकास

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

जिलाधीश बिलासपुर एवं श्री नयना देवी मंदिर न्यास के आयुक्त राहुल कुमार ने शनिवार को माता नयना देवी के दर्शन किए और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने प्राचीन हवन कुंड में आहुतियां भी अर्पित कीं। मंदिर परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिलाधीश ने कहा कि मंदिर का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है, और सरकार द्वारा घोषित 100 करोड़ की राशि से एक व्यापक विकास खाका तैयार किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में मंदिर के खुलने और बंद होने के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है और श्रद्धालु पहले की तरह निर्धारित समयानुसार दर्शन कर सकते हैं। इस मौके पर मंदिर न्यास की ओर से न्यास अध्यक्ष धर्मपाल व मंदिर अधिकारी संजीव ने उपायुक्त राहुल कुमार को सम्मानित किया गया।



आयुक्त राहुल कुमार को सम्मानित करते हुए गणमन्य।

### सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे डीसी और एडीसी

**बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार तथा अतिरिक्त उपायुक्त ओमकांत ठाकुर ने माता श्री नयना देवी मंदिर क्षेत्र, बिलासपुर तथा पंजाब सीमा से लगे गारामोड़ा क्षेत्र का दौरा किया। यह दौरा सुरक्षा कारणों के दृष्टिगत किया गया, जिसमें दोनों अधिकारियों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर उपायुक्त राहुल कुमार ने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे केंद्र सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन करें। जिला प्रशासन सभी नागरिकों से अनुरोध करता है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें और केवल अधिकृत माध्यमों से प्राप्त सूचना पर ही भरोसा करें उन्होंने कहा कि ब्लैकआउट की स्थिति में घबराएं नहीं और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करें।

## आतंकियों को भुगतना पड़ रहा खामियाजा : कटवाल

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की जान लेने वाले आतंकियों को अपनी बर्बरतापूर्ण एवं कायराना हरकत का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। भारत में चोरी-छिपे आकर खून-खराबा करके वापस पाकिस्तान में दुबक जाने वाले इन दहशतगर्दों को भारतीय सेना उनके घर में घुसकर मार रही है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पाक परस्त आतंकवाद के समूल नाश के लिए दृढ़ संकल्प के साथ काम कर रही है। भारत की तीनों सेनाओं ने साबित कर दिया है कि आतंकी चूहों की तरह चाहे किसी भी बिल में छिप जाएं, भारत के शूरवीर उन्हें सबक सिखाकर रहेंगे। जीतराम कटवाल ने कहा कि पिछले लंबे समय से आतंकवाद की फैक्टरी बने पाकिस्तान और उसके संरक्षण में फल-फूल रहे आतंकियों के पाप का घड़ा अब भर चुका है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत अब भारत के जांबाज सैनिक उन गुनाहगारों को उनके घर में घुसकर मार रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### बनीखेत शिव वाटिका मंदिर में लगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** बनीखेत बैकुंठ नगर शिव वाटिका मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15वां वार्षिक भंडारा किया गया। हर साल इस मंदिर में जागरण भी किया जाता है, लेकिन ब्लैकआउट लगने के कारण शिव वाटिका मंदिर प्रबंधन सभा ने यह फैसला किया कि माता रानी का जागरण नहीं किया जाए। हर साल रात को जागरण व भंडारा किया जाता था। रात को रोशनी न होने के कारण दोपहर को सिर्फ भंडारे का आयोजन किया गया। भक्तजनों ने दूर-दूर से इस भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। हर वर्ष की भांति भक्त जनों द्वारा यह जागरण बहुत ही उत्साह पूर्वक पिछले 14 वर्षों से मनाते आ रहे हैं, लेकिन ब्लैकआउट के इस हालत को देखते हुए भक्तजन निराश तो हुए। भक्तजनों का कहना था कि जो भगवान को मंजूर है उसी के हिसाब से हालात को देखते हुए करना पड़ेगा ।

### बट्ट कॉलेज में कल मनाएंगे नर्सिंग दिवस

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** इंटरनेशनल नर्सिस सप्ताह के तहत 12 मई को बट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग बोंखरी मोड़ में नर्सिंग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान की प्रशिक्षक हेमलता ने उक्त आशय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नर्सिंग दिवस पर संस्थान में शपथ ग्रहण करवाने सहित पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता सहित अन्य कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में बीएससी नर्सिंग व जीएनएम की प्रशिक्षु हिस्सा लेंगी। वहीं बट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने कहा कि संस्थान में नर्सिंग प्रशिक्षुओं को बेहतरीन प्रशिक्षण दिए जाने के साथ प्रशिक्षुओं के लिए इस तरह के आयोजन भी किए जाते हैं, ताकि प्रशिक्षुओं को उनके कार्य व उनके महत्व संबंधी भी जानकारी मिल सके।

# द्रकुंड-करेरी टनल को लेकर 40 पंचायतें एकजुट

## चंबा में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पंचायत प्रतिनिधियों ने एक स्वर में इस परियोजना के समर्थन में आवाज की बुलंद

**आरके सहगल, चंबा**

**चंबा** और कांगड़ा जिलों की सीमाओं को जोड़ने वाली द्रकुंड-करेरी टनल को लेकर अब जनआंदोलन तेज होता जा रहा है। शनिवार को चंबा में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भरमौर और आसपास की 40 पंचायतों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में इस महत्वपूर्ण परियोजना के समर्थन में आवाज बुलंद की।

इस प्रेसवार्ता की अगुवाई कर रहे समाजसेवी धनी राम, बुधी प्रकाश, दिलीप कुमार, किशोरी लाल, मान सिंह और नीरज ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह टनल न केवल चंबा की भौगोलिक बाधाओं को समाप्त करेगी, बल्कि इसे पर्यटन, रोजगार और स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

इससे पहले भरमौर-पांगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनकराज के नेतृत्व में यह मुद्दा केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को सौंपे गए मेमोरेंडम में उठाया गया था। इसी क्रम में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, और राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन को भी ज्ञापन सौंपा जा चुका है। इस पहल को समर्थन देने वालों में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित समाजसेवी और जीवन रक्षा पदक विजेता नवनीत चौफला भी शामिल हुए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे इस आंदोलन को सिर्फ एक मांग नहीं, बल्कि अपनी पीढ़ी के भविष्य की नींव के रूप में देखें।

डॉ. जनकराज ने भी सभी चंबा क्षेत्र के विधायकों से इस मुद्दे पर एकजुट होकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मिलने का आग्रह किया है, ताकि इस ऐतिहासिक परियोजना को जल्द से जल्द केंद्र सरकार की स्वीकृति मिल सके। द्रकुंड-करेरी टनल यदि बनी, तो यह न केवल चंबा बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए विकास का एक नया अध्याय लिखेगी। (अनंत ज्ञान)

### चंबा के भविष्य की प्रवेश द्वार बनेगी परियोजना

**इस** अभियान में 37 पंचायतें भरमौर विधानसभा क्षेत्र से और 3 पंचायतें कांगड़ा जिला (कैरी, हटली, और शाहपुर) से जुड़ी हुई हैं। यह सर्वसम्मति दर्शाती है कि यह टनल सिर्फ एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि चंबा के भविष्य का प्रवेश द्वार है।



### समाजसेवियों ने दिए ये तर्क

-टनल के निर्माण से चंबा की सबसे बड़ी समस्या–कनेक्टिविटी का समाधान होगा।

- चंबा के चौगान से धर्मशाला तक का सफर मात्र 1:50 घंटे में पूरा किया जा सकेगा।

- टांडा अस्पताल जैसे उच्च स्तरीय चिकित्सा केंद्र तक पहुंच आसान होगी।

- आध्यात्मिक पर्यटन, युवा रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

- बेरोजगारी में भारी गिरावट आएगी और पूरे चंबा जिले का सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य बदल जाएगा।

# पीओके को खाली करवाए बिना युद्ध विराम के लिए सहमत होना बड़ी भूल

**अनिल शर्मा, मंडी**

### एक माह बाद फिर से घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर देंगे आतंकी

**ऑपरेशन** सिंदूर में हुए घटनाक्रमों के लिए पूर्ण रूप से हम भारतीय सहस्त्र सेनाऔ को सलाम करते हैं और उनके ऊपर बहुत गर्व करते हैं। इसके साथ ही यह भी बताना आवश्यक है कि पिछले 77 वर्ष से हम पाकिस्तान से पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को खाली नहीं करवा पाए हैं । कैप्टन जगदीश वर्मा सेवानिवृत्त चैयरमेन संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओ आर) हिमाचल प्रदेश ने कहा कि भारतवर्ष 1965 में युद्ध में अच्छी पोजीशन में होते हुए भी, उसके बाद 1971 में 15000 किलोमीटर की पाकिस्तान की जमीन पर कब्जा किया और 93 000 पाकिस्तान सैनिकों से हथियार गिरवा कर बंदी बनाया गया। लेकिन उनको बाद में उपहार के रूप में वापस कर दिया गया कहीं भी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को खाली करवाने की शर्त नहीं रखी गई सिंदूर ऑपरेशन के दौरान भी भारत वर्ष अच्छी स्थिति में होते हुए भी पाकिस्तान के ऊपर भारी भरकम प्रेशर बनाने में कामयाब हुआ लेकिन अंत में इतना ज्यादा नुकसान झेलने के बाद भी जिसमें पहलगाम की घटना तथा हर 10 -15 दिन के बाद हमारी सहस्त्र सेनाऔ के जम्मू कश्मीर में आंतकबाद से लड़ते हुए शहीद हो जाने के समाचार तथा उनका तिरंगे में लिफ्ट कर घर पहुंचना निरंतर जारी रहता है। पाकिस्तान कितनी बार भारतवर्ष को धोखा देता चला आया है। इसके बावजूद भी केंद्र सरकार ने युद्ध विराम के लिए ना तो कोई शर्त रखी ना ही पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को खाली करवाया और युद्ध विराम के लिए सहमत हो गए अभी कुछ दिनों के पश्चात ही पाकिस्तान द्वारा संचालितउग्रवादी संगठन उग्रवाद की घटनाओं को फिर से अंजाम देना शुरू कर देंगे जिस प्रकार की घटना पुलवामा तथा पहलगाम में देखी गई है तो फिर स्थिति दोबारा वहां की वहां ही रह जाएगी तो इस प्रकार से भारतीय राजनीतिकों को बिना शर्त के युद्ध विराम करना किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# सोशल मीडिया पर फैली अफवाह निकली निराधार

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा जिला इन दिनों सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही एक भ्रामक खबर को लेकर चर्चा में है। ऐसे संवेदनशील समय में कुछ शरारती तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल की गई, जिसमें यह दावा किया गया कि चंबा जिले के भटियात विधानसभा क्षेत्र के चुवाड़ी वार्ड नंबर-3 का रहने वाला युवक विक्की उर्फ काकू खान पुत्र बशीर खान को चंडीगढ़ की इंटेलिजेंस पुलिस ने पाकिस्तान को खुफिया जानकारी भेजते हुए गिरफ्तार किया है।



### डीएसपी चुवाड़ी ने किया भ्रामक पोस्ट का खंडन

इस अफवाह ने लोगों के बीच चिंता और भ्रम की स्थिति पैदा कर दी, जिसके चलते स्थानीय पुलिस को तुरंत कार्रवाई करनी पड़ी। मामले की गंभीरता को देखते हुए चुवाड़ी पुलिस ने संबंधित युवक के घर को एहतियातन सील किया। इस पूरे मामले पर डीएसपी चुवाड़ी योगराज ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर जो पोस्ट वायरल हो रही है, वह पूरी तरह भ्रामक और निराधार है। विक्की उर्फ काकू खान के विरुद्ध ऐसी कोई सच्ची जानकारी हमारे पास नहीं है और न ही चंडीगढ़ की इंटेलिजेंस ने ऐसा कोई मामला हमारे साथ साझा किया है। यह महज अफवाह है जो समाज में अराजकता फैलाने के उद्देश्य से फैलाई जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सोशल मीडिया पर कोई भी जानकारी शेयर करने से पहले उसकी सत्यता की पुष्टि अवश्य करें। ऐसे नाजुक समय में अफवाहें फैलाना न केवल गैरकानूनी है बल्कि समाज की एकता और शांति को भी खतरे में डालता है। डीएसपी ने कहा कि इस तरह की अफवाह फैलाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कल्हेल-चंबा रोड पर पिकअप और कार में टक्कर, एक की मौत

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिले के कल्हेल क्षेत्र से शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है, जिसने पूरे इलाके को सन्न कर दिया। कल्हेल-चंबा रोड पर पिकअप और कार की आपस में भीषण टक्कर हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों गाड़ियों के चालक स्थानीय निवासी बताए जा रहे हैं। पिकअप वाहन में सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि कार चालक को गहरी चोटें आई हैं और उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य में मदद की और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहनों को जब्त कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# निलंबित प्रधान कंचना कुमारी ने उठाए गंभीर सवाल, कहा- राजनीतिक रूप से बदनाम करने के लिए रचा षड्यंत्र

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**डुलाड़ा** पंचायत की निलंबित प्रधान कंचना कुमारी ने अपने निलंबन को लेकर राजनीतिक षड्यंत्र करार देते हुए शनिवार को चंबा स्थित इरावती होटल में एक प्रेसवार्ता कर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पंचायत कार्यों में कोई देरी नहीं हुई, बल्कि यह सब कुछ सुनियोजित तरीके से उन्हें राजनीतिक रूप से बदनाम करने के लिए रचा गया षड्यंत्र है।

उन्होंने बताया कि बैठकों में अनुपस्थित रहने का आरोप पूरी तरह से तथ्यहीन और मनगढ़ंत है। कंचना ने कहा कि जिन बैठकों की बात की जा रही है, वे न तो मेरी ओर से बुलाई गई थीं और न ही मुझे पंचायत सचिव द्वारा कोई सूचना दी गई थी। हैरानी की बात यह है कि सभी नौ बैठकों के हस्ताक्षर एक ही दिन में करवा लिए गए। कंचना ने आरोप लगाया कि पंचायत सचिव का व्यवहार पूर्वग्रह से ग्रस्त रहा है। उन्होंने कहा कि सचिव का झुकाव व्यक्तिगत पक्षपात की ओर है क्योंकि पंचायत के कई सदस्य उसके रिश्तेदार हैं और सचिव की ओर से बार-बार ऐडवांस पेमेंट का दबाव डाला गया, जिसे नकारने पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि मैंने साढ़े चार साल की सेवा में न महिला होते हुए भी पति या पिता के नाम पर काम नहीं किया, बल्कि स्वच्छ छवि और निष्पक्षता के साथ खुद को साबित किया। लेकिन यदि महिला सशक्तिकरण का ये रूप है, तो इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी ? प्रेसवार्ता में मौजूद जिला परिषद सदस्य मनोज कुमार मनु ने भी कंचना का समर्थन करते हुए कहा कि यह न केवल व्यक्तिगत बल्कि जातिगत षड्यंत्र भी प्रतीत होता है। उन्होंने खुलकर कहा कि आज चंबा में निलंबित होने वाले अधिकतर पंचायत प्रतिनिधि अनुसूचित जाति या जनजाति वर्ग से हैं। हाल ही में जिला परिषद वार्डों के सीमांकन में भी अनुसूचित जाति वर्ग के वार्डों के साथ अन्याय हुआ है।



डुलाड़ा पंचायत की निलंबित प्रधान कंचना कुमारी प्रेसवार्ता करती हुई।

# निर्माणाधीन बौर मासू सड़क बनी जानलेवा

## ठेकेदार ने काफी समय से रोड में जगह-जगह फेंकी बजरी

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

### शिकायत दर्ज करने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**छतराड़ी** पंचायत की निर्माणाधीन बौर मासू सड़क की दुर्दशा लोगों के लिए आफत बन गई है। पिछले कई समय से यहां पर सड़क में विभाग के ठेकेदार द्वारा जगह-जगह पक्का करने के लिए बजरी फेंकी गई है जिसके कारण यहां पर लोग जान जोखिम में डालकर एक जगह से दूसरी जगह जा रहे हैं।

विभाग व ठेकेदार की लापरवाही के कारण यहां पर हर दिन दर्जनों वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डालकर इस सड़क पर गुजर रहे हैं।

गौरतलब है बरसों से निर्माण अधीन इस सड़क की दुर्दशा को लेकर यहां के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज की है। लेकिन बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी कार्रवाई न होने पर लोगों ने अब विभाग में प्रशासन के खिलाफ आंदोलन का मन बना लिया है।

स्थानीय निवासियों में पवन कुमार, सुरेश कुमार, महेश कुमार, राम कुमार, अनुपाल, धनीराम, पुरुषोत्तम, मुंशी राम, मनजीत कुमार, इंद्र कुमार, शशि कुमार, काकाराम, मुकेश कुमार व मनोहर लाल का कहना है कि पिछले कई दिनों से विभाग के ठेकेदार द्वारा यहां पर सड़क पक्की करने के लिए बजरी डाली गई है। लेकिन सही समय पर जल्दी काम खत्म न करने के कारण यह बजरी वाहन चालकों के लिए आफत बन गई है। वह पिछले कई समय से इस सड़क की दुर्दशा के कारण यहां पर सफर करना बहुत ही मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा है की सड़क की हालत बद से बद्तर होने के चलते यहां पर रोज वाहन चालक जान हथेली पर रखकर गुजर रहे हैं। यही नहीं कई बार यहां पर वाहन चालकों की गाड़ियां चल नहीं पा रही हैं।

उधर इस विषय पर कनिष्ठ अभियंता सिद्धार्थ का कहना है कि मौके पर लेबर को भेज दिया है।

### सूडोकु नवताल- 7426

* ☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7425 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

रविवार, 11 मई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** चतुर्दशी (08:04): **नक्षत्र** स्वाति पूर्ण रात्रि, **पक्षः** शुक्ल, **योग :** ब्यतीपात (04:59), अभीजित (11:50-12:44)। **राहुकाल** (05:21-07:02)।

### विशेष दिन

- 11 मईः नृसिंह चौदस आज।
- 11 मईः छिन्नमस्ता जयंती आज।
- 11 मईः लाल्याकाल्या का मेला आज।

**मेषः** विवाद को बढ़ावा न दें। जहां तक हो सके, यात्रा टालें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। शत्रु सक्रिय रहेंगे। दुःखद समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**वृषभः** समाजसेवा की प्रेरणा प्राप्त होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पहले की गई मेहनत का फल प्राप्त होगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**मिथुनः** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कर्कः** संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंहः** अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें।

**कन्याः** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें।

**तुलाः** माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**वृश्चिकः** पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा होगा। आशा व उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**धनुः** स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**मकरः** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा व उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु व वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**कुंभः** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**मीनः** शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। अच्छे समय इंतजार करें।

# सीएम को बताईं क्षेत्र की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**भरमौर-पांगी** विधानसभा क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने सीएम सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं, आधारभूत ढांचे के अभाव, स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क सुविधाओं से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से रखा।

सीएम सुक्खू ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और भरमौर-पांगी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए यथासंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी घोषणा की कि वे शीघ्र ही भरमौर-पांगी विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे और वहां जनता को अनेक विकास परियोजनाओं की सौगातें देंगे। इस दौरान पांगी घाटी से वूल फेडरेशन के नवनियुक्त निदेशक वीर सिंह राणा की नियुक्ति के लिए भी प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री का विशेष रूप से धन्यवाद किया।



# जोगिंद्रनगर अस्पताल का कायाकल्प योजना के तहत किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** कायाकल्प योजना के तहत शनिवार को प्रदेश स्वास्थ्य विभाग की तीन सदस्यीय निरीक्षण टीम ने सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर का दौरा कर अस्पताल की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। टीम में डॉ. दुष्यंत, डॉ. ज्योति और डॉ. प्रसाद शामिल थे। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल की साफ-सफाई, ओपीडी, विभिन्न वार्ड, लैब, सुरक्षा व्यवस्था और मशीनरी की स्थिति का विस्तृत आकलन किया।

टीम को अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक मिली। कर्मचारी निर्धारित ड्रेस कोड में तैनात पाए गए। निरीक्षण के दौरान मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर सुविधाओं की उपलब्धता व गुणवत्ता की जानकारी ली गई। टीम ने कचरा प्रबंधन प्रणाली, फर्श की सफाई, अग्निशमन उपकरणों की स्थिति और आपातकालीन प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर कर्मचारियों से सवाल किए।

### इंफेक्शन कंट्रोल की व्यवस्था का भी किया बारीकी से मूल्यांकन

**इंफेक्शन** कंट्रोल की व्यवस्था का भी बारीकी से मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण टीम ने सुबह 11 बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक अस्पताल के सभी रोगी वार्डों, शल्य चिकित्सा कक्ष, मातृत्व एवं शिशु केंद्र, आपातकालीन सेवाओं और अस्पताल परिसर का गहन निरीक्षण किया। एसएमओ डॉ. विजेंद्र ने बताया कि निरीक्षण का उद्देश्य अस्पताल की व्यवस्थाओं का मूल्यांकन करना है, जिसके आधार पर कायाकल्प योजना के तहत रैंकिंग निर्धारित की जाएगी।

# कबड्डी स्पर्धा में दबोटा टीम विजेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला नवयुवक मंडल सालना द्वारा आयोजित तृतीय राजकुमार मेमोरियल कबड्डी टूर्नामेंट के समापन समारोह में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विजेता टीम दबोटा व उपविजेता टीम मचोती के खिलाड़ियों सहित टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया व नवयुवक मंडल सालना को कबड्डी प्रतियोगिता के सफल आयोजन की बधाइयां दी। इस दौरान जिला परिषद सदस्य कौशल मूंगटा, पूर्व जिला परिषद सदस्य मोती लाल सीथटा, हिमफैड के निर्देशक भीम सिंह झौटा, उपप्रधान कामेश्वर चौहान, नागेंद्र चौहान, कंवर महेंद्र सिंह, विनोद मोकटा, दीपक काल्टा, अजय सौहटा सहित कई मौजूद रहे।


### कार्यालय ग्राम पंचायत गुराण विकास खंड बालीचौकी, जिला मंडी ( हि.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

आज की बैठक में अध्यक्ष द्वारा प्रस्ताव रखा गया गया कि वित् बर्ष 2025-26 के विकास कार्यों के निष्पादन हेतु कुटेशन/निविदा आमंत्रित की गई थी परन्तु विभागीय निर्देश के बाद यह टेंडर विकास खंड कार्यालय के तहत आमंत्रित हुआ था। परन्तु बाद में दोवारा विभागीय निर्देश के बाद अब कुटेशन/निविदा ग्रांम पंचायत आमंत्रित करेगी । ग्रांम पंचायत गुराण में दिनांक 21-04-2025 तक कुटेशन आमंत्रित की गई थी और दिनांक 23-04-2025 को खुलनी थी । इसलिए अब पुनः सभी कुटेशनदाता / निविदादाता को सूचित किया जाता है कि अब दिनांक 21-05-2025 तक कुटेशन/निविदा सायं 5 बजे तक पंचायत कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए जो कि दिनांक 23-05-2025 को पंचायत बैठक में खोली जाएगी । और न्यूनतम दर की कुटेशन की स्वीकृति Negotiation के बाद की जायेगी। **नोटः-** रेत, बजरी के कुटेशनदाता / निविदादाता के पास अपने नाम के टिपर की RC साथ भेजनी होगी। RC न होने के कारण कुटेशन मान्य नही होगी ।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत गुराण**
**विकास खंड बालीचौकी, जिला मंडी ( हि.प्र.)**

### कार्यालय ग्राम पंचायत सुलपुर जबोठ विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी (हि.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सुलपुर जबोठ विकास खंड गोपालपुर जिला मण्डी हि.प्र. के अंतर्गत वर्ष 2025-2026 में होने वाले समस्त मदों के विकास कार्यों हेतु निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है । निविदाएँ दिनांक 23/05/2025 को शाम 5 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत सुलपुर जबोठ में व्यतिगत रूप या डाक के माध्यम से निविदा शुल्क के साथ पहुँच जानी चाहिए । निविदाएँ दिनांक 24/05/2025 को सुबह 11 बजे पंचायत कार्यालय में कमेटी के समक्ष निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएगी। **सामग्री विवरणः-** 1. रेत क्रशर-प्रति घन मीटर 2.रेत प्लांट (FINE SAND)-प्रति घन मीटर 3. पक्की ईंटे (A,B,C GRADE)-प्रति 1000 न0, 4. बजरी 10, 20 40MM (क्रशर )-प्रति घन मीटर 5 बजरी 90,100MM (क्रशर )-प्रति घन मीटर 6.पत्थर (cut stone)-प्रति घन मीटर 7. सोलिंग/ बोल्डर पत्थर-प्रति घन मीटर 8. JCB मशीन द्वारा कटान -प्रति घंटा 9. JCB मशीन द्वारा कटान-प्रति घन मीटर 10. सैटरिंग (भवन ,निर्माण /अन्य )-प्रति Sqr मीटर/प्रति रनिंग मीटर 11. सामग्री ढुलान (सीमेंट) लोडिंग अनलोडिंग सहित- प्रति बैग प्रति किलो मीटर 12. Sign Board (3×2,4×3इंच) लोहे का -प्रति बोर्ड 13.Sign Board (3×2, 4×3इंच) कंक्रीट का मनरेगा कार्यों के लिए -प्रति बोर्ड 14. बोर्ड लिखाई- प्रति बोर्ड, 15.Sand(Water Bound)-प्रति घन मीटर 16 Airport 3 Seater waiting chair , Steel and cemented -No. 17 Road Roller -per hour 18 Mixture Machine With Operator and without Operator-प्रति दिन 19 पानी का टेंकर -प्रति टेंकर, **नियम व शर्ते -**1.निविदा दाता के पास अपना वाहन पंजीकरण/ JCB पंजीकरण ,पैन न0,TIN NO./GST NO होना आवश्यक है । (सिवाए सामग्री ढुलान) 2. निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर सम्बंधित ग्राम पंचायत के नाम पर भेजनी होगी (सिवाए सामग्री ढुलान) 3.निविदादाता को बिल के साथ Valid Transit Form W और X जमा करवाने होंगे । FORM न देने की स्थिति में किसी भी बिल को मान्य नहीं समझा जायेगा ,और उस बिल की अदायगी नहीं की जाएगी । 4. सभी करों का लेन-देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा । 5. सामग्री की आपूर्ति लोकनिर्माण बिभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी । 6. दरें अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए । 7. निर्माण सामग्री कार्यस्थल/ सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी । 8.निविदा पारित होने के दिन ही पारित निविदादाता को मु0 20,000/- रु0अग्रिम/सुरक्षित राशि के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे । 9 निविदादाता को मु01000 रु (नॉन-रिफंडेबल) आवेदन शुल्क पंचायत में जमा करवाने होंगे। 10.ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार वार्डों की भूगोलिक स्थिति के आधार पर ही मूल्य देय होगा व् अस्वीकृत सामग्री की अदायगी नहीं होगी । 11. निविदादाता यदि सामग्री आपुर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी दी गयी सुरक्षित राशि वापिस नहीं होगी व सुरक्षित राशि में से ही बाज़ार भाव पर सामग्री क्रय की जायेगी । 12. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने,सामान दर रहने की स्थिति में,एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदायें किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा । 13. सामग्री राशि की अदायगी कार्य पूर्ण होने के उपरान्त TA/JE की पैमाइश के उपरान्त की जायेगी । 14.सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य / निर्णय बिभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ Negotiationअनुसार/उपरान्त किया जायेगा ।
**नोट-** उपरोक्त लिखित शर्तों को जो सपलायर पूरा नहीं करता है तो उसकी निविदा रद्द कर दी जाएगी ।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सुलपुर जबोठ विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी (हि.प्र.)**

### कार्यालय ग्राम पंचायत सेहली , विकास खण्ड सदर मण्डी, जिला मंडी (हि.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत सेहली विकास खण्ड सदर मण्डी जिला मण्डी में आवश्यकता अनुसार समय-2 पर निम्न सामग्रीयों की वित वर्ष 2025-26 में कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित कि जाती हैं। निविदा दिनांक 27-05-2025 को अपराहन 11:00 बजे तक पंचायत कार्यलय में स्वीकार कि जाएगी व दिनांक 27-05-2025 को अपराहन 02:00 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी। **सामग्री का विवरणः-** 1. रेत (Kansa Querry) - Per Cubic Meter, 2.रेत (CRUSHER)- Per Cubic Meter, 3. बजरी 20mm (Kansa Querry)- Per Cubic Meter, 4. बजरी 10mm, 20mm, 40mm(CRUSHER)- Per Cubic Meter, 5. सोलिंग/बोल्डर पत्थर- Per Cubic Meter, 6. ईंट No1,+2 -Per 100 Brick, 7. पत्थर (Cut Stone)-Per Cubic Meter, 7. जेसीबी & LNT कार्य खुदाई-Per Hour, 8. शटरिंग लकड़ी स्टील इत्यादि -Per Sqm , 9. सिमेंट किराया HPSCSC, Depot With Carriage- Per Bages. **शर्तेः-**1 किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने सामान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणव्ता की चयन का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। 2. ठेकेदार / आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Form जमा करवाने होंगे 3 दरें अंक व शब्द में लिखी जाएगी। 4. निविदाएं खुलने के उपरान्त सामग्री की दरो को विभाग द्वारा तैयार की गई Justification व निविदाता के साथ Negotiation के उपरान्त ही अंतिम रूप दिया जायेगा 5. निविदादाता के पास अपना पंजीयन, पैन संख्या, TIN नम्बर होना आवश्यक है। 6. निविदादाता को मु 25000/- रूपये धरोहर/सुरक्षित राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी,। 7. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समय अनुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री आपूर्ति की देय राशी का भुगतान नहीं किया जायेगा तथा आगामी बोलीदाता को आपूर्ति आदेश दे दिया जायेगा। 8. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेसन के अनुरूप होगी, 9. सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहाँ तक गाड़ी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी । 10. ग्राम पंचायत के लिखित सप्लाई आर्डर के अनुरूप ही सप्लाई स्वीकार की जाएगी । 11. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी व्यय नहीं होगी। 12. दरो का उलेख करते समय Tax Included या Excluded का उल्लेख करना भी आवश्यक है। 13. निविदाएं डाक द्वारा ही स्वीकृत की जाएगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सैहली वि.ख सदर, जिला मण्डी**

### कार्यालय ग्राम पंचायत लधड़याणा (कशल) , विकास खण्ड बालीचौकी, जिला मंडी (हि.प्र.)

### निविदा आमंत्रण सूचना

प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लधड़्याणा (कशल) हेतु वित वर्ष 2025-26 हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दिनाक 23-5-2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में शाम 5 बजे तक पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं दिनांक 24-5-2025 को 11 बजे के बाद ग्राम पंचायत की बैठक में कमेटी व निविदादाताओं के सामने खोली जाएंगी। **गाड़ी का स्टेशनः-** घाट मुधय, लधड़्याना, मलारी, कशल, **सामग्री का विवरणः-**1. रेत-प्रति घन मीटर, 2. बजरी 20एमएम, 40एमएम- प्रति घन मीटर, 3. ईंट-प्रति ईंट, 4. सरिया 8,10,12,16एमएम-प्रति किलो ग्राम, 5. साईन बोर्ड 2×3, 3×4-प्रति बोर्ड, 6. सीमेंट ढुलवान गाड़ी द्वारा बालीचौकी से लधड़्याणा, मलारी, कशल, घाट, मुहाय-प्रति बैग, 7. लकड़ी-प्रति घन मीटर, 8. शटरिंग- प्रति वर्ग मीटर, 9. पीवीसी पाईप-प्रति फुट, 10. जीआई शीट 45,50एमएम-प्रति पीस, 11. हार्डवेय सामान, 12. डस्टवीन-प्रति पीस, 13. लोहे के बैंच-प्रति बैंच, 14. क्रेट वायर 4,5एमएम- प्रति किलो, 15. टाईल फ्लोर,दीवार-प्रति वर्ग फुट, 16. वाटर कूलर, 17. जेसीबी मशीन, 18. गाड़ी ढुलान प्रत्येक वार्ड में-प्रति चक्कर, 19. बिजली फिटिंग का सामान, 20. एम एस पाईप 4 इंच, 3इंच, 1/2 इंच, 21. खच्चर ढुलवान अलग-2 वार्डों हेतु, 22. पाईप रेलिंग, लोहा रेलिंग-प्रति किलो,

**नियम व शर्तेः-** निविदादाताओं के पास अपना पंजीकरण टिन नं./सीएसटी/जीएसटी नं. होना आवश्यक है, रेत बजरी व पत्थर आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से जारी एम/एक्स फार्म ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करने होंगे व पीडब्लूडी लैब से प्रमाणिकता का प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा। एम/एक्स फार्म उपलब्ध करवाना आवश्यक होगा। निविदाओं पर दरें स्पष्ट अंकित होनी चाहिए। ओवरराइटिंग होने की दशा में निविदा रद्द की जाएगी। सामग्री कार्य स्थल तक पहुंचानी होगी। सामग्री समय पर न देने पर स्वीकृत बेंडर को रद्द करके दूसरे बैंडर को सप्लाई आदेश दिया जाएगा। निविदाएं केवल डाक के माध्यम से मान्य होंगी।

**प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत लधड़याणा (कशल)**
**विकास खण्ड बालीचौकी, जिला मंडी (हि.प्र.)**

‘दुनिया शायद ही उन साहित्यिक कृतियों को याद करेगी, जिन पर केवल आधा दर्जन पंडितों ने महारत हासिल की है। - **बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय**

## संपादकीय

# नशा मुक्त हिमाचल

हिमाचल में नशा तस्करी में संलिप्त आदतन बार-बार पकड़े जाने वाले अपराधियों पर प्रदेश की सुक्खू सरकार ने पूरी तरह से शिकंजा कस दिया है। सरकार ऐसे अपराधियां पर सख्ती करते हुए उनकी संपत्तियां कुर्क करने जा रही है। पुलिस ने ऐसे 120 नशा तस्करों की सूची तैयार की है, जो कि लगातार चिट्टे समेत अन्य नशा तस्करों में संलिप्त पाए जा रहे हैं। सभी नशा तस्करों की संपत्तियों का आकलन करने के लिए पुलिस ने उपायुक्त शिमला और उपायुक्त सोलन को सूची भेजी है। सरकार नशे के बढ़ते चलन को लेकर पहले ही जीरो टॉलरेंस नीति पर चल रही है, लिहाजा सरकार का यह फैसला ऐतिहासिक और काबिलेतारीफ है। हिमाचल प्रदेश में नशा तस्करी की समस्या दिनों-दिन गंभीर होती जा रही है। खासकर चिट्टा (हेरोइन) जैसे घातक नशे के बढ़ते चलन ने युवा पीढ़ी को बर्बादी की ओर धकेल दिया है। पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत ऐसे तस्करों की संपत्ति को जब्त करना कानूनन मुमकिन है और इससे अपराधियों के मन में एक बड़ा डर पैदा होगा, लेकिन, इस खतरे को जड़ से मिटाने के लिए केवल संपत्ति कुर्क करना पर्याप्त नहीं है। इसके लिए बहुआयामी और समन्वित रणनीति की आवश्यकता है।

हिमाचल प्रदेश की सीमाएं कई राज्यों के साथ लगती हैं, जो तस्करी के लिए एक आसान मार्ग प्रदान करती हैं। नशा तस्कर अक्सर पंजाब, हरियाणा या अन्य राज्यों से चिट्टा और अन्य मादक पदार्थों की तस्करी करते हैं। ऐसे में अंतरराज्यीय समन्वय और खुफिया सूचना तंत्र को और मजबूत करना समय की मांग है। सीमा पर चेक पोस्ट, ड्रोन सर्विलांस और मोबाइल स्कैनिंग यूनिट्स जैसे उपायों को तैनात करना उचित रहेगा। स्थानीय पुलिस थानों को नशा रोधी गतिविधियों के लिए विशेष प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण और कानूनी जानकारी से लैस करना होगा। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ राज्य पुलिस का समन्वय बढ़ाकर संयुक्त अभियान चलाए जाने चाहिए। नशा तस्करों के नेटवर्क की जानकारी जुटाने के लिए साइबर सैल को और मजबूत किया जाना चाहिए। अक्सर नशा तस्करों को पकड़ने के बाद साक्ष्य के अभाव या कानूनी प्रक्रियाओं में देरी के कारण वे छूट जाते हैं। इसके लिए एनडीपीएस एक्ट के तहत विशेष न्यायालयों की स्थापना की जानी चाहिए, जहां नशा तस्करी के मामलों का त्वरित निपटारा हो सके, साथ ही गवाहों की सुरक्षा का भी उचित प्रबंध होना चाहिए। नशा सबसे पहले युवा वर्ग को निशाना बनाता है। इसलिए स्कूलों और कॉलेजों में नशे के दुष्परिणामों पर आधारित जागरूकता कार्यक्रमों को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। विद्यार्थियों को नशा मुक्ति और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी देना आवश्यक है ताकि वे नशे के प्रति सजग रहें। जिन युवाओं या व्यक्तियों ने नशे की आदत पकड़ ली है, उनके लिए पुनर्वास की सुविधा अत्यंत आवश्यक है। प्रदेश के हर जिले में सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना की जानी चाहिए। इन केंद्रों में न केवल इलाज बल्कि काउंसिलिंग, रोजगार प्रशिक्षण और सामाजिक पुनर्वास की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि वे सामान्य जीवन में लौट सकें।

स्थानीय पंचायतों, एनजीओ, महिला मंडलों और युवक मंडलों को नशा विरोधी अभियानों से जोड़ा जाना चाहिए। समुदाय की भागीदारी से किसी क्षेत्र में नशा तस्करी या नशा सेवन की गतिविधियों की तुरंत जानकारी मिल सकती है। नशा मुक्त ग्राम जैसे अभियानों को बढ़ावा देना चाहिए। सरकार को सोशल मीडिया और जनसंचार माध्यमों का इस्तेमाल करके नशे के खिलाफ जनजागरूकता फैलानी चाहिए। प्रेरणादायक कहानियों, डॉक्यूमेंट्री, लघु फिल्म और वीडियो संदेशों के जरिए युवा वर्ग तक प्रभावी ढंग से संदेश पहुंचाया जा सकता है। कुछ क्षेत्रों में बेरोजगारी और गरीबी के कारण लोग नशा तस्करी में शामिल हो जाते हैं। सरकार को उन क्षेत्रों में वैकल्पिक आजीविका और स्वरोजगार कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करना होगा, ताकि लोगों को वैध और सम्मानजनक आय के साधन मिल सकें। जनता के लिए एक गोपनीय हेल्पलाइन और मोबाइल ऐप उपलब्ध कराना चाहिए, जहां वे बिना डर के नशा तस्करी या नशा सेवन की जानकारी दे सकें। सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाए और उन्हें सम्मानित किया जाए। नशा तस्करी और नशा सेवन के मामलों का समुचित डाटा एकत्र कर उसकी समय-समय पर समीक्षा करनी चाहिए। इससे यह पता लगाया जा सकता है कि किन इलाकों में नशा बढ़ रहा है और वहां विशेष ध्यान दिया जा सके। हिमाचल सरकार की ओर से नशा तस्करों की संपत्तियों को कुर्क करने का निर्णय न केवल एक सख्त कानूनी कार्रवाई है, बल्कि यह एक नैतिक संदेश भी है कि समाज में ऐसे अपराधों की कोई जगह नहीं है, लेकिन नशे की इस समस्या को जड़ से मिटाने के लिए उपरोक्त सभी आयामों पर एक समन्वित और निरंतर प्रयास की आवश्यकता है। यह लड़ाई केवल सरकार की नहीं, समाज के हर व्यक्ति की है। जब प्रशासन, पुलिस, समुदाय, युवा और मीडिया मिलकर इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे, तभी एक नशा मुक्त हिमाचल की कल्पना साकार हो सकेगी। ■


### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## हिंदी सिनेमा के दिग्गज पटकथा लेखक

**सागर** सरहदी भारतीय हिन्दी सिनेमा के दिग्गज पटकथा लेखक थे। उन्होंने ‘कभी कभी’, ‘चांदनी’, ‘सिलसिला’, ‘नूरी’, ‘दीवाना’, ‘कहो न प्यार है’, जैसी कई बेहतरीन फिल्मों की पटकथा लिखी। एक नाटक प्रेमी होने के साथ ही उन्होंने फिल्मों के संवाद लेखन और निर्देशन भी किया। स्मिता पाटिल की सबसे यादगार फ़िल्मों में से एक ‘बाजार’ की न केवल सागर सरहदी ने कहानी लिखी बल्कि उसके निर्माता निर्देशक भी वे ही थे। सागर सरहदी ने रंगमंच की दुनिया में फारुख शेख और शबाना आजमी जैसे दिग्गज कलाकारों को मौका दिया था। उनका नाम उन सितारों में शुमार था, जिन्होंने अपने दम पर पर हिंदी सिनेमा जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई। सागर सरहदी का जन्म बाफा, पाकिस्तान में हुआ था। फिल्म ‘बाजार’ से उन्होंने डायरेक्शन में डेब्यू किया था। इस फिल्म में स्मिता पाटिल, फारुख़ शेख और नसीरुद्दीन शाह थे। ■



सागर सरहदी
जन्म : 11 मई, 1933
मृत्यु : 22 मार्च, 2021



कविता

## मेरा लाल भी रण में उतरेगा

डॉ. राजन तनवर, गांव घाट कुम्हाला, जिला सोलन

*सिंदूर को सम्मान दिलाने मेरा लाल भी रण में उतरेगा,*
*कायरों को सबक सिखाकर ही वह अब लौटेगा।*
*इसके पापा-चाचा ने भी मातृभूमि के प्रति अपना फर्ज निभाया था,*
*ऑपरेशन ब्लू स्टार, करगिल पर तिरंगा फहराकर देश का मान बढ़ाया था।*
*रखी थी दोनों ने दूध की लाज मेरा कोखजना क्या अब पीछे रह पाएगा ?*
*महिला वीरांगनाओं-कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने,*
*लक्ष्य भेदने की सूचना देकर सद्भावना का पाठ पढ़ाया है।*
*मिनटों में भेद डाले कायरों के नौ प्रशिक्षण स्थल,*
*नारी शक्ति ने सशक्त होकर दिखलाया है।*
*माता के सिंदूर की लाज बचाने मेरा लाल भी आगे बढ़ जाएगा,*
*कायरों को सबक सीखाकर ही वह अब घर लौटेगा।*
*विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने राष्ट्र से साझा की सही और सटीक जानकारी,*
*क्या फिर भी कोई व्यर्थ की उछलकूद कर पाएगा ?*
*सिंदूर को सम्मान दिलाने मेरा लाल भी रण में उतरेगा।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# ज्ञान और प्रेम के संगम स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि जी

आविर्भाव दिवस पर विशेष

लेखिका : डॉ. मंजुलता

‘प्रेम ही ईश्वर है’ यह केवल किसी कवि की उद्दात कल्पना के रूप में नहीं, बल्कि सनातन सत्य के रूप में। मनुष्य चाहे किसी भी धर्म या पंथ का हो ... यदि वह प्रकृति द्वारा उसके हृदय में बिठाए गए इस प्रभुत्वकारी तत्व को उचित रूप से संवर्धित करता है तो वह माया की अंधकारमय सृष्टि में भटकने से अपने आप को निश्चित तौर पर बचा सकता है। एक अद्‌भुत पुस्तक ‘कैवल्य दर्शनम’ से उद्धृत ये शब्द, मानवजाति को माया के मजबूत शिकंजे से आजाद होने का कितना सुंदर उपाय और आश्वासन प्रदान करते हैं। इस वर्ष की भांति आज से 131 वर्ष पूर्व 1894 के महाकुंभ में मृत्युंजय बाबाजी ने ज्ञानावतार कहलाने वाले एक ऋषि स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी को इस पुस्तक की रचना करने का आदेश दिया।

यही नहीं उसी भेंट में बाबाजी ने श्रीयुक्तेश्वरजी के गहन आध्यात्मिक अंतरज्ञान और जागतिक दृष्टिकोण के कारण उन्हें मुकुंद नाम के एक बालक को, श्री श्री परमहंस योगानंद में परिवर्तित करने के लिए चुना। 10 वर्ष के गहन प्रशिक्षण को पाकर बालक मुकुंद योगानंद बने जो पूर्व और पश्चिम के महान संत और जगत गुरु के रूप में जाने जाते हैं। अपने गुरु के आदेश पर ही उनसे प्राप्त मुक्तिदायक सत्यों को वितरित करने के उद्देश्य से योगानंदजी ने पूर्व में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया तथा पश्चिम में सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप की स्थापना की जहां पर इच्छुक भक्त आवेदन कर ध्यान की मुक्तिदायिनी उच्चत्तम प्रविधि, क्रियायोग को सीख सकते हैं।

अपनी पुस्तक ‘योगी कथामृत’, जो एक महान गौरव ग्रंथ की श्रेणी में आता है और जिसने कोटि-कोटि लोगों के जीवन को बदलने में अपनी भूमिका निभाई है, में योगानंदजी अपने गुरु श्रीयुक्तेश्वरजी के बारे में बताते हैं ‘वे मितभाषी, आडंबरहीन और गंभीर थे। उनका मौन रहना उनकी अनंत ब्रह्म की गहन अनुभूति के कारण था। एक और स्थान पर ‘अपने गुरु के आश्रम की कालावधि’ नामक पाठ में वे कहते हैं ‘श्री युक्तेश्वरजी के पवित्र चरणों का स्पर्श करते समय मैं सदा ही रोमांचित हो उठता था... उनकी ओर से एक सूक्ष्म विद्युत धारा प्रवाहित होती थी। ....मैं जब भी अपने गुरु के चरणों पर माथा टेकता था, मेरा संपूर्ण शरीर जैसे एक मुक्तिप्रदायक तेज से भर जाता था।’ अनुशासन प्रिय एवं कठोर होने के साथ-साथ, श्रीयुक्तेश्वरजी का बाल सुलभ हृदय प्रेम से परिपूर्ण था।

वे अपने शिष्यों को अत्यंत प्रिय थे और उन्हें बहुत प्रेम करते थे, बिना किसी अपेक्षा के। ज्ञान और प्रेम का अद्‌भुत संगम उनमें परिलक्षित होता था। योगानंदजी के प्रेम के वशीभूत हो पहले ही भेंट में उन्होंने अपना सर्वस्व देने को कह दिया था। वे केवल अपने शिष्यों का योगक्षेम चाहते थे। उन्हें किसी भी प्राणी जैसे बाघ, शेर या विषैले सांपों से कोई भय नहीं था। उसका एक कारण था, प्राणी जगत से प्रेम। यह तो सर्वविदित है कि कोई भी प्राणी अपनी रक्षा हेतु मानव पर वार करता है। यदि मानव प्रेम पूर्ण हृदय से उस जीव को आश्वासत कर दे कि वह उसका कोई अहित नहीं करेगा तो वह हिंसक नहीं होगा।


श्रीयुक्तेश्वरजी ने इसी तथ्य को भली भांति उजागर किया। 10 मई को हुए उनके अविर्भाव दिवस पर ब्रह्माडीय चेतना में सदैव अपनी उपस्थिति का आभास कराने वाले इस ईश्वरतुल्य संत के आशीर्वादों को आत्मसात् करने हेतु आइए उन्हें शत-शत नमन करें।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# आध्यात्मिक प्रयास से सब कुछ सुधरेगा

लेखिका : रेणु सिंह परमार

भविष्य में सब कुछ सुधर जाएगा यदि तुम अभी से आध्यात्मिक प्रयास शुरू कर दो। इन अविस्मरणीय शब्दों के माध्यम से स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी ने वर्तमान में आध्यात्मिक प्रयास करने के महत्व पर बल दिया, जिसके परिणामस्वरूप कोई भी व्यक्ति अपने भविष्य जीवन में सकारात्मक परिवर्तन उत्पन्न कर सकता है। उन्होंने अपने इन सारगर्भित शब्दों में सर्वोत्तम प्रयास करने के लिए एक स्पष्ट आह्वान किया है ‘ईश्वर को पाने का अर्थ होगा सभी दुखों का अंत।’ कितना महान वचन ‘ईश्वर की खोज में, दुखों से मुक्त, परम सुख और परम आनंद से पूर्ण जीवन! श्रीयुक्तेश्वरजी का पारिवारिक नाम प्रियनाथ कड़ार था। उनका जन्म 10 मई, 1855 को पश्चिम बंगाल में श्रीरामपुर में हुआ था जहां उनके पिता एक धनवान व्यापारी थे। वाराणसी के महान संत श्री लाहिड़ी महाशय के शिष्यत्व में वे गिरि संप्रदाय में स्वामी बने और उन्होंने ‘ज्ञानावतार’ अथवा ज्ञान के अवतार की सर्वोच्च आध्यात्मिक उच्चता को प्राप्त किया।



श्री श्री स्वामी श्री युक्तेश्वरजी



श्री श्री परमहंस योगानंद

स्वयं अमर गुरु महावतार बाबाजी ने ही युवा मुकुंदलाल घोष, जो कालांतर में श्री श्री परमहंस योगानंद के नाम से विख्यात हुए, को श्रीयुक्तेश्वरजी के पास पश्चिम बंगाल में श्रीरामपुर स्थित उनके आश्रम में आध्यात्मिक प्रशिक्षण के लिए भेजा था। वाराणसी की एक संकरी गली में जब पहली बार उनकी भेंट हुई तो योगानंदजी ने तत्क्षण एक गहन संबंध का अनुभव किया और उन्हें लगा कि अंततः उन्होंने अपने गुरु को पा लिया है, जिनका दिव्य चेहरा उन्होंने हजार बार अपने दिव्य दर्शनों में देखा था। योगानंदजी, अपने गुरु श्रीयुक्तेश्वरजी द्वारा प्रशिक्षित होकर, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक आध्यात्मिक गुरु के रूप में प्रसिद्ध हुए। उन्होंने सम्पूर्ण विश्व को सर्वोच्च प्राचीन भारतीय ध्यान प्रविधि क्रियायोग से परिचित कराया।

योगानंदजी के आध्यात्मिक गौरव ग्रंथ, ‘योगी कथामृत’ ने वैश्विक स्तर पर लाखों लोगों को प्रभावित किया है और इसका 50 से अधिक भाषाओं में अनुवाद किया जा चुका है। उन्होंने सन 1917 में भारत में रांची में योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया (वाईएसएस) और सन 1920 में अमेरिका में लॉस एंजेलिस में सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप (एसआरएफ) की स्थापना की, ताकि उनके द्वारा अपने गुरु के चरण कमलों में ग्रहण की गई शिक्षाओं का प्रसार किया जा सके। श्रीयुक्तेश्वरजी अपने शिष्यों के साथ अनुशासन में दृढ़ता बरतते थे और कहते थे, ‘जो मुझसे शिक्षा प्राप्त करने मेरे पास आते हैं, उनके साथ मैं अत्यन्त कठोर होता हूं...यही मेरा तरीका है। चाहे तो इसे स्वीकार करो या छोड़ दो, मैं कभी समझौता नहीं करता।’ परन्तु उसके साथ ही, वे उनका बहुत ध्यान रखते थे, जैसे एक मां अपने बच्चों का ध्यान रखती है। योगी कथामृत के प्रकरण 12 में, योगानंदजी बताते हैं कि अपने दिव्य गुरु की बाज-सदृश देखरेख में किस प्रकार से उनका आध्यात्मिक विकास हुआ था, यद्यपि वे अनेक बार उनके अनुशासन रूपी हथौड़े के प्रहार से तिलमिला उठते थे ‘मेरे मिथ्याभिमान को तोड़ने वाले जो प्रहार उन्होंने किए, उनके लिए मैं अपरिमित रूप से उनका कृतज्ञ हूं।

कभी-कभी मुझे लगता था कि, लाक्षणिक तौर पर, वे मेरे प्रत्येक रुग्ण दाँत को उखाड़ते जा रहे थे।’ आध्यात्मिक रूप से इतने महान होते हुए भी श्रीयुक्तेश्वरजी अत्यंत सरल और विनम्र थे। वे किसी भी तरह का दिखावा करने या अपनी आंतरिक निर्लिप्तता को प्रकट करने में असमर्थ थे। स्वभावतः ही श्रीयुक्तेश्वरजी का मौन रहना उनकी अनन्त ब्रह्म की गहरी अनुभूतियों के कारण था तथा उनका प्रत्येक शब्द ज्ञान से पूर्ण होता था।

योगानंदजी ने भक्तिभाव के साथ कहा, ‘मुझे इस बात का आभास था कि मैं भगवान के जीवंत विग्रह के सान्निध्य में हूं। उनकी दिव्यता का भार अपने आप ही मेरे मस्तक को उनके सामने नत कर देता था।’ महावतार बाबाजी जानते थे कि श्रीयुक्तेश्वरजी शास्त्रों के एक अद्वितीय व्याख्याकार हैं। इसीलिए उन्होंने भगवान कृष्ण और ईसा मसीह की शिक्षाओं के बीच समानताओं पर प्रकाश डालने वाले एक ग्रंथ की रचना करने का अनुरोध किया। उन्होंने सन् 1894 में प्रकाशित अपनी सुप्रसिद्ध पुस्तक ‘कैवल्य दर्शनम्’ में अत्यंत सुंदर ढंग से इस व्याख्या को प्रस्तुत किया। योगानंदजी प्रायः कहा करते थे कि श्रीयुक्तेश्वरजी आसानी से एक सम्राट या विश्व को थर्रा देने वाले योद्धा बन सकते थे, यदि उनका मन ख्याति या सांसारिक उपलब्धियों पर केंद्रित होता परंतु इसके बदले उन्होंने क्रोध और अहंकार के उन आन्तरिक दुर्गों का विध्वंस करना पसंद किया, जिनके पतन में मनुष्य की चरम उपलब्धि निहित है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# ‘मां’ तू कितनी अच्छी है, तू कितनी भोली है

मां एक ऐसा शब्द है जिसमें पूरा ब्रह्मांड समा जाए। जब हम मां बोलने के लिए मुंह खोलते हैं तो शब्द के उच्चारण के साथ ही पूरा मुंह भर जाता है। मां ममता की मूरत होती है। पूरी दुनिया के सभी धर्मों में मां के रिश्ते को सबसे पवित्र माना गया है। अपने बच्चों के प्रति मां का प्यार, दुलार, समर्पण और त्याग अनमोल होता है। मां को सम्मान देने के लिए पूरी दुनिया में मई के दूसरे रविवार को मातृत्व दिवस (मदर्स डे) मनाया जाता है। इस साल 11 मई को मातृ दिवस मनाया जाएगा।



लेखक : रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

एना जार्विस नामक अमेरिकन महिला ने अपनी समाजसेवी मां की स्मृति में 1908 में पहली बार मदर्स डे मनाया था। मां को संस्कृत में मातरः कहते है। मां ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है जिसके माध्यम से परमेश्वर अपने अंश द्वारा अपनी शक्ति का संचार और विस्तार करता है। पुराणों के अनुसार मां का अर्थ लक्ष्मी है। जिस प्रकार मां लक्ष्मी सृष्टि का पालन करती है, उसी प्रकार मां भी शिशु का पालन करती है। इस प्रकार मां को लक्ष्मी का स्वरूप माना गया। एक मत यह है कि इस सृष्टि का आरंभ मनु और शतरूपा नामक स्त्री-पुरुष के समागम से हुआ। मनु के नाम पर ही उनकी संतान को मनुज या मानव कहा गया। मनु की संतान को जिसने जन्म दिया, उसे मां कहा गया और इस प्रकार मां शब्द की उत्पत्ति हुई। दुनिया में मां की तुलना भगवान से की जाती है।

भारत में गंगा नदी को पवित्र मान कर मां का दर्जा दिया जाता है, जो इस बात का संकेत है कि मां अपने आप में एक उपाधि है। कई धार्मिक ग्रंथों में जननी की महिमा का बखान मिलता है। मां होने का अर्थ है उत्तरदायित्व और निस्वार्थता से पूरी तरह से अभिभूत होना। मातृत्व का मतलब है रातों की नींद हराम करना। मां भगवान की सबसे श्रेष्ठ रचना है। उसके जितना त्याग और प्यार कोई नहीं कर सकता है। मां विश्व की जननी है उसके बिना संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मां ही हमारी जन्मदाता होती है और वही हमारी सबसे पहली गुरु होती है। इसीलिए हम धरती को भी धरती माता कहते हैं, जो अपने ऊपर हम सब का वजन उठाती है। अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस माताओं एवं मातृत्व का सम्मान करने वाला दिन होता है। एक मां सभी की जगह ले सकती है, लेकिन उनकी जगह कोई और नहीं ले सकता है। मां अपने बच्चों की हर प्रकार से रक्षा और उनकी देखभाल करती है। इसलिए मां को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाता है। मां वह शख्स होती है, जो नौ माह तक अपने बच्चे को कोख में रखकर जन्म देती है। उसके बाद उसका लालन-पालन करती है।

कुछ भी हो जाए लेकिन एक मां का अपने बच्चों के प्रति स्नेह कभी कम नहीं होता है। वह खुद से भी ज्यादा अपने बच्चों के सुख सुविधाओं को लेकर चिंतित रहती है। मां अपनी संतान की रक्षा के लिए बड़ी से बड़ी विपत्तियों का सामना करने का साहस रखती है। देखा जाए तो मातृ दिवस का इतिहास सदियों पुराना एवं प्राचीन है। यूनान में परमेश्वर की मां को सम्मानित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता था। 16वीं सदी में इंग्लैंड



मातृत्व दिवस पर विशेष

का ईसाई समुदाय ईशु की मां मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए इस दिवस को त्योहार के रूप में मनाए जाने की शुरुआत हुई। मदर्स डे मनाने का मूल कारण समस्त माताओं को सम्मान देना और एक शिशु के उत्थान में उसकी महान भूमिका को सलाम करना है। मातृत्व दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने आठ मई 1914 को लिया था। राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाने और मां के सम्मान में एक दिन के अवकाश की सार्वजनिक घोषणा की थी।

वर्तमान में ये भारत के साथ यूके, चीन, यूएस, मेक्सिको, डेनमार्क, इटली, फिनलैंड, तुर्किये, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जापान, बेल्जियम सहित कई देशों में मनाया जाता है। हमारे देश में गाय को भी गोमाता कह कर पुकारते हैं, जो हमें अपने अपना दूध पिलाकर बड़ा करती है। मां हमारे जीवन की सबसे प्रमुख हस्ती होती है, जो बिना कुछ पाने की उम्मीद किए सिर्फ देती ही रहती है।

भारतीय संस्कृति तथा कुछ ग्रंथों के अनुसार, मां शब्द की उत्पत्ति गोवंश से हुई। गाय का बछड़ा जब जन्म लेता है तो उसके सर्वप्रथम रंभाने में जो स्वर निकालता है, वह मां होता है। यानी कि बछड़ा अपनी जन्मदात्री को मां के नाम से पुकारता है। इस प्रकार जन्म देने वाली को मां कहकर पुकारा जाने लगा। शास्त्रों के अनुसार सर्वप्रथम बछड़े ने ही अपनी मां गाय को रंभाकर मां पुकारा और वहीं से इस शब्द की उत्पत्ति हुई। मां शब्द का अर्थ है निस्वार्थ प्यार और बलिदान। मां वो होती है, जो खुद भूखी सो जाए, पर अपने बच्चों को भूखा रहने नहीं देती। उसे खुद कितनी भी तकलीफ हो वो जताती नहीं और ऐसे में भी सिर्फ अपने बच्चों की ही सलामती की दुआ करती है। मां की ममता समुद्र से भी गहरी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

### अपनी बात

**पाकिस्तान** इस समय दो मोर्चों से जूझ रहा है। एक तरफ उसे भारत के साथ सीधे युद्ध का डर सता रहा है तो वहीं उसकी अंदरूनी हालत ठीक नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि पाकिस्तान दो-दो मोर्चों पर कैसे निपटेगा? हालात ऐसे बन गए हैं कि दोनों देश युद्ध के मुहाने पर आए आए हैं। ऐसे में भारत को बहुत ही सोच-समझकर एक ऐसी कारगर नीति अपनानी होगी जो न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करे, बल्कि पाकिस्तान को उसकी हरकतों का मुंहतोड़ जवाब भी दे और साथ ही क्षेत्रीय व वैश्विक शांति को भी ध्यान में रखे। भारत को आक्रामक बचाव की रणनीति को अपनाना चाहिए, जिसमें पाकिस्तान की किसी भी हरकत का जवाब मजबूती और सटीकता से दिया जाए, लेकिन बिना अनावश्यक युद्ध में उलझे। एयरस्ट्राइक और मिसाइल इंटरसेप्ट कर पाने की भारत की क्षमता पहले ही सिद्ध हो चुकी है। पाकिस्तान एक ओर आतंकवाद का शिकार होने का दावा करता है और दूसरी ओर आतंकवादियों को खुद ही समर्थन भी देता है। **-मुनीष, दरंग**

# 1857 की क्रांति में पहाड़ी रियासतों का रहा अग्रणी योगदान

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम 1857 भारत की आत्मा की पुकार थी। यह संघर्ष केवल दिल्ली, मेरठ या कानपुर तक सीमित नहीं था। इसने हिमालय की गोद में बसी छोटी-छोटी पहाड़ी रियासतों में भी स्वतंत्रता की चेतना को जन्म दिया। वर्तमान हिमाचल प्रदेश की धरती ने भी इस महासंग्राम में न केवल भागीदारी निभाई, बल्कि अपने वीरों की आहुति देकर भारत माता का मस्तक ऊंचा किया।



लेखक : डॉ. राकेश कुमार शर्मा
सरदार पटेल विवि, मंडी

ब्रिटिश इतिहासकारों और औपनिवेशिक अभिलेखों ने शायद इसे हाशिए पर रखा हो, लेकिन सच्चाई यही है कि 1857 की चिंगारी शिमला, कांगड़ा, कुल्लू, कसौली और सिराज सहित संपूर्ण पहाड़ी क्षेत्रों में भी धधकी। यहां के नायकों ने अपने सीमित संसाधनों के बावजूद ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी।

1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के कई कारण थे, लेकिन इसका तात्कालिक कारण चर्वी वाले कारतूस था जिसके विरोध में 28 मार्च, 1857 को 34 नेटिव इन्फेंट्री के सैनिक मंगल पांडे ने बंगाल की बैरकपुर छावनी में अंग्रेजों के विरुद्ध हथियार उठाकर क्रांति का बिगुल बजा दिया। क्रांतिवीर मंगल पांडे को जब अंग्रेज सेना अधिकारी सार्जेंट मेजर ह्यूसन ने पकड़ने का प्रयास किया तो उन्होंने सार्जेंट मेजर ह्यूसन को गोली से उड़ा दिया। उसके बाद मेरठ के सैनिकों ने 10 मई, 1857 को कोर्ट मार्शल के अंतर्गत जेल में बंद अपने सैनिक साथियों को मुक्त कराया और वहां से दिल्ली की ओर कूच करके क्रांति का बिगुल बजा दिया। इसकी सूचना के साथ ही पूरे देश में स्वतंत्रता की क्रांति-ज्वाला धधक उठी।

हालांकि, इस स्वतंत्रता संग्राम को सैनिक विद्रोह की आकस्मिक घटना भी बताया जाता रहा है, लेकिन विचारणीय है कि इस स्वतंत्रता संग्राम में लगभग तीन लाख वीरों का शहीद होना, हजारों व्यक्तियों का फांसी पर चढ़ना, हजारों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया जाना तो यही प्रमाणित करता है कि यह कोई आकस्मिक घटना नहीं थी, अपितु यह भारत की स्वतंत्रता का एक योजनाबद्ध महासंग्राम था।

सन 1857 में लड़े गए प्रथम भारतीय स्वाधीनता संग्राम, जिसने एक बार तो सुदूर इंग्लैंड अंग्रेजों की नींव को हिलाकर रख दिया था जिसमें हिमाचल प्रदेश का क्या योगदान रहा। 1814-15 में गोरखों-अंग्रेजों के मध्य हुए युद्ध में गोरखों की पराजय के बाद हुई संधि के फलस्वरूप सतलुज घाटी और शिमला की पहाड़ी रियासतों पर अंग्रेजों का स्वामित्व हो गया। लाहौर के महाराजा रणजीत सिंह की मृत्यु के बाद आपसी लड़ाई, केंद्रीय शासन के अभाव एवं अफरा-तफरी के वातावरण में 1845 में सिखों का अंग्रेजों के मध्य हुए युद्ध में अंग्रेज विजयी हुए। मार्च 1846 में हुई लाहौर संधि के कारण कांगड़ा की पहाड़ी रियासतें और कुल्लू एवं लाहौल-स्पिति अंग्रेजों के अधीन हो गए, लेकिन अंग्रेजों ने इन पहाड़ी छोटी बड़ी रियासतों को दो प्रकार की श्रेणियों में बांट दिया। पहली श्रेणी में सिरमौर, बिलासपुर, जुब्बल, बुशहर, क्योयल, बाघल, नालागढ़, शांगरी, कुमारसेन, कुठाड़, बघाट और बलसन की रियासतें थीं, जिनको अपने संरक्षण में लेकर उन्हें आंतरिक स्वायत्ता प्रदान करके रियासतें लौटा दीं, जबकि धामी, भज्जी, ठियोग, बरोच, महलोग, वेजा, मांगल, कुनिहार और दरकोटी की ठकुराइयों को अपने संरक्षण में लेकर इनके शासकों को संधि के रूप में सनदें प्रदान कीं।





दूसरी श्रेणी में लाहौल-स्पीति, कुल्लू, कांगड़ा, जसवां, गुलेर, नूरपुर, हरिपुर, दातारपुर व कोटला आदि के राज्य छीन कर उन्हें अंग्रेजी साम्राज्य में मिलाकर छोटी-छोटी जागीरें प्रदान कर जागीरदार बना दिया। यहां 1857 से भी पहले 1848-49 में नूरपुर रियासत के वजीर राम सिंह पठानिया ने अपनी रियासत की स्वतंत्रता के लिए ब्रिटिश सेना को दांतों चने चबवाए थे, जिससे कांगड़ा जनपद के विस्थापित शासकों को अंग्रेजों के विरुद्ध आवाज उठाने का प्रोत्साहन मिला। हिमाचल में 1857 के स्वतंत्रता संग्राम पहली चिन्गारी कसौली की सैनिक छावनी में भड़की। 20 अप्रैल, 1857 को अंबाला राइफल डिपो के छह देसी सैनिकों ने कसौली में एक पुलिस चौकी को आग लगा दी। इस छावनी में एक पुलिस चौकी के अतिरिक्त 300 के लगभग ब्रिटिश सैनिक अफसर और जवान तैनात थे। इस सशक्त केंद्र में क्रांतिकारियों ने अंग्रेजों को प्रत्यक्ष चुनौती दी थी। 10 मई, 1857 को को मेरठ के भीषण प्रतिरोधव 11 मई को मेरठ, अंबाला व दिल्ली में क्रांति व कत्ले-आम का समाचार जब शिमला पहुंचा तो इससे यहां भी प्रतिरोध के उठने लगे।

जतोग में तैनात नसीरी सेना (गोरखा रेजिमेंट) ने सूबेदार भीम सिंह के नेतृत्व में जतोग छावनी और खजाने पर कब्जा कर लिया। मेरठ, दिल्ली और जतोग में अंग्रेजों के विरुद्ध क्रांति की खबर सुनकर शिमला के अंग्रेजों में भगदड़ मच गई। सरकारी दफ्तर, दुकानें और घर-बार छोड़ कर अंग्रेज शिमला से भाग निकले। इग्लैंड के तत्कालीन समाचार पत्रों में इस अभूतपूर्व आतंक की खबरें सुर्खियों में छपीं। शिमला की पहाड़ी रियासतों में क्रांति के संचालन के लिए एक गुप्त संगठन कार्य कर रहा था, जिसके मुख्य नेता राम प्रसाद वैरागी थे। गुप्त संगठन का भेद खुल जाने पर रामप्रसाद वैरागी को पकड़ लिया गया और उन्हें अंबाला जेल में फांसी दे दी गई। मेरठ और दिल्ली में क्रांति की सूचना जब कांगड़ा पहुंची तो वहां भी क्रांति की उतेजना फैल गई। समस्त कांगड़ा क्षेत्र में देशभक्त क्रांतिकारियों ने योजनाएं बनाईं। क्रांति को विफल करने के लिए अंग्रेज सरकार द्वारा नदियों के घाट बंद करके नौकाएं नष्ट कर दी गईं। फिर भी क्रांतिकारियों के संघर्ष में कमी नहीं आई।

जसवां, गुलेर, हरिपुर, सुजानपुर, नादौन, कांगड़ा, धर्मशाला और नूरपुर आदि क्रांति के केन्द्रों में हजरों लोग स्वाधीनता संग्राम की इस लड़ाई में सम्मिलित हुए। कांगड़ा के राजा प्रताप चंद ने भी क्रांतिकारियों को पूरा सहयोग दिया। परिणामस्वरूप इन्हें महल में नजरबंद कर दिया गया।

इस संघर्ष में 200 से भी अधिक क्रांतिकारी कांगड़ा क्षेत्र में पकड़े गए। क्रांतिकारी कमांडर ब्रिगेडियर रमजान, हवलदार गुगादीन और पांच अन्य क्रान्तिकारी पकड़े गए और इन सब को नूरपुर में फांसी पर चढ़ा दिया गया। पांच देशभक्त क्रांतिकारियों को कांगड़ा तथा छह क्रांतिकारियों को धर्मशाला में फांसी दी गई। 14 अगस्त, 1857 तक हिमाचल प्रदेश की तत्कालीन सभी रियासतों में फैली क्रांति की लहर धीमी पड़ गई थी, लेकिन इस जनक्रांति के पिछले चार महीनों में हिमाचल भूमि के 50 देशभक्त नागरिक फांसी के फंदे पर राष्ट्र सेवा में अपना जीवन बलिदान कर चुके थे। 500 के लगभग क्रांतिकारी विभिन्न जेलों में बंद थे और 30 आंदोलनकारियों को देश निकाला दिया जा चुका था।1 857 का संग्राम भले ही तत्कालीन रूप से सफल न हो पाया हो, पर इसकी आत्मा ने स्वतंत्रता की नींव को मजबूती दी।

हिमाचल के वीरों ने अपने प्राणों की आहुति देकर यह सिखाया कि स्वतंत्रता केवल मैदानों में नहीं, पर्वतों की शांति में भी पलती है और जब समय आता है, तो वह ज्वालामुखी बनकर फूट पड़ती है। संपूर्ण भारत के साथ-साथ पहाड़ी रियासतों के इन गुमनाम क्रांतिकारियों को स्मरण करना आज का नैतिक कर्तव्य है। आज जब हम 1857 की क्रांति को स्मरण करते हैं तो यह आवश्यक है कि हिमाचल जैसे क्षेत्रों के योगदान को भी इतिहास के केंद्रीय पृष्ठों पर लाया जाए। यह केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि ऐतिहासिक न्याय होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# चोरी हुई पिकअप 48 घंटे में बरामद

## बल्ह पुलिस को मिली सफलता, हरियाणा के चरखी दादरी से बरामद की गाड़ी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**जिला** मंडी पुलिस के अंतर्गत पुलिस थाना बल्ह टीम ने चोरी मामले में एक बड़ी सफलता हासिल की है। मामले में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई को अमल में लाते हुए 48 घंटों में ही चोरीशुदा पिकअप को हरियाणा के जिला चरखी दादरी से बरामद कर लिया है।

बता दें कि बीते 6 व 7 मई की मध्यरात्रि को मंडी जिला के डडौर फोरलेन के समीप पिकअप चोरी हो गई थी। इस पर पुलिस थाना बल्ह में शिकायतकर्ता ने एफआईआर दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले में जांच को शुरू कर चोरी हुई जीप को अब बरामद कर सफलता हासिल कर ली है। जानकारी देते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि मामले में पुलिस टीम ने फोरलेन पर टोल प्लाजा में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और हरियाणा के दादरी में स्थानीय पुलिस की मदद से चोरी की गाड़ी का पता लगा कर बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि मामले में पुलिस की आगामी जांच जारी है। पुलिस ने लोगों से अपने वाहनों को विशेष रूप से रात के समय में सुनसान क्षेत्र में पार्क नहीं करने और हमेशा सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस टीम में थाना बल्ह के एएसआई गोपाल सिंह, हेड कांस्टेबल राम चंद्र और कांस्टेबल लोकराज मौजूद रहे।


बरामद की गई गाड़ी के साथ पुलिस टीम।

## जिमजिमा में बुजुर्ग के साथ मारपीट, महिला पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल के गांव जिमजिमा में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित बिल्लू पुत्र ख्याली राम, गांव जिमजिमा, डाकघर दुल, तहसील जोगिंद्रनगर, जिला मंडी निवासी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। बुजुर्ग के अनुसार, सुमना कुमारी, जो उसी गांव की रहने वाली है, ने उनके साथ मारपीट की। इस शिकायत के आधार पर थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## जोगिंद्रनगर में अवैध शराब के दो मामलों का पर्दाफाश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** स्थानीय पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में कुल 10 बोतलें शराब बरामद की हैं। पहला मामला खुड्डी, डाकघर खजूर, तहसील लडभड़ोल, जिला मंडी निवासी सरवन कुमार (44) से जुड़ा है, जिसकी करियाना दुकान से पुलिस ने ऊना नंबर-1 ब्रांड की 7 बोतलें शराब बरामद कीं।

दूसरी कार्रवाई गांव पेटू, डाकघर भराड़ू, तहसील जोगिन्दरनगर निवासी जय सिंह (उम्र 60 वर्ष) के रिहायशी मकान पर की गई, जहां से पुलिस ने 3 बोतल अवैध शराब बरामद की। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि दोनों मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

# अदालत ने 8 लाख के चेक बाउंस मामले में आरोपी को किया बरी

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

**आरोप सिद्ध न होने पर सुनाया फैसला**

**उपमंडल** सुंदरनगर के न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कोर्ट नंबर-2 की अदालत ने 8 लाख रुपए के चेक बाउंस मामले में आरोप सिद्ध न होने पर आरोपी को बरी कर दिया है। यह मामला भगत राम पुत्र तारा राम, निवासी रठोहा, डाकघर टिक्कर, तहसील बल्ह के खिलाफ दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता शरीफ मोहम्मद पुत्र रमजान मोहम्मद, निवासी गांव डुगराई, डाकघर कनैड, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी ने नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट की धारा 138 के अंतर्गत अदालत में शिकायत दायर की थी।

जानकारी देते हुए आरोपी पक्ष के अधिवक्ता जीआर ठाकुर ने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोपी को उसकी आवश्यकताओं के चलते 8 लाख रुपए की राशि उधार दी गई थी। वर्ष 2022 के फरवरी माह में आरोपी ने राशि लौटाने का वादा करते हुए शिकायतकर्ता को अपने बैंक खाते से 8 लाख रुपए का चेक दिया था। बैंक में आरोपी के खाते में पर्याप्त धनराशि न होने के कारण चेक बाउंस हो गया।

इसके बाद शिकायतकर्ता ने आरोपी को कानूनी नोटिस जारी कर निर्धारित समय में राशि चुकाने को कहा, लेकिन आरोपी द्वारा भुगतान न किए जाने पर अदालत में मामला दायर किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों ने अपने-अपने पक्ष में एक-एक गवाह प्रस्तुत किए। अधिवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता अपने आरोपों को अदालत में सिद्ध नहीं कर सका। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### पधर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा शुरू

**अनंत ज्ञान, पधर।** खंड चिकित्सा अधिकारी संजय गुप्ता ने बताया कि सिविल अस्पताल पधर में अल्ट्रासाउंड सुविधा शुरू हो गई है, खासकर गर्भवती महिलाओं के लिए सिविल अस्पताल पधर में ही अल्ट्रासाउंड जांच हो सकती है, जिससे उन्हें निजी सेंटरों पर जाने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने बताया कि माह मई व जून, 2025 में गर्भवती महिलाओं की सुविधा के लिए अल्ट्रासाउंड की तिथियां घोषित कर दी गई हैं।

### मारपीट व जान से मारने की धमकी पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर में महिला ने जेठ पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी का आरोप लगा एफआईआर दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार महिला ने थाना में दर्ज करवाई एफआईआर में पीड़ित महिला ने कहा है कि वह जड़ोल में टेलर का कार्य करती है और उसका पति पिछले एक साल से कुवैत में नौकरी कर रहा है। शुक्रवार शाम को वह घर के बाहर अपनी सास से बातचीत कर रही थी। इसी दौरान जेठ वहां पर आया और उसे रोककर पाइप से उसके सिर व बाजू पर मारने लगा। महिला का आरोप है कि जेठ ने गाली गलौज कर उसे जान से मारने की भी धमकी दी है। जिसके कारण वह अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

### आपातकालीन स्थिति में कंट्रोल रूम में दें सूचना

**अनंत ज्ञान, पधर।** एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि आपातकालीन स्थिति को मध्य नजर रखते हुए उपमंडलाधिकारी नागरिक कार्यालय पधर में 24*7 घंटे कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है। उन्होंने जनसाधारण से आग्रह किया है कि किसी भी आपातकालीन स्थिति घटना अथवा संदिग्ध स्थिति की सूचना कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 01908-260666 या मोबाइल नंबर 93172-07040 पर दें।

### पुष्प लता बनी आशा कार्यकर्ता संघ की अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारतीय मजदूर संघ से संबंध आशा कार्यकर्ता संघ जिला मंडी के चुनाव रती ब्लाक में सुनीता कश्यप की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इनमें पुष्प लता को अध्यक्ष, हुकमी देवी को उपाध्यक्ष, नरचंद्रा को महामंत्री, उप महामंत्री ममता देवी, सचिव निशा देवी, सहसचिव किरण देवी, कोषाध्यक्ष मीना देवी, सहकोषाध्यक्ष दीपा कुमारी, सलाहकार मीरा देवी व जशोधा देवी को चुना गया। मीडिया प्रभारी नीनू, सह मीडिया प्रभारी अंजना देवी को बनाया गया। नवनिर्वाचित प्रधान पुष्प लता ने कहा कि संघ को मजबूत किया जाएगा।

### कृष्ण चंद्र को मिली प्रधान की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद साइगलू इकाई का चुनाव जिलाध्यक्ष रंपत सिंह राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सदर प्रेस सचिव ध्रुव मल्होत्रा ने बताया कि साइगलू की कार्यकारिणी में कृष्ण चंद्र ठाकुर प्रधान, पदम सिंह अरनोट वरिष्ठ उपप्रधान, शेर सिंह राणा महासचिव, यशपाल डोगरा कोषाध्यक्ष, संध्या ठाकुर सहसचिव पद के लिए सर्वसम्मति से चुना गया। साथ ही इन पदाधिकारियों को कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों को चुनने के लिए अधिकृत किया गया। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष डॉ अशोक अवस्थी, जिलाध्यक्ष आर एस राणा, सदर अध्यक्ष उमेश शर्मा व कोषाध्यक्ष घनश्याम सेन विशेष रूप से उपस्थित रहे! वहां पर उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष अशोक अवस्थी व अन्य वक्ताओं ने बढ़ते हुए साइबर क्राइम और युवाओं के द्वारा नशे के बढ़ते हुए सेवन के बारे में चिंता व्यक्त की गई।

## सार्वजनिक स्थानों में आग्नेय शस्त्र को अपने से अलग करना लापरवाही

**भीम बसेड़ु, महादेव**

**आग्नेय** शस्त्र को बिना ढके संबंधित काम के लिए प्रशासनिक कार्यालय में ले जाने एवं सार्वजनिक स्थानों में अपने से अलग कर कहीं भी रख देने का सिलसिला लंबा हो चला है। खराब जमाने में यह सब करना यानि बंदूक को बिना कवर किए लापरवाही बरतते हुए खुले स्थान में रख देना वर्तमान समय में कितना घातक सिद्ध हो सकता है सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है, क्योंकि यह गोलीमार हथियार है न कि कोई खिलौना है। इस हथियार को अपने शरीर का हिस्सा कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी जिसे घर के बाहर अपने शरीर से अलग रखने का सीधा-साफ मतलब है कि स्वयं समेत औरों की जिंदगी भी खतरे में डालना। लोगों ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही आग्नेय शस्त्र-कारतूस बंदूक आदि के लाइसेंस धारकों को हथियार कवर करने सहित सार्वजनिक स्थानों में हथियारों को अपने से अलग न करने का सख्त प्रावधान बनाया जाए और मनमानी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। (अनंत ज्ञान)


अलग रखा गया आग्नेय शस्त्र।

## सुंदरनगर में 133 ग्राम चरस सहित दो स्कूटी सवार गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस की उपमंडलीय एसआईयू टीम ने शुक्रवार शाम को नाके के दौरान स्कूटी सवार दो युवकों को 133 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सुंदरनगर थाना में एफआईआर दर्ज की है। आरोपी युवकों को आगामी कार्रवाई के लिए थाना के हवाले कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार एसआईयू टीम ने एएसआई दौलत राम के नेतृत्व में जिसमें मुख्य आरक्षी हंसराज,आरक्षी कुलदीप, सतीश कुमार, कमल कुमार व उपेश राणा शामिल रहे ने सुंदरनगर के डैहर में फोरलेन पर नाका लगा रखा था।

इस दौरान पुलिस दल मंडी से बिलासपुर की ओर जाने वाले वाहनों की जांच कर रहा था। जांच में पुलिस ने मंडी की ओर से आ रही स्कूटी एचपी-52 सी-3427 को जिस पर दो युवक सवार थे को जांच के लिए रोका। इनकी तलाशी में पुलिस ने डिक्की के अंदर रखे पैकेट को जांचा तो उसमें चरस बरामद की गई। जिसका वजन करने पर वह 133 ग्राम पाई गई। इसपर पुलिस ने आरोपी स्कूटी सवार प्रदीप कुमार पुत्र बालक राम निवासी गांव बनाटी डाकघर सराहा तहसील चौपाल जिला शिमला और जगदीश कुमार पुत्र रत्न चंद निवासी गांव गडेरी तहसील सुन्नी जिला शिमला को गिरफ्तार और स्कूटी को कब्जे में ले लिया है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सीएम ने नाचन विस क्षेत्र की समस्याओं को हल करने का दिया आश्वासन: गुड्डू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**कांग्रेस** सेवादल के जिलाध्यक्ष प्रेम लाल गुड्डू ने सचिवालय में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात कर नाचन के लोगों की समस्याओं को साझा किया। प्रेम लाल गुड्डू ने बताया कि मुख्यमंत्री ने नाचन के लोगों की समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया और कहा कि चरणबद्ध तरीके से नाचन के लोगों को विकास का लाभ मिलेगा। प्रेम लाल गुड्डू ने बीएसएनएल सिग्नल का मुद्दा भी उठाया और कहा कि बीएसएनएल का सिग्नल बहुत कमजोर है, जिस कारण क्षेत्र के विद्यार्थी ऑनलाइन क्विज में भाग नहीं ले पा रहे हैं। इसके साथ ही लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सड़कों के रखरखाव व पानी की समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया गया।


नाचन विस क्षेत्र की समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाते कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष प्रेम लाल गुड्डू।

# सुंदरनगर में युवाओं ने तिरंगा बांटकर लोगों में जगाया देशभक्ति का जज्बा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**सुंदरनगर** में आज युवाओं ने देशभक्ति का अनूठा प्रदर्शन किया। समाजसेवी और हिंदू जागरण मंच सुंदरनगर के प्रधान रमन कौशल और तकनीकी शिक्षा विभाग की समिति के मुख्य सलाहकार कुशल शर्मा के नेतृत्व में युवाओं ने शहर में तिरंगा झंडे वितरित किए।

इस पहल का उद्देश्य लोगों के दिलों में देश प्रेम की भावना को और मजबूत करना है। 'एक कदम देश प्रेम की ओर' के संदेश के साथ युवाओं ने पुराना बस स्टैंड से लेकर एमएलएसएम कॉलेज तक लोगों को राष्ट्रीय ध्वज भेंट किए। इस दौरान सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल, नगर परिषद के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा और अन्य पार्षदों को भी युवाओं ने तिरंगा झंडा सौंपा। रमन कौशल ने इस अवसर पर कहा कि युवाओं का यह प्रयास देश के प्रति समर्पण और सम्मान की भावना को दर्शाता है। कुशल शर्मा ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देती हैं। युवाओं के इस उत्साहपूर्ण कदम की शहर में सराहना की जा रही है।


सुंदरनगर में तिरंगा बांटकर देश प्रेम जगाते हुए युवा।

## पंचायत व विभागों ने सार्वजनिक लाइटों पर अंकुश लगाने का कार्य किया शुरू

**आदर्श, नेरचौक**

**आदेश मिलने पर सक्रिय हुए जनप्रतिनिधि व कर्मचारी**

**भारत** पाक सीमा पर तनाव व दुश्मन देश पाकिस्तान द्वारा भारत पर किए जा रहे कायर्तापूर्ण हमलों का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। इसी कड़ी में सरकार ने रात्रि समय घरों की लाइट बंद करने की एडवाइजरी जारी की है। वहीं पंचायतों व विभागों को सार्वजनिक स्थान पर लगी सोलर लाइटों को भी अस्थाई रूप से बंद करने को कहा गया है।

सरकार की ओर से जारी इन आदेशों की पालना करते हुए सभी विभागों व जनप्रतिनिधियों ने सार्वजनिक स्थानों पर लगी लाइटों को अस्थाई रूप से बंद करने का कार्य शुरू कर दिया है ताकि दुश्मन देश के मसूड़े पर पानी फेरा जा सके। शनिवार को बीबीएमबी प्रबंधन ने नहर किनारे स्थापित की गई सभी सोलर लाइटों को मौके से हटा दिया। यही नहीं पंचायत प्रतिनिधियों ने भी इस पर दिनभर युद्ध स्तर पर कार्य किया। सलवाहन पंचायत से भी पंचायत ने सार्वजनिक स्थानों पर लगी तमाम सोलर लाइटों को बंद करने का कार्य दिनभर किया। स्थानीय पंचायत प्रधान पंकज चौधरी ने बताया कि प्रशासन की ओर से मिले दिशा निर्देशों के अनुसार हम अपनी पंचायत के लोगों को जागरूक रहने की अपील कर रहे हैं ताकि हम दुश्मन की चाल को असफल करने में कामयाब हो सके। (अनंत ज्ञान)

## 10,837 मामलों का किया निपटारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** देशभर के साथ-साथ मंडी जिला के सभी न्यायालयों में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडी जिला के करसोग, गोहर, जोगिंद्रनगर, सरकाघाट, सुंदरनगर और मंडी मुख्यालय में कुल 16 लोक अदालत बैंचों का गठन किया गया। इन लोक अदालतों के सफल आयोजन के लिए अप्रैल और मई माह में पूर्व लोक अदालत (प्री-लोक अदालत) सिटिंग्स भी आयोजित की गई थीं। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडी के सचिव विवेक कायस्थ ने दी। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत के दौरान पक्षकारों की आपसी सहमति से कुल 17,665 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित कुल 16,898 चालान प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 10,837 मामलों का निपटारा किया गया।

# आपातकालीन स्थिति में प्रशासन के साथ कंधा मिलाकर कार्य करेगी एबीवीपी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद संगठनात्मक जिला सुंदरनगर द्वारा शनिवार को एसडीएम को आपातकालीन परिस्थितियों में प्रशासन के साथ सहयोग करने के संकल्प को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से एबीवीपी ने कहा है कि संगठन केवल एक शैक्षणिक व वैचारिक छात्र संगठन नहीं है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी सेवा संगठन भी है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संगठनात्मक जिला सुंदरनगर के जिला संयोजक मंजुल शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में जब देश में युद्ध जैसे संकट की संभावनाएं मंडरा रही हैं, एबीवीपी ने अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए प्रशासन को 60 प्रशिक्षित व अनुशासित स्वयंसेवकों की सूची सौंपी है। किसी भी आपातकालीन स्थिति में यह स्वयंसेवक प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सेवा कार्य करने को तैयार हैं। स्वयंसेवक प्राथमिक उपचार, चिकित्सा सहायता, राहत सामग्री व भोजन वितरण और अन्य आवश्यक सेवाएं निभाने में सक्षम हैं। एबीवीपी का यह प्रयास न केवल युवाओं की जागरूकता और संवेदनशीलता को दर्शाता है, बल्कि यह भी प्रमाणित करता है कि संगठन हर परिस्थिति में राष्ट्र और समाज के साथ खड़ा है। वहीं एसडीएम अमर नेगी ने इस जनसेवाभावी पहल की सराहना करते हुए स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं दीं और आवश्यकता पड़ने पर प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन भी दिया।



**एसडीएम को सौंपी प्रशिक्षित व अनुशासित स्वयंसेवकों की सूची**

## बग्गी वाया महादेव अपर बैहली के लिए चले मुद्रिका बस

**अनंत ज्ञान, महादेव।** बीबीएमबी कालॉनी से बग्गी वाया महादेव-अपर बैहली होकर एचआरटीसी की मुद्रिका बस सेवा लगाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। कालौनी बस अड्डा नाम का बस अड्डा होकर रह गया है जिससे लोगों को जहां लंबी दूरी की बसें पकड़ने के लिए सुंदरनगर बस अड्डा जाना पड़ता है वहीं स्थानीय लोगों को पिछले गांव आदि के यहां आने जाने के लिए बसों की माकूल सुविधा न होने से लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने प्रदेश के परिवहन मंत्री से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही बीबीएमबी कालॉनी से उक्त ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सुबह से शाम तक मुद्रिका बस सेवा आरंभ की जाए।

## खराब मौसम के चलते महादेव के किसान गेहूं के थ्रेसिंग कार्य में जुटे

**अनंत ज्ञान, महादेव**

**नाचन** विधानसभा क्षेत्र की महादेव पंचायत के किसान भी मौसम के बदले मिजाज में मौका तलाश रहे हैं और जैसे ही मौका मिल रहा है वैसे ही किसान अपनी गेहूं की पक्की फसल को एकत्रित कर थ्रेशर मशीन के जरिए दाने और तूड़ी अलग-अलग निकाल दे रहे हैं और जोर-शोर से भंडारण करने में भी रात-दिन एक कर रहे हैं।

उधर, गांव महादेव से संबंधित कड़ी मेहनती किसान मंडयालों का कहना है कि खेतीबाड़ी करना एवं पक्की फसल घर लाने का कार्य सतर्कता-सावधानी भरा तथा दाव का काम है जो कम दिनों में ही संपन्न किया जा सकता है। बस सख्त जरूरत है तो निरंतर प्रकृति के नजदीक रहने की फिर भले ही गर्मी हो या बरखा-ठंड। बहरहाल धीरे-धीरे मौसम खुलने की संभावना है और ऐसे में किसान के कार्य में और अधिक तेजी आना स्वाभाविक है।


गेहूं को एकत्रित करते हुए किसान।

## मझवाड़ में 14 मई को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल-2 मंडी ई. सुनील शर्मा ने बताया कि विद्युत अनुभाग मझवाड़ के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र दुदर, बड़ोग, निहलग, सायरी, रखून, पुखर, चंदेह, सरनधार, मुब, धुंआदेवी व आसपास के क्षेत्र में 14 मई को प्रातः 10 बजे से सायं 5:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दिन विभाग उच्चतम आवेग की लाइनों में लगी लकड़ी की कड़ियों को बदलने का कार्य करेगा। बारिश होने की स्थिति में यह काम अगले दिन किया जायेगा। उन्होंने स्थानीय जनता से सहयोग की अपील की है।

## विचार अभिव्यक्ति प्रतियोगिता 18 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी दिप्ती वैद्य ने बताया कि वर्ष 2048 के लिए हिमाचल प्रदेश हेतु खेल दृष्टिकोण विषय पर विचार अभिव्यक्ति प्रतियोगिता (लेखन) का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता दो चरणों में करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर प्रथम चरण की प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 20 मई, 2025 तक विभाग के माध्यम से करवाया जा रहा है। इसमें भाग लेने के लिए 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा पात्र होंगे। ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम में होने वाली इस प्रतियोगिता में हिंदी अथा अंग्रेजी में लेखन किया जा सकता है। विचार अभिव्यक्ति की शब्द सीमा 1500 से 2000 शब्द रखी गई है। प्रतियोगी को अपना नाम, मोबाइल नंबर, पूरा पता लेखन पृष्ठ पर अंकित करना अनिवार्य होगा। इच्छुक युवा जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी के पड्डल, मंडी स्थित कार्यालय में 15 मई से 17 मई के मध्य अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकृत प्रतियोगी ही चरण एक की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्र होंगे।

## कामगारों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मंडी की ग्राम पंचायत सलवाहन में सर्व कामगार संगठन द्वारा शनिवार को आम सभा का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय ग्रामीणों और कामगारों ने भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए सर्व कामगार संगठन और सर्वजन संरक्षण समिति हिमाचल के राज्य सलाहकार अमर सिंह राघवा ने नशा बेचने वालों के खिलाफ जन जागृति अभियान चलाकर गांव व पंचायत को नशामुक्त बनाने की अपील की। सभा में मनरेगा कानून और निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड से कामगारों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे विस्तार में जानकारी और कामगारों को संगठित व जागृत होकर संविधान के तहत मिले अधिकारों का अपने व समाज कल्याण के लिए सदुपयोग करने का आवाह्न किया।

**सहायता** जरूरतमंदों को आशियाना प्रदान करने में सार्थक सिद्ध हो रही स्वर्ण जयंती आश्रय योजना

# पधर में 18 लाभार्थियों को मिली 27 लाख की आर्थिक मदद

**कविता, पधर**

**मंडी** जिला के पधर उपमंडल में गत दो वर्षों में प्रदेश सरकार की स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत 18 लाभार्थियों को पक्का मकान बनाने के लिए लगभग 27 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का त्वरित व समुचित लाभ सुनिश्चित हो, सीएम सुक्खू के संवेदनशील नेतृत्व में प्रदेश सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठा रही है।

इसी कड़ी में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र व्यक्तियों को पक्का मकान बनाने के लिए स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत आर्थिक मदद प्रदान की जा रही है। पूरे प्रदेश सहित मंडी जिला में इस योजना को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा रहा है।

जिला के उपमंडल पधर के गांव सुराहन की सत्या देवी ने बताया कि उनके पति का देहांत हो चुका है। वह एक कमरे के कच्चे मकान में अकेली रहती थीं, मगर पिछली बरसात में बारिश के कारण वह कमरा भी गिर गया। फिर वह पधर में किराए का कमरा लेकर रह रही थीं। मकान का किराया देने में बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। इसी बीच उन्हें स्वर्ण जयंती आश्रय योजना की जानकारी मिली। योजना के तहत अब सरकारी मदद से उनका पक्का मकान बन सका है।

इसके लिए उन्होंने प्रदेश सरकार का आभार जताया है। वहीं सरकार की सहायता से पक्का घर बनाने वाले चेली गांव के दानु राम ने बताया कि पहले बारिश में घर की कच्ची छत टपकती थी। अब इस योजना को तहत पक्का घर बनाने को मिली मदद से उनकी चिंता दूर हो गई है और वह खुशी से अपने पक्के मकान में रह रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### कैसे करें आवेदन

**पात्र** व्यक्ति निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन कर सकता है। इसके साथ वार्षिक आय प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, हिमाचली प्रमाणपत्र कार्यकारी दंडाधिकारी से जारी किया गया हो तथा जिस भूमि पर मकान बनाना प्रस्तावित है । अधिक जानकारी के लिए संबंधित जिला कल्याण अधिकारी/ तहसील कल्याण अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।


स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के लाभार्थी परिजन।

### अनुसूचित जाति के 16 को मिला फायदा

**उपमंडल** पधर के ही गांव सुराहन के छागा राम ने बताया कि उन्हें पक्का मकान बनाने के लिए 1.50 लाख रुपए की राशि सरकार ने स्वीकृत की है। इसमें से उन्हें 75 हजार रुपए की पहली किस्त मिल गई है और उन्होंने मकान बनाने का कार्य शुरू कर दिया है, जिसके लिए सरकार का धन्यवाद करते हैं। तहसील कल्याण अधिकारी चंदन वीर सिंह ने बताया कि उपमंडल पधर में वित्त वर्ष 2023 से मार्च, 2025 तक स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत कुल 18 लाभार्थियों को मकान बनाने के लिए प्रति लाभार्थी डेढ़-डेढ़ लाख रुपए की राशि प्रदान की गई है। इनमें अनुसूचित जाति के 16 और अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के एक-एक परिवार शामिल हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रखोह, विकास खंड गोपालपुर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत रखोह विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि0प्र0 द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ डाक द्वारा आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएँ दिनांक 17-05-2025 को शाम 5 बजे तक मु0 1000/- रुपये आवेदन राशि सहित ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए। निविदाएँ दिनांक 19-05-2025 को ग्राम पंचायत की निर्माण कमेटी व् निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतनिधियों के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी। किसी कारण निर्धारित दिवस को बैठक स्थगित होती है तो अगले दिन या कमेटी द्वारा निर्धारित बैठक में निविदाएँ खोली जायेंगी।

**सामग्री विवरण** -1. रेत (क्रशर / धुला / अन्य)- प्रति घन मीटर, 2.बजरी 10 एमएम, 20एमएम, 40एमएम (क्रशर) - प्रति घन मीटर, 3. बोल्डर पत्थर / सोलिंग / बजरी 90एमएम- प्रति घन मीटर, 4. पत्थर कट स्टोन -प्रति घन मीटर, 5. पक्की ईट ग्रेड ए,बी,सी (मिटटी के भट्टे की)- पर ईट, 6. शटरिंग/प्लेट / लकड़ी / लोहा वर्ग मीटर, -वर्ग मीटर, 7. शटरिंग / प्लेट / लकड़ी / लोहा रनिंग मीटर- पर मीटर, 8. जेसीबी/ ब्रेकर मशीन द्वारा कटिंग -प्रति घंटा, 9. साईन बोर्ड- प्रत्येक बोर्ड, 10. CEMENT CARRIAGE PER BAG -प्रति बैग ।

**नियम व शर्तें** - 1. फर्म का पैन न0, जी0एस0टी नंबर होना अनिवार्य है। बिना पैन नंबर, जी0एम0टी नंबर के निविदा मान्य नहीं होगी। 2. फर्म को प्रत्येक बिल के साथ M-FORM जमा करवाना होगा। बिना M-FORM के किसी भी सामग्री की अदायगी नहीं की जायेगी। 3. निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 4. सभी दरों का लेनदेन सरकार के प्रावधानों के अनुसार होगा। 5. दरें अंकों और शब्दों दोनों में लिखी होनी चाहिए। 6. पारित निविदादाता को मुब्लिक 10000 /- रूपए धरोहर / सुरक्षित राशि ग्राम पंचायत के नाम जमा करवाने होंगे। निविदादाता को पंचायत द्वारा दिया जाने वाला एफिडेविट भी हस्ताक्षर करना होगा। 7. ग्राम पंचायत के क्षत्र अधिकार में एक ही मूल्य डे होगा व् अस्वीकृत सामग्री की अदायगी नहीं होगी। 8. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 9. सामग्री की अदायगी बजट उपलब्ध होने पर ही की जायेगी। 10. किसी भी मटेरियल की एडवांस पेमेंट नहीं की जाएगी और तकनिकी पैमाईश के बाद ही बिल बुक किये जायेंगे। 11. सप्लाई आर्डर देने के 3 दिन के भीतर सामग्री उपलब्ध करवानी होगी। 12. उपरोक्त किसी भी शर्त का पालन न होने पर निविदा रद्द होने के पूरा अधिकार पंचायत के पास होगा। 13. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द करने, सशर्त निविदा, सामान दर रहने पर एक या एक से अधिक निविदा दाताओं को कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता का चयन तथा निविदाये किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 14. सामग्री लेने का अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व् पारित निविदादाता के साथ negotiation उपरान्त किया जाएगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत रखोह, विकास खंड गोपालपुर, जिला मंडी (हि.प्र.)**

# ड्रोन उड़ाने और पटाखे चलाने पर लगा पूर्ण प्रतिबंध

## ऊना जिले में प्रशासन ने जन सुरक्षा के मद्देनजर जारी किए आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

भारत-पाकिस्तान के बीच वर्तमान में चल रहे तनावपूर्ण हालातों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ऊना ने क्षेत्र में जन-सुरक्षा व कानून व्यवस्था की अक्षुण्णता को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। ऊना जिले में ड्रोन उड़ाने और पटाखे चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। जिला दंडाधिकारी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष जतिन लाल ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 33 एवं 34 के अंतर्गत ये आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेशों के मुताबिक ऊना जिले की सीमा में किसी भी प्रकार के ड्रोन, मानव रहित विमान (यूएवी), रिमोट-नियंत्रित एयरक्राफ्ट या ड्रोन आधारित फोटोग्राफी- वीडियोग्राफी पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। यदि किसी संस्था या व्यक्ति को विशेष अनुमति की आवश्यकता है, तो इसके लिए उपायुक्त से पूर्व में लिखित स्वीकृति लेना अनिवार्य होगा। वहीं, वर्तमान संवेदनशील सुरक्षा परिस्थिति को देखते हुए जिले में पटाखों के प्रयोग, बिक्री और विस्फोट पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।



**नियमों का उल्लंघन होने पर होगी सख्त कार्रवाई**

यह निर्णय किसी भी प्रकार की अफवाह, घबराहट या विस्फोट जैसी आवाजों की गलत व्याख्या को रोकने के उद्देश्य से लिया गया है। ये आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे और अगले आदेश तक प्रभावी रहेंगे। आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित व्यक्ति या संस्था के विरुद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 तथा अन्य प्रासंगिक कानूनों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मुकेश ने घटनास्थल का किया दौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शुक्रवार को चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की बेहड़-भटेड़ पंचायत का दौरा कर बीती रात गिरे संदिग्ध धातु उपकरण के घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली और उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू, उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तथा स्थानीय निवासी मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि संदिग्ध वस्तु की जांच के लिए विशेषज्ञों की टीम कार्य में जुटी है और सुरक्षा से संबंधित सभी जरूरी उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रशासन को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए तथा आमजन से अपील की कि वे किसी भी अनजान वस्तु को न छुएं और ऐसी स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि अफवाहों से बचें और पूरी सतर्कता बरतें।



उप मुख्यमंत्री और विधायक बेहड़-भटेड़ में घटनास्थल का दौरा करते हुए।

अग्निहोत्री ने इस मौके पर कहा कि भारतीय सेना देश की सुरक्षा के लिए पूरी तरह सक्षम है और आतंकी मंसूबों को नाकाम करने में तत्परता से जुटी है। आर्तंकिस्तान को उसकी भाषा में मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है और पूरा देश एकजुट होकर सेना के साथ खड़ा है। गौरतलब है कि बीती रात लगभग 1.30 बजे बेहड़-भटेड़ पंचायत के एक निर्जन क्षेत्र में एक संदिग्ध धातु उपकरणनुमा निष्क्रिय टुकड़ा गिरने की सूचना प्राप्त हुई थी।

स्थानीय नागरिकों ने तत्परता दिखाते हुए इसकी जानकारी प्रशासन को दी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच प्रक्रिया आरंभ की गई।

## डिप्टी सीएम ने मेजर पवन के बलिदान पर शोक व्यक्त किया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** शाहपुर के रणबांकुरे सूबेदार मेजर पवन कुमार ने देश की रक्षा करते हुए अपनी शहादत दी। वह 25 पंजाब रेजीमेंट में तैनात थे और सीमावर्ती राजौरी क्षेत्र में पाकिस्तान द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए। उनका संबंध एक सैन्य परिवार से था और उनके पिता गरज सिंह भी सेना में हवलदार पद से सेवानिवृत्त हैं।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शहीद सूबेदार मेजर पवन कुमार की शहादत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र ऐसे वीर सपूतों के बलिदान को कभी नहीं भुला सकता। उन्होंने कहा कि शहीद का बलिदान देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है और यह प्रदेश तथा देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उपमुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

# जरूरत पड़ने पर सेना को ट्रांसपोर्ट सोसायटी निशुल्क मुहैया करवाएगी ट्रक

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक से तिलमिलाई पाकिस्तानी सेना द्वारा की जा रही नापाक हरकतों को मुंहतोड़ जवाब दे रही भारतीय सेना के समर्थन में द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी भी खुलकर आगे आई है। सोसायटी के प्रधान सतीश गोगी ने ऐलान किया है कि अगर सेना को रसद या गोला बारूद ढोने के लिए ट्रकों की जरूरत महसूस होती है तो सोसायटी सेना को निशुल्क यह मदद मुहैया करवाएगी।

सतीश गोगी ने कहा कि आतंकवाद का अब खात्मा होना चाहिए। इसके लिए सोसायटी के सदस्य सेना का सामान ढोने के लिए अपने ट्रकों के तेल का खर्च भी खुद वहन करेंगे। आतंकवाद को पोषित कर रहे पाकिस्तान के विरुद्ध आम लोगों में इतना आक्रोश पनप रहा है कि अब कई लोग खुलकर भारतीय सेना के समर्थन में आ खड़े हुए हैं। कई लोग तो ऐसे हैं जो बार्डर पर जाकर दुश्मन के दांत खट्टे करने को तैयार हैं। वहीं द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी ने भी भारतीय सेना की मदद के लिए पेशकश की है। द विशाल हिमाचल गुड्स ट्रांसपोर्ट सोसायटी के पास सात सौ ट्रकों की फ्लीट है। सोसायटी के प्रधान सतीश गोगी का कहना है कि तमाम ट्रक ऑपरेटर देशभक्ति के जज्बे से लबरेज हैं और हर कोई पाकिस्तान को सबक सिखाने के मूड में है। उन्होंने कहा कि इसके लिए तमाम ट्रक ऑपरेटर अपने ट्रकों को सेना की मदद के लिए भेजने के लिए तैयार हैं।

ट्रक आपरेटरों ने ऐलान किया है कि अगर सेना को रसद या गोला बारूद ढोने के लिए ट्रकों की आवश्यकता महसूस होती है तो वे अपने तेल खर्च पर ट्रकों को सेना की मदद के लिए भेजेंगे। सतीश गोगी ने कहा कि जिस प्रकार भारतीय सेना पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रही है उससे हर भारतीय खुश है लेकिन साथ में यह भी चाहता है कि इस बार सेना पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाए कि भविष्य में कोई भी नापाक हरकत करने से पहले पाकिस्तान सौ बार अंजाम के बारे में सोचे।

## आज धूमधाम से मनाया जाएगा मां चिंतपूर्णी का प्रकटोत्सव दिवस



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी में रविवार को माता श्री चिंतपूर्णी का प्रकटोत्सव दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर चिंतपूर्णी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन किया जाएगा। गौर हो कि चिंतपूर्णी माता 10 महाविद्याओं में से तीसरी महाविद्या हैं। उनकी पूजा से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और उन्हें सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

इस मौके पर चिंतपूर्णी मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक देसी घी के भंडारों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा माता रानी को छप्पन भोग लगाए जाएंगे। चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी साहिल कालिया ने लोगों से अपील की है कि जो लोग माता के दरबार में नहीं आ सकते, वे घर में ही ज्योत जगा कर माता की जयंती मना सकते हैं। पुजारी द्वारा हवन पूजन कर भारत की विजय के लिए प्रार्थना की जाएगी। इस अवसर पर भक्तों में भारी उत्सुकता देखी जा रही है। सभी भक्त माता की कृपा की कामना कर रहे हैं और मंदिर में पहुंचकर माता का आशीर्वाद ले रहे हैं।

# एसडीएम सचिन शर्मा ने की शांति बनाए रखने की अपील

**हीना पठानिया, बड़ूही**

भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण हालात का असर बाजारों में भी दिखने लगा है। जिला मुख्यालय के समीप कई बाजारों में अचानक दिन में भी रौनक गायब होने लगी है। बड़ूही क्षेत्र के साथ लगते गांवों दियाड़ा, चुरुड़ू, भैरा और धुसाड़ा के बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। युद्ध के संभावित खतरे को देखते हुए लोग अनावश्यक रूप से घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं।

दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक न के बराबर आ रहे हैं। दुकानदार नीरज चोपड़ा, हर्ष, सनी, चमन लाल, पवन, अश्विनी का कहना है कि हम सरकार और सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। इस समय व्यापार की कोई चिंता नहीं है, लेकिन पाकिस्तान को सबक सीखना जरूरी है। इलाके में रहने वाले लोगों के मन में सुरक्षा को लेकर भय व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि वे बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को देखते हुए घरों में ही रहना बेहतर समझते हैं। टकारला से रतन चंद ठाकुर का कहना है कि घर पर जरूरत का सामान पूरा है। इसलिए घर पर रहना ही जरूरी समझ रहे हैं। जरूरी हो तो ही घर से निकल रहे हैं।

चुरुड़ू के प्रधान विनय शर्मा ने कहा कि लोग सरकार के आदेशों का पूर्ण रूप से पालन कर रहे हैं। यह इस समय बहुत जरूरी है। सड़कों पर भी सामान्य दिनों की अपेक्षा काफी कम आवाजाही देखी जा रही है। वाहनों की संख्या में गिरावट आई है। आमतौर पर व्यस्त रहने वाली सड़कें अब सुनसान नजर आ रही हैं। एसडीएम अंब सचिन शर्मा ने कहा कि प्रशासन की ओर से लगातार निगरानी रखी जा रही है और लोगों को अफवाहों से बचने तथा शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है। **( अनंत ज्ञान )**

# ब्लैकआउट के प्रशासनिक आदेशों की कई जगह अवहेलना

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारत-पाकिस्तान में तनाव के बीच जारी सरकारी आदेशों को कई लोग गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। राष्ट्र को ऐसे लोग खतरे में डाल रहे हैं। कई होर्डिंग्स रातभर दुकानों के बाहर जलते दिखे, खासकर ऊना शहर में कई संस्थानों की रात 8 बजे के बाद भी ग्लो साइन बोर्ड की लाइट जली हुई थीं। यहां तक कि कई सीसीटीवी कैमरे भी फ्लैश लाइट ऑन थे।

सरकार ने ब्लैकआउट घोषित किया है, लेकिन शहरी इलाकों में लापरवाही बरती जा रही है। शहरों में कई लोग इसे हल्के में ले रहे हैं। हालांकि रात के समय कई लोगों और संस्थानों की शीशे की खिड़कियों से रोशनी बाहर साफ दिख रही थी। हालांकि अस्पताल, रेलवे, बस स्टैंड और ग्राम पंचायतों में इन आदेशों का पालन किया जा रहा है। विधानसभा के औद्योगिक क्षेत्र में लापरवाही बरती जा रही है। थाना टाहलीवाल के अंतर्गत टाहलीवाल, बाथू और बाथड़ी जैसे क्षेत्रों में उद्योग सामान्य रूप से संचालित हो रहे हैं, लेकिन कामगारों और स्थानीय निवासियों में भय का माहौल है।

कामगारों को अपने दोपहिया वाहनों और अन्य साधनों की लाइट जलाकर उद्योगों में काम करने के लिए रात के समय आना-जाना पड़ रहा है, जिससे असुरक्षा की भावना गहराई है। प्रशासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार शुक्रवार रात को टाहलीवाल थाना क्षेत्र के अधिकांश गांवों ने अपने घरों और गलियों की लाइट बंद रखकर सतर्कता बरती, लेकिन औद्योगिक क्षेत्र के कई उद्योगों और क्रशर संचालकों ने इस निर्देश को नजरअंदाज किया। उन्होंने अपने उद्योग परिसरों में बड़ी-बड़ी लाइटें चालू रखीं, जिससे आसपास के निवासियों में भय और असुरक्षा बढ़ गई।




ऊना के बाजार में ब्लैक आउट गाइडलाइन की अवहेलना करते कुछ संस्थान।

जानकारी के अनुसार एक उद्योग गांव बाथू में स्थित है। यहां लाइटें शुक्रवार रात को चालू रखी गईं। इस उद्योग में एलपीजी गैस के भंडारण के लिए उद्योग परिसर में बड़े-बड़े टैंक बने हुए हैं। टनों के हिसाब से एलपीजी गैस मौजूद रहती। लोगों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही किसी बड़ी अनहोनी को न्योता दे सकती है। प्रशासन ने इस मामले में उद्योग प्रबंधकों को सख्त निर्देश जारी करने की बात कही है।

स्थानीय लोग भी प्रशासन से तत्काल कदम उठाने की मांग कर रहे हैं ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बहाल हो सके। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। जल्द इसपर कार्रवाई की जाएगी।

# हिंदू महासभा की आगामी बैठकों को किया स्थगित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति को देखते हुए अखिल भारतीय हिंदू महासभा की हिमाचल प्रदेश कार्यसमिति की आगामी बैठकों को स्थगित कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष सूरज भारद्वाज की अध्यक्षता में 13 मई को जिला ऊना और 14 मई को सोलन (बद्दी) में प्रस्तावित कार्यसमिति की बैठक अब निर्धारित तिथि को नहीं होगी।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश पठानिया ने बताया कि आपातकालीन परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। बैठक की सभी तैयारियां पूर्ण थीं और एजेंडा भी सभी प्रतिनिधियों को प्रेषित किया जा चुका था, लेकिन वर्तमान राष्ट्रीय संकट को प्राथमिकता देते हुए बैठक स्थगित करना आवश्यक समझा गया।प्रदेश प्रवक्ता विचित्र सिंह ने जानकारी दी कि बैठक की नई तिथि स्थिति सामान्य होने के बाद किया जाएगा। यह निर्णय प्रदेश अध्यक्ष सूरज भारद्वाज, प्रदेश प्रभारी जितेंद्र कुमार, महिला अध्यक्ष बलमा शर्मा, उपाध्यक्ष दीप सिंह पठानिया बबलू, संगठन मंत्री मान सिंह, शांति गौतम, मीडिया प्रभारी आदित्य सोफत, कुल्लू-मनाली प्रभारी शशि भूषण पुरोहित सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों से विचार-विमर्श के उपरांत लिया गया।

हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार द्विवेदी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश ठाकुर सहित सभी जिला अध्यक्षों ने इस निर्णय का राष्ट्रहित में समर्थन करते हुए एकमत से स्वागत किया है। हिंदू महासभा ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्र सर्वोपरि है और ऐसी परिस्थिति में संगठन की प्राथमिकता देश की सुरक्षा और एकता है।

# विष्णु सुदर्शन चक्र से करें आतंकवादियों का संहार : बाबा बाल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की कामधेनू गोशाला थानाखास में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने एक भावुक और प्रेरणादायक प्रवचन देते हुए आतंकवाद के समूल नाश के लिए प्रभु से प्रार्थना की।

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है, जब भगवान विष्णु स्वयं अपना सुदर्शन चक्र चलाएं और आतंकियों का संहार करें। कथा समापन अवसर पर बाबा बाल जी महाराज ने सैकड़ों श्रद्धालुओं को प्रवचन करते हुए कहा कि हमारा किसी धर्म जाति या समाज से कोई गिला नहीं है। हमारी पीड़ा केवल आतंकवाद और आतंकवादियों से है। जब तक आतंकवाद का अंत नहीं होगा, तब तक सनातन धर्म, हमारे साधु-संत, हमारे मंदिर और हमारी संस्कृति सुरक्षित नहीं रह सकती। उन्होंने ठाकुर जी के श्री चरणों में प्रार्थना की कि प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री एवं भारतीय सेना को इतनी शक्ति प्रदान करें कि वह आतंकवाद की जड़ें पूरी तरह उखाड़ सकें।




राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी और अन्य, देश से आतंकवाद के खात्मे के लिए भगवान से प्रार्थना करते हुए।

बाबा बाल जी ने भावपूर्ण शब्दों में कहा कि हे ठाकुर जी, हे मेरे भगवान श्रीकृष्ण जी आप ही भारत माता के रक्षक बनो। सुदर्शन चक्र चलाओ और इस धरती से अधर्म का विनाश करो। बाबा बाल जी ने सनातन धर्म के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह धर्म केवल पूजा-पाठ या कर्मकांड नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। जब तक इसमें बाधाएं उत्पन्न करने वाले तत्व सक्रिय हैं, तब तक राष्ट्र की आत्मा असुरक्षित है।

उन्होंने कहा कि यदि साधु-संत, गोशालाएं, मंदिर और धर्मस्थल असुरक्षित होंगे तो भारत की आत्मा कांप उठेगी। आज जरूरत है एकजुट होकर सनातन संस्कृति की रक्षा की।

इस मौके पर कथा व्यास आचार्य शिव कुमार शास्त्री, पंडित रमेश शास्त्री, जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पॉल शर्मा के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य सहित दूर-दूर से आए श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।

# जनता पर महंगाई थोपने में जुटी प्रदेश सरकार : कंवर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र कंवर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि सरकार अपने सामाजिक दायित्वों का पूरी तरह से निर्वहन करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में पथ परिवहन निगम द्वारा न्यूनतम किराये में वृद्धि की गई थी और अब फिर से बस किराये बढ़ाकर जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालने का काम किया जा रहा है।



कंवर ने कहा कि परिवहन जैसी मूलभूत सेवाएं विशेष रूप से गरीब, छात्र और मध्यम वर्गीय लोगों की जीवन रेखा होती हैं। राज्य की परिवहन व्यवस्था का उद्देश्य लोगों को सुलभ और सस्ता आवागमन उपलब्ध कराना होना चाहिए, लेकिन मौजूदा कांग्रेस सरकार इसे आमदनी का जरिया बना रही है। पहले ही राज्य की जनता

**बोले-बार-बार बस किराये में वृद्धि से जनता की जेब पर डाला अतिरिक्त बोझ**

बिजली, पानी, संपत्ति कर और डीजल-पेट्रोल की महंगाई से जूझ रही है और अब बस किराये की बढ़ोतरी से जनता की कमर तोड़ी जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार लगातार ऋण लेकर राज्य को कर्ज के दलदल में धकेल रही है और इसके बावजूद कोई ठोस विकास कार्य जमीन पर नहीं दिख रहा है। यह सरकार केवल घोषणाओं और कर्ज के सहारे चल रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कांग्रेस सरकार ने बस किराये में की गई बढ़ोतरी को तुरंत प्रभाव से वापस नहीं लिया, तो भाजपा सड़क पर उतरकर जनांदोलन करेगी और जनता के हक के लिए संघर्ष करेगी।

**आयोजन** राजली बाबा सिद्ध चानो मंदिर एवं मलांगड़ में विशाल दंगल आयोजित, अजय ठाकुर रहे मुख्यातिथि

# देशभर के पहलवानों ने कुश्ती प्रतिभा का किया शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के लठियाणी स्थित गांव राजली में बाबा सिद्ध चानो मंदिर एवं मलांगड़ में आयोजित विशाल दंगल का आयोजन पारंपरिक उत्साह और देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। इस भव्य आयोजन में मुख्यातिथि के रूप में राष्ट्रीय ह्यूमन राइट्स युवा विंग के प्रदेश चेयरमैन अजय ठाकुर ने विशेष रूप से शिरकत की। आयोजन में क्षेत्रीय जनता, पहलवानों और गणमान्य लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। इसका आयोजन स्थानीय दंगल कमेटी द्वारा किया गया था, जिसमें देशभर के नामी पहलवानों ने भाग लेकर अपनी कुश्ती प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

मुकाबले बेहद रोचक और रोमांचक रहे, जिन्हें देखने के लिए दूर-दूर से लोग आए हुए थे। कार्यक्रम की शुरुआत हवन-पूजन के साथ हुई, जिसमें आस्था और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इसके उपरांत परंपरागत शैली में दंगल की शुरुआत की गई।



दंगल में राष्ट्रीय ह्यूमन राइट्स युवा विंग के प्रदेश चेयरमैन अजय ठाकुर व अन्य।

आयोजन समिति ने मुख्यातिथि अजय ठाकुर का फूल-मालाओं और स्मृति चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया गया। अजय ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि दंगल हमारी प्राचीन और पौराणिक संस्कृति का अहम हिस्सा हैं। यह न केवल हमारी परंपराओं को जीवित रखता है, बल्कि युवाओं को अनुशासन, संयम और आत्मबल की प्रेरणा भी देता है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से ग्रामीण खेलों को बढ़ावा मिलता है और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने में मदद मिलती है। युवा नेता अजय ठाकुर ने भारत पाकिस्तान संबंधों पर कहा कि भारत ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि हमारी सेना केवल सीमा की रक्षक ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की गरिमा की प्रतीक भी है। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना ने हाल ही में पाकिस्तान में चल रहे आतंकवादी ठिकानों पर करारा प्रहार किया है, जिनमें पाकिस्तान के कई आतंकी अड्डे एवं सुरक्षा किले भारतीय सेना ने पूरी तरह ध्वस्त कर दिए गए। यह कार्रवाई पाकिस्तान के लिए एक कड़ा संदेश है कि भारत अब आतंकवाद को किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं करेगा।

अजय ठाकुर ने कहा कि पाकिस्तान अब घुटनों पर आ चुका है। भारतीय सेना ने जो पराक्रम दिखाया है, उससे साफ है कि हमारे वीर जवान हर स्थिति से निपटने में सक्षम हैं। दंगल के दौरान भारत माता की जयघोष और वंदे मातरम् के नारों से माहौल पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। दंगल के समापन पर मुख्यातिथि अजय ठाकुर ने विजेता और उपविजेता पहलवानों को सम्मानित किया गया। साथ ही, समाज सेवा, ग्रामीण खेलों के संवर्धन और संगठनात्मक योगदान के लिए विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया।

मुख्यातिथि अजय ठाकुर ने सभी आयोजकों और प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया और कहा कि वे भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को समर्थन देते रहेंगे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों को लेकर सजग रहें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस मौके पर स्थानीय प्रधान उपप्रधान एवं प्रतिष्ठित गणमान्य मौजूद रहे।

**शिवराम जन कल्याण समिति के अध्यक्ष रुमेल कुमार बोले**

# आतंकवाद के खात्मे तक पाकिस्तान को सबक सिखाती रहे भारतीय सेना

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

भारतीय सेना द्वारा दिए गए अंजाम में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देशभर में सराहना का माहौल है। इसी क्रम में शिवराम जन कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं कुटलैहड़ के वरिष्ठ समाज सेवी रुमेल कुमार ने इस ऐतिहासिक कार्रवाई पर सेना को बधाई दी है और आतंकवाद के खिलाफ सरकार और सेना की दृढ़ नीति की जमकर सराहना की है।



रुमेल कुमार ने कहा कि आतंकवाद को पालने और बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान को अब भारत की ओर से लगातार कड़ा जवाब मिल रहा है, जो कि बेहद जरूरी था। उन्होंने कहा कि वर्षों से पाकिस्तान अपनी जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद को फैलाने के लिए करता रहा है, लेकिन अब भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद और उसके समर्थकों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर एक मजबूत संदेश है कि भारतीय सेना न सिर्फ अपने देशवासियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि अब वह आतंक के अड्डों को जड़ से खत्म करने की दिशा में निर्णायक कदम उठा रही है।

यह ऑपरेशन इस बात का प्रतीक है कि भारत अब सिर्फ जवाब देने वाला देश नहीं रहा, बल्कि सक्रिय रूप से कार्रवाई करने वाला राष्ट्र बन चुका है। रुमेल कुमार ने यह भी कहा कि देश की जनता भारत सरकार और सेना के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि आज का भारत आतंकवाद के समूल नाश के लक्ष्य पर बढ़ रहा है। हमारी सेना आतंक के सरपरस्तों को एक के बाद एक सबक सिखा रही है, और हम सबको इस पर गर्व है। भारतीय सेना और सरकार इस लड़ाई में बधाई की पात्र हैं।


रुमेल कुमार ने केंद्र सरकार की नीतियों की भी सराहना की, विशेष रूप से रक्षा क्षेत्र में किए गए सुधारों और सेना को दी जा रही तकनीकी, सामरिक और रणनीतिक सहायता का उल्लेख करते हुए कहा कि आज की भारतीय सेना अत्याधुनिक तकनीक और प्रबल आत्मबल से लैस है। इसी कारण वह सीमाओं पर हर चुनौती का मुकाबला कर रही है और पाकिस्तान की चालबाजियों को मुंहतोड़ जवाब दे रही है।

# बाहरी राज्यों से पर्यटकों का आना जारी, रौनक बरकरार

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

युद्ध जैसे हालात के बीच बाहरी राज्यों से पर्यटकों का मनाली आना जारी है। पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटकों से रौनक लगी हुई है। दिन को पर्यटक बर्फ का दीदार करने स्नो प्वाइंटों की ओर रवाना हो रहे हैं, जबकि शाम होते ही माल रोड मनाली पर्यटकों से चहक रहा है।

सप्ताहांत के चलते शनिवार को भी एक हजार से अधिक पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे। शनिवार को मौसम भी पर्यटकों के लिए सुहावना रहा। सुबह ग्रांफू और मढ़ी की ओर गए पर्यटकों का स्वागत बर्फ के फाहों से हुआ। पर्यटकों ने यहां दिन भर बर्फ के बीच अठखेलियां की। कोकसर के पर्यटन कारोबारी टशी व पलजोर ने बताया कि सप्ताहांत में पर्यटकों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ी है। उन्होंने बताया कि शनिवार को भी ग्रांफू में भारी संख्या में पर्यटक पहुंचे और बर्फ के फाहों का आनंद लिया। मनाली के होटल कारोबारी प्रदीप व रोशन ने बताया कि होटलों में बुकिंग रद्द होने लगी है, लेकिन बाहरी राज्यों से पर्यटकों का मनाली आना जारी है। दूसरी ओर पुलिस ने माल रोड में गस्त बढ़ा दी है। रात 12 बजे तक पुलिस माल रोड में कड़ा पहरा दे रही है। लाहौल के दारचा चैक पोस्ट में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पर्यटक मनाली में शांति पूर्वक घूमने का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि हालात पर पैनी नजर रखी जा रही है। **(अनंत ज्ञान)**



पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटकों से लगी रौनक, शनिवार को एक हजार से अधिक पर्यटक वाहन पहुंचे मनाली।

### यातायात नियम तोड़ने वालों पर नहीं हो रही कार्रवाई

हिडिंबा मंदिर मार्ग, लोगट्स मार्ग, वशिष्ट मार्ग, सोलंगनाला, अटल टनल आदि स्थानों पर यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई करना तक पुलिस जवानों की कमी के कारण मुश्किल हो रहा है।

पर्यटन सीजन के लिए पुलिस की चार रिजर्व और 100 होमगार्ड जवानों की डिमांड की गई है। अभी तक पुलिस के अतिरिक्त जवान नहीं मिले हैं। उम्मीद है कि 15 मई तक मनाली में अतिरिक्त जवान पहुंच जाएंगे। **केडी शर्मा, डीएसपी मनाली।**

## मनाली में पर्यटन सीजन की दस्तक प्रशासनिक तौर पर तैयारियां अधूरी

**मोहन सिंह बोकटापा, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में समर सीजन ने दस्तक दे दी है। धीरे-धीरे पर्यटकों की संख्या में इजाफा दर्ज किया जा रहा है, लेकिन प्रशासनिक तौर पर अभी तक तैयारियां अधूरी हैं। खासकर यातायात नियंत्रण में पुलिस के पसीने छूटने शुरू हो गए हैं। पर्यटन सीजन के लिए मिलने वाली अतिरिक्त पुलिस की टुकड़ी अभी तक नहीं पहुंच पाई है।

**यातायात नियंत्रण में पुलिस के अभी से पसीने छूटने शुरू**

पुलिस विभाग ने कुल्लू-मनाली के लिए चार रिजर्व और 100 होमगार्ड जवानों की मांग की है, लेकिन अभी तक जवान मनाली नहीं पहुंचे। मनाली में मई महीने में समर सीजन का आगाज हो गया है। 15 मई के बाद पर्यटन सीजन की जोर पकड़ने की संभावना प्रबल है। ऐसे में सीजन के दौरान वाहनों की संख्या बढ़ने से ट्रैफिक जाम की समस्या भी विकराल रूप धारण करेगी। यातायात नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर साल मनाली में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाता है। इस साल भी मनाली पुलिस ने चार रिजर्व और 100 होमगार्ड जवानों की मांग की है। बताया जा रहा है कि आईपीएल मैच के चलते पुलिस जवानों की तैनाती शिमला में होने के कारण फिलहाल मनाली को पुलिस जवान नहीं मिले हैं। पुलिस जवानों की कमी पर्यटकों की संख्या बढ़ने के कारण शिद्दत के साथ महसूस की जा रही है। **(अनंत ज्ञान)**

## सोशल मीडिया में पाक के समर्थन में पोस्ट डालने पर केस हुआ दर्ज



देवभूमि जागरण मंच के पदाधिकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सोशल मीडिया में एक कश्मीरी व्यक्ति द्वारा पाकिस्तान समर्थन पोस्ट डालने का मामला सामने आया है। शनिवार को देवभूमि जागरण मंच के पदाधिकारी इस मामले को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव चौहान से मिले।

इस दौरान उन्होंने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस थाना कुल्लू के तहत एक कश्मीरी व्यक्ति की ओर से सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी वीडियो शेयर कर भारतीय सेना और सरकार के खिलाफ एजेंडा चलाने की शिकायत दर्ज हुई है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार देवभूमि जागरण मंच के महासचिव ने पुलिस में शिकायत दी है। इसमें कहा कि मोहम्मद फारुख नामक फेसबुक आईडी से देश विरोधी, सेना विरोधी, हिंदू विरोधी तथा प्रधानमंत्री विरोधी वीडियो शेयर कर वायरल किए गए हैं। देवभूमि जागरण मंच के अध्यक्ष क्षितिज सूद व महासचिव यशपाल शर्मा ने कहा कि यह व्यक्ति रामशिला में एक दुकान करता है। प्रशासन व पुलिस को जिलेभर में ऐसे लोगों की पहचान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरफ भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव में देशवासी एकजुट और भारतीय सेना के साथ खड़े हैं, लेकिन कुछ ऐसे लोग सेना का मनोबल गिराने का काम कर रहे हैं। एएसपी कुल्लू संजीव चौहान ने कहा कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच चल रही है।

### भुंतर हवाई अड्डे पर एयर रेड मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

## प्रशासन आपात स्थिति से निपटने में सक्षम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भारत-पाक सीमा पर उत्पन्न हुई ताजा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिला कुल्लू के भुंतर हवाई अड्डे पर एयर रेड मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया।

मॉक ड्रिल का आयोजन डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश की देखरेख में हवाई अड्डा प्राधिकरण, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, आईटीबीपी, एयरलाइंस, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, होमगार्ड्स, राज्य अग्निशमन सेवा, पुलिस विभाग, जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमें शामिल रहीं। डीसी ने बताया कि जिला कुल्लू में भुंतर मुख्य हवाई अड्डा है और हवाई हमले जैसी उत्पन्न स्थिति से निपटने की तैयारियों और त्वरित प्रतिक्रिया को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। एयर रेड (हवाई हमले) जैसी किसी भी आपात स्थिति में मॉक ड्रिल का उद्देश्य विभागों में आपसी समन्वय और तत्परता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करना है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के सभी विभाग और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण किसी भी आपात स्थिति से निपटने में सक्षम है। डीसी ने भुंतर हवाई अड्डे पर मॉक ड्रिल में शामिल सभी अधिकारियों से बैठक कर नागरिकों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने, जिला प्रशासन की ओर से सभी प्रतिभागी विभागों को मॉक ड्रिल के सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा भविष्य में भी इस प्रकार की संयुक्त तैयारियों को जारी रखने का आह्वान किया गया।



डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश भुंतर एयरपोर्ट में सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेते हुए।

### नागरिक ड्रोन संचालन पर अस्थायी प्रतिबंध

हाल ही में उत्पन्न हुई सीमा पर तनाव की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, सुरक्षा कारणों से समस्त नागरिक ड्रोन संचालन को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित किया जा रहा है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह प्रतिबंध 10 मई की मध्यरात्रि से प्रभाव में आएगा और अगले आदेश तक लागू रहेगा। प्रवक्ता ने सभी नागरिकों एवं संबंधित पक्षों से आग्रह किया कि वे इस आदेश का कड़ाई से पालन करें। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## तुर्की से आयात होने वाले सेब पर लगे पूर्ण प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** भारत-पाकिस्तान की लड़ाई में पाकिस्तान को हथियार उपलब्ध करवाने वाले देश तुर्की से आयात होने वाले सेब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

यह शब्द कुल्लू फलोत्पादक मंडल के महामंत्री राजीव ठाकुर ने कहे। उन्होंने कहा कि देश के सेब उत्पादकों को विश्व से आयात होने वाले अन्य देशों के सेब के साथ प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है, लेकिन भारत को ऐसे देश के सेब को आयात करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना चाहिए, जो देश भारत के साथ जंग जैसे हालात में शत्रु देश को हथियार मुहैया करवाता है। उन्होंने भारत सरकार से अपील करते हुए कहा कि भारत-पाकिस्तान की जंग में पाकिस्तान को हथियार उपलब्ध करवाने वाले देश तुर्की से आयात होने वाले सेब पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए।


## कारदार विधि बने मंदिर कमेटी के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

विश्व प्रसिद्ध ठाकर मुरलीधर चतुर्भुज मंदिर नग्गर के संचालन के लिए कमेटी को पंजीकृत किया गया। शनिवार को कमेटी की प्रथम बैठक में कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया। सबसे पहले सभी सदस्यों को अध्यक्ष विधि चंद नेगी ने मंदिर कमेटी के पंजीकरण के लिए शुभकामनाएं दीं।

इसमें यह निर्णय लिया गया कि ठाकर मुरलीधर ठावा मंदिर और चतुर्भुज मंदिर नग्गर के साल भर के उत्सवों को बड़ी धूमधाम से मंदिर की विधि अनुसार मनाया जाएगा। इसके लिए व्यवस्थित तरीके से कमेटी अपनी भूमिका निभाएगी। अध्यक्ष एवं माहाराज के कारदार वीधी चंद ने कहा कि ठाकर मुरलीधर चतुर्भुज स्थान ठाऊआ, नग्गर कोठी के देवता हैं। ठाकर माहाराज के सानिध्य में सभी नग्गर कोठी के देवी-देवता आते हैं, जब भी यहां कोई कारज होता है। सभी देवी-देवताओं को यहां का निमंत्रण जाता है। यह स्थान अपना अलग महत्व रखता है, यहां अन्य स्थान के देवी-देवता भी शिरकत करते हैं। मंदिर के नवनिर्माण और अन्य कार्यों और विशेष रूप से मंदिर की व्यवस्था को व्यवस्थित और पुरातन विधि से चलाने के लिए इस कमेटी का गठन किया है, ताकि सभी कार्य सुचारू रूप से चलें। इसलिए कमेटी का गठन किया गया है।

मंदिर कमेटी के प्रवक्ता जय ठाकुर ने कहा कि इस कमेटी में सभी जगह से मेंबर और पदाधिकारीयों की नियुक्ति हुई है। इसमें कारदार वीधी चंद को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। उपाध्यक्ष संत कुमार शर्मानग्गर, सचिव बलवीर सिंह छाकी, कोषाध्यक्ष मोहर सिंह, नग्गर, सलाहकार झूना सिंह नशाला, सुख राम जाणा, नरेंद्र नग्गर, नरेंद्र प्रकाश नग्गर, झाबे राम लरांकेलो, रामेश्वर भल्ला, नियुक्त किया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में मनोज कायस्था, पंकज शर्मा, प्रदीप ठाकुर प्रधान नग्गर, अमर चंद सूद, ओमदत्त शर्मा नग्गर, देव राज ठाकुर प्रधान रूमसू पंचायत, लक्ष्मण ठाकुर जाणा, मेहर चंद कुम्महारटी को मनोनीत किया है। इसके अलावा कोठी नग्गर के देवी-देवताओं के कारदार और देऊलू और ठाकर मुरलीधर के मुजारे और समस्त हारीयान इस कमेटी के सदस्य होंगे। मंदिर कमेटी की अगामी बैठक जून माह में ठाऊआ मंदिर में होगी।



विश्व प्रसिद्ध ठाकर मुरलीधर चतुर्भुज मंदिर नग्गर।

## कोट में श्रीमद्भागवत महापुराण संपन्न

**अनंत ज्ञान, आनी।** जिला कुल्लू के आनी उपमंडल के जलोड़ी क्षेत्र के ऐतिहासिक कोट भझारी मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण का भव्य समापन शनिवार को पूर्णाहुति के साथ हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर अध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। कोट भझारी देवता की अगुवाई में आयोजन को पारंपरिक विधि-विधान से संपन्न किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने आयोजन समिति को बधाई देते हुए मंदिर में सराय निर्माण के लिए पांच लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विकास उनकी प्राथमिकता है और जलोडी सुरंग (टनल) के निर्माण को लेकर भी हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। शिमला के प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य डॉ. दिनेश शर्मा ने सात दिनों तक श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया। इस अवसर पर पूर्व एपीएमसी अध्यक्ष यूपेंद्र कांत, सतपाल ठाकुर, एसडीएम मनमोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

## पीएचसी गोंधला में डॉक्टर उषा शर्मा ने संभाला बीएमओ का पदभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति स्थित स्वास्थ्य विभाग के पीएचसी गोंधला में डॉ. उषा शर्मा ने शुक्रवार को खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) का पदभार संभाल लिया है। इससे पहले डॉ. उषा शर्मा क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में प्रोग्राम आफिसर के पद पर तैनात थीं। गत छह मई को सरकार ने उनका तबादला पीएचसी गोंधला के लिए किया था। इससे पहले गोंधला में इस पद पर डॉ. ओम प्रकाश तैनात थे। 30 अप्रैल को वह अपने पद से सेवानिवृत्त हो गए हैं। इसके बाद गोंधला में खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) का पद खाली था। विधायक अनुराधा राणा की अनुशंसा पर सरकार ने गोंधला के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी के तैनाती के आदेश जारी कर दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशन लाल ने बताया कि डॉ. उषा शर्मा ने गोंधला में खंड चिकित्सा अधिकारी का पदभार संभाल लिया है। डॉ. उषा शर्मा का गोंधला पीएचसी में जल्द तैनाती पर गोंधला पंचायत के उपप्रधान अनिल कुमार ने विधायक का आभार जताया है।



## कुल्लू प्रशासन सतर्क, पुलिस सुरक्षा बल भी हाई अलर्ट पर, अफवाहों में न आएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भारत-पाक सीमा पर उत्पन्न हुई ताजा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन कुल्लू ने महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया।

डीसी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में किसी भी संभावित आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए संपूर्ण तैयारी की समीक्षा की गई। डीसी ने बताया कि नागरिकों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति के लिए आपात नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है और यह 24 घंटे 7 दिन कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिक किसी भी आपात स्थिति की सूचना जिला प्रशासन को दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला में शिक्षण संस्थान भी नियमित रूप से खुले रहेंगे।

### अनावश्यक अफवाहों में न आएं

**कुल्लू** अंतरराष्ट्रीय सीमा से दूर है। लोगों को डरने की जरूरत नहीं है, लेकिन लोग सतर्क एवं सावधान रहें और अनावश्यक अफवाहों में नहीं आएं। केवल प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर विश्वास करने की अपील की गई है।

### आपात शरण स्थल चिह्नित करें

**जिला** अस्पताल व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाइयों, ऑक्सीजन सिलेंडर और रक्त भंडार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने आपात शरण स्थल चिह्नित कर ऐसे स्थानों पर भोजन, पानी, दवाइयों आदि की पर्याप्त सुविधा के साथ तैयार रखने की निर्देश दिए गए हैं।

### सुरक्षा बलों को भी हाई अलर्ट पर रखा

**सभी** विभागों के अधिकारियों/ कर्मचारियों को सतर्क और अपने कार्यस्थल पर बने रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में सरकारी वाहनों के चालकों को आपात स्थिति में अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस व सुरक्षा बलों को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है और हाइड्रो प्रोजेक्ट्स व बांधों जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है।

## दिव्यांगजनों की सहायता करना हमारा कर्तव्य: संगीता

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लरांकेलो में दिव्यांगजनों के लिए समावेशी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें उपप्रधानाचार्य संगीता ठाकुर ने समावेशी कार्यक्रम की सराहना की।

उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों की सहायता करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने संस्था का दिव्यांगता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए धन्यवाद जताया। कार्यशाला में सांफिया के कार्यक्रम प्रबंधक बीजू ने बताया कि संस्थान एडी हाइड्रो पावर लिमिटेड, मनाली द्वारा प्रायोजित है और जिला कुल्लू में दिव्यांग बच्चों के लिए फिजियोथैरेपी, ऑक्यूपेशनल थैरेपी, स्पीच थैरेपी एवं स्पेशल एजुकेशन जैसी सेवाएं प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन दिव्यांगता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए जिले के शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक कार्यक्रमों और त्योहारों में विशेष अभियान चला रहा है। डॉ. रेखा ठाकुर निदेशक सह फिजियोथैरेपिस्ट सांफिया ने विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं और उनकी आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को थैरेपी सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला के दूसरे सत्र में आश बाल विकास केंद्र की धनेश्वरी ठाकुर ने प्रतिभागियों को दिव्यांगता का अनुभव कराने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां कराईं। इस आयोजन का उद्देश्य दिव्यांगजनों की चुनौतियों को समझना और उनके लिए समाज में समावेशी वातावरण तैयार करना था। इस कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य जाह्नवी गुलेरिया, निर्मला शर्मा,विनीत ठाकुर ,स्नेहा ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



लरांकेलो स्कूल में आयोजित समावेशी कार्यशाला के दौरान विद्यार्थी व शिक्षकों के साथ सांफिया की टीम।

### समापन | आनी मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में खूब झूमे दर्शक

## हेमंत की 'गुजरिये..' ने मचाया धमाल

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

जिला स्तरीय आनी मेले की तीसरी और अंतिम सांस्कृतिक संध्या फोक किंग हेमंत शर्मा, कुमार साहिल, रमना भारती ऑयर काकू चौहान के नाम रही। अंतिम सांस्कृतिक संध्या में एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के पूर्व अध्यक्ष युपेंद्र कांत मिश्रा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

तीसरी और अंतिम सांस्कृतिक संध्या में फोक किंग के नाम से मशहूर हिमाचली लोक गायक हेमंत शर्मा के ट्रेंडिंग गाने गुजरिये नॉन स्टॉप, सीधी बे सडकी फोटू छापना, बिंदिया रा धाटू रे, मेरे मंछा जाने दे पेउके आदि एक से बढ़कर एक गाने गाकर दर्शकों का दिल जीत लिया, जबकि हिमाचल की मशहूर आवाज कुमार साहिल ने भी इक हसीना थी, तेरे बिना गुजारा ए दिल है मुश्किल आदि हिंदी गानों के बाद दर्शकों का मूड देखते हुए तेरा मेरा प्यार आड़िये बचपोनो रा, इक आधिया मंगाई जा रे आदि पहाड़ी गाने गाकर रंग जमाने का प्रयास किया, जबकि इससे पहले उभरती लोक गायिका रमना भारती ने मेरे पटवारिया, कुल्लू जिले रा, घड़ी पल बदले ओ, नीलिमा, काकू चौहान ने चैपाल री छोटीए, रुषणा सीखा, कोटगढ़ बामे रेजटा, शालू व्हिस्की आदि गाने गाकर खूब रंग जमाया। वहीं, रोशनी शर्मा सहित कई अन्य स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं।

तीनों सांस्कृतिक संध्याओं में स्टार कलाकारों, लोक गायकों के अलावा ब्रह्मास्त्र बैंड और प्रदेश के जाने माने एंकर मुनीश नंदन और आनी क्षेत्र के अलावा प्रदेश के कई कार्यक्रमों में अपनी एंकरिंग से जगह पाने वाले आनी के ललित शर्मा ने भी सभी को अपना दीवाना बनाया रखा। इस अवसर पर मुख्यातिथि युपेंद्र कांत मिश्रा के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आनी के पूर्व महासचिव सतपाल ठाकुर, किसान इकाई के अध्यक्ष आशीष, महेंद्र, एससी विंग के अध्यक्ष किशोरी लाल, अल्पसंख्यक विभाग आनी के अध्यक्ष नवनीत, ग्राम पंचायत फनौटी के प्रधान दौलत चौहान आदि मौजूद रहे। यूपेंद्र कांत मिश्रा ने मेले के सफल आयोजन पर ऐच्छिक निधि से एक लाख 11 हजार देने की घोषणा की। **(अनंत ज्ञान)**



आनी मेले में तीसरी सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते फोक किंग हेमंत शर्मा।

## ओम को कुल्लू शिक्षा विभाग के प्रयोगशाला कर्मचारी संघ की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू शिक्षा विभाग के प्रयोगशाला कर्मचारी संघ के चुनाव शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भुंतर में पीठासीन अधिकारी हुकम राम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढालपुर और बुद्धि प्रकाश जूनियर लेक्चर एसिस्टेंट महाविद्यालय कुल्लू की अध्यक्षता में किए गए।

इसमें तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा कर पुरानी कार्यकारणी को भंग कर नई कार्यकारणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से ओम (डाइट कुल्लू जरड़) को प्रधान चुना गया। इसके अलावा वरिष्ठ उपप्रधान पद पर जालप राम (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दलाश)। वहीं, उपाध्यक्ष पौने राम (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुंतर), सचिव विनोद कुमार (महाविद्यालय कुल्लू), कोषाध्यक्ष नोख सिंह (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंजार), सलाहकार घनश्याम शर्मा ( राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गड़सा) तथा महिला उपाध्यक्ष राजकुमारी (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कुंगश), प्रेस सचिव दीनदयाल (राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक थरास) को चुना गया। इस मौके पर नव नियुक्त प्रधान ओम ने कहा कि कर्मचारियों की मांगें लंबित पड़ी हैं, उनको सरकार के समक्ष पूरी जोर-शोर से उठाएंगे।



जिला कुल्लू शिक्षा विभाग प्रयोगशाला कर्मचारी संघ की नव नियुक्त कार्यकारिणी।

## मिड-डे-मील वर्कर्स को मिले 12 माह का वेतन: गौतम

### सरवरी में आयोजित हुए कार्यक्रम में जिलेभर के 115 सदस्यों ने लिया भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

मिड-डे-मील वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू जिला कुल्लू का 5वां जिला सम्मेलन शनिवार को अशोक भवन कुल्लू में संपन्न हुआ। सम्मेलन में कुल्लू, नगर, भुंतर, सैंज, बंजार, आनी से लगभग 115 सदस्यों ने भाग लिया।

सम्मेलन का उद्घाटन सीटू के राज्य महासचिव प्रेम गौतम द्वारा किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार ने 2014 के बाद 1 भी रुपए की बढ़ोतरी नहीं की है, बल्कि मिड-डे-मील के बजट में लगातार कटौती की है। केंद्र की नवउदारवाद की नीतियों का सीधा प्रभाव मिड-डे-मील वर्कर्स पर पड़ रहा है। समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। श्रम कानूनों को निरस्त कर 4 श्रम कोड में बदल दिया गया है। काम के घंटों को 8 से बढ़ाकर 12 घंटे किया जा रहा है। यूनियन बनाने के अधिकार पर हमला किया जा रहा है। मिड-डे-मील योजना को अक्षय पात्रा, नंदी फाउंडेशन व इस्कॉन जैसे बड़े एनजीओ को ठेके पर दिया जा रहा है। मिड-डे-मील वर्कर्स यूनियन की राज्य महासचिव हिमी ठाकुर ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 1094 प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों, 70 वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों को बंद करने का ऐलान कर दिया है, जिससे मिड-डे-मील की नौकरी पर खतरा पैदा हो गया है।

उच्च न्यायालय के 12 महीने के वेतन देने के फैसले को लागू नहीं किया जा रहा है, केवल 10 महीने का ही वेतन दिया जा रहा है। 45वें श्रम सम्मेलन की सिफारिशों के अनुसार मिड-डे-मील वर्कर्स को सरकारी कर्मचारी घोषित किया जाना चाहिए। सम्मेलन का समापन सीटू के जिला महासचिव राजेश ठाकुर द्वारा किया गया। उन्होंने मिड-डे-मील वर्कर्स को सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया और 20 मई की अखिल भारतीय हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।




मिड-डे-मील वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू कुल्लू के 5वें जिला सम्मेलन के दौरान पदाधिकारी।

### 33 सदस्यीय नई जिला कमेटी का गठन

**सम्मेलन** में 33 सदस्यीय नई जिला कमेटी का गठन किया गया। इसमें वृंदा को जिला अध्यक्ष, श्यामा शर्मा को महासचिव, रेखा को कोषाध्यक्ष और करूणा, यशपाल, मीरा देवी, दुर्गा, मुर्तू देवी को उपाध्यक्ष व गीता, प्रेम लता, प्रीमी देवी, भुवनेश्वरी, राम दास को सचिव पद पर चुना गया।

## न्यूज ब्रीफ

### नाहन में 8.3 ग्राम चिट्टे सहित दो युवक काबू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। इसी अभियान के तहत नाहन पुलिस ने शुक्रवार देर शाम जिला मुख्यालय स्थित बाल्मीकि बस्ती से एक युवक और पक्का टैंक क्षेत्र के निवासी एक अन्य युवक को 8.3 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी आपस में दोस्त बताए जा रहे हैं। पुलिस ने मौके पर नशे का सामान कब्जे में लेकर दोनों को हिरासत में ले लिया। डीएसपी हेडक्वार्टर रमाकांत ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगामी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस अब यह जांच कर रही है कि ये आरोपी अवैध नशा कहां से और किस माध्यम से ला रहे थे। नशे के नेटवर्क की तह तक पहुंचने के लिए पूछताछ जारी है।

### पूर्णाहुति के साथ श्रीमद्भागवत कथा संपन्न

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कसौली विधानसभा क्षेत्र की भोजनगर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन बयास आचार्य तरुण ने श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण को जैसे ही पता चला कि उनका मित्र सुदामा उनसे मिलने के लिए आया है, तो वह नंगे पांव उनसे मिलने दौड़े आए। यह देखकर सभी रानियां व द्वारपाल आश्चर्य चकित रह गए। उन्होंने कहा कि बिना मांगें ही कृष्ण ने सुदामा को सबकुछ दे दिया। आचार्य तरुण ने कहा कि मित्रता में छोटा-बड़ा या ऊंच-नीच नहीं देखा जाता है। मित्रता में केवल भाव ही देखा जाता है इसलिए मित्रता हमेशा कृष्ण और सुदामा की तरह करो। उसके बाद उन्होंने राजा परीक्षित के मोक्ष का अंतिम प्रसंग सुनाया और कहा कि राजा परीक्षित ने भागवत कथा सुनी और उनका मृत्यु का भय खत्म हो गया। अंत में तक्षक नाग के डंसने से उनकी मृत्यु हो गई और वह मोक्ष को चले गए। भागवत कथा में सैकड़ों लोग मौजूद रहे। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजक संजीव ठाकुर व सुधीर ठाकुर ने सभी लोगों का आभार जताया।

### बिजली बोर्ड के पेंशनर्स देश की सेना के साथ

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला बिजली बोर्ड पेंशनर कल्याण संघ की बैठक नाहन में आयोजित हुई, इसमें बड़ी संख्या में पेंशनरों ने भाग लिया। बैठक में सबसे पहले देश की हिफाजत के लिए जुटी भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का स्वागत किया गया और साथ ही पेंशनरों ने कहा कि वह इस समय देश व भारतीय सेना की सफलता के लिए प्रार्थना कर रहे हैं और पूरी तरह से देश व सेना के साथ खड़े हैं। संघ के महासचिव कमलेश पुंडीर ने बताया कि भारत की सेना ने जो बहादुरी व साहस का परिचय दिया है, उसका संघ स्वागत व अभिनंदन करता है और बिजली बोर्ड संघ के सभी पेंशनर देश व सेना के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड प्रबंधन ने अभीतक पेंशनरों के 2016 से लंबित एरियर अदा नहीं किए हैं, जिससे पेंशनरों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को पेंशनरों के लंबित एरियर जल्द अदा करने चाहिए।

### आपसी सहमति से 2787 मामलों का हुआ निपटारा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन जिला मुख्यालय सहित जिले के अन्य सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह जानकारी जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव आकांक्षा डोगरा ने दी। उन्होंने कहा कि इन लोक अदालतों का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश सोलन अरविंद मल्होत्रा की अध्यक्षता में किया गया। आकांक्षा डोगरा ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के अवसर पर कुल 10403 मामलों को सुनवाई के लिए पूर्व लोक अदालत बैठक एवं लोक अदालत की विभिन्न बैंच के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि इनमें से 2787 मामलों का निपटारा विभिन्न पक्षों की आपसी सहमति से किया गया। उन्होंने कहा कि इन मामलों में कुल 77912058 रुपए की राशि समझौता राशि रही। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव ने कहा कि इन मामलों में मोटर वाहन चालानों के 9168 मामाले भी विभिन्न बैंच के समक्ष प्रस्तुत किए गए। इनमें से 2168 मामलों का निपटारा किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के अंतर्गत सोलन के नालागढ़, कसौली, अर्की तथा सोलन मुख्यालय में 12 लोक अदालत बैंच गठित की गईं। उन्होंने कहा कि मई में पूर्व लोक अदालत बैठकें भी करवाई गईं।

# फुटपाथ निर्माण कार्य में आएगी तेजी

## सपरून में पेयजल पाइप लाइन शिफ्ट करने का कार्य शुरू, नई पाइप लाइन से किया कनेक्ट

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर के सपरून में फुटपाथ निर्माण में बाधा बनी पेयजल पाइप लाइन को हटाने का कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। शनिवार को यहां पर नई पाइप लाइन से कनेक्ट किया गया, ताकि पानी की सप्लाई बाधित न हो। पाइप लाइन शिफ्ट होने से अब फुटपाथ निर्माण में तेजी आएगी। सपरून में लंबे समय से फुटपाथ की मांग की जा रही है पर इस कार्य में लगातार देरी हो रही है। हालांकि, अब यह कार्य समय रहते पूरा होने की उम्मीद है। बता दें कि निर्माण कार्य के बीच में पेयजल पाइप लाइन आने से यह कार्य ठेकेदार ने रोक दिया था। पाइप लाइन हटते ही निर्माण कार्य शुरू हो गया है। फुटपाथ बनने से पैदल चलने की आसानी होगी। **(अनंत ज्ञान)**


निर्माणाधीन पार्किंग के बीच में आई पाइप को शिफ्ट करने का कार्य करते कर्मी।

### फुटपाथ को 20 लाख मंजूर

**सपरून** में फुटपाथ निर्माण को सरकार से 20 लाख रुपए की राशि मंजूर हुई है। हालांकि, इस कार्य को पूरा करने के लिए 60 लाख रुपए की रिवाइज्ड डीपीआर बनी है। फोरलेन की जद में आए फुटपाथ का नए सिरे से निर्माण के लिए स्थानीय सामाजिक संस्थाओं सहित वार्ड-14 के पार्षद राजीव कौड़ा को चार साल संघर्ष करना पड़ा। पार्षद के प्रयासों से फुटपाथ निर्माण की योजना सिरे चढ़ी। कुछ महीने पहले ही स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह की मौजूदगी में इसका शिलान्यास हुआ है। शुरू में फुटपाथ निर्माण वाली जगह रेहड़ी-फड़ी का कब्जा हो गया था, जिससे हाईकोर्ट के आदेश से हटाया गया है।

### 60 लाख की डीपीआर हुई है मंजूर

**नगर** निगम ने फुटपाथ के लिए 60 लाख रुपए की रिवाइज्ड डीपीआर मंजूर करवाई है पर अभी 20 लाख रुपए की राशि निर्माण कार्य शुरू करने को मिली है। सपरून में फोरलेन निर्माण के चलते फुटपाथ को तोड़ा गया था। इसके बाद से यहां पैदल चलने की जगह नहीं बची, जिससे राहगीरों को खासकर स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सड़क किनारे पैदल चलना जोखिम भरा हो गया है। यहां फुटपाथ का निर्माण पूरा होने से राहगीरों को पैदल चलने में आसानी होगी। सपरून में निर्माणाधीन फुटपाथ के साथ अब स्लिप रोड और पार्किंग का भी निर्माण होगा।

सपरून में फुटपाथ निर्माण में आड़े आई पेयजल पाइप लाइन को शिफ्ट करने का कार्य शुरू हो गया है। पाइप लाइन हटते ही फुटपाथ निर्माण में तेजी आएगी। कोशिश रहेगी कि फुटपाथ का निर्माण जल्द पूरा हो, ताकि स्थानीय लोगों को पैदल चलने की सुगमता होगी।

**राजीव कौड़ा, पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर, नगर निगम सोलन।**

### चार वार्डों के लोगों को मिलेगी सुविधा

**सपरून** में फुटपाथ बनने से शहर के चार वार्डों के लोगों को सुविधा मिलेगी। वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी, कमल ऑर्चर्ड सोसायटी, वार्ड-13 का क्लीन, सपरून पंचायत, वार्ड -16 का रबोन, आंजी तथा वार्ड -1 का देउंघाट सहित बाहर से आने वाले यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी। इसी मार्ग से रोज उपनगरों और आसपास के गांव से सैकड़ों की संख्या में लोग सोलन शहर पहुंचते हैं। फुटपाथ की कमी से लोगों को जान जोखिम में डालकर वाहनों के रश के बीच चलने को मजबूर होना पड़ता है यदि समय रहते फुटपाथ का निर्माण होता है, तो लोगों को जल्द पैदल चलने में आसानी होगी।

# बद्दी और नालागढ़ में रात 8 बजे से पहले बंद होंगी दुकान-रेस्तरां

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर वर्तमान संवेदनशील स्थिति तथा सुरक्षा की दृष्टि से जनहित में आवश्यक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं और आगामी आदेशों तक जारी रहेंगे।

इन आदेशों के अनुसार सोलन जिले की बद्दी तहसील, नालागढ़ तहसील और नगर परिषद परवाणू के क्षेत्राधिकार में रात्रि के समय ब्लैक आउट रहेगा। यह ब्लैक आउट रात्रि 8 से प्रात: 5 बजे तक रहेगा। इन क्षेत्रों के सभी निवासियों को हर रोज रात्रि 8 बजे अपने घरों की सभी लाइटें बंद करनी होंगी। दुकान, होटल तथा रेस्तरां सहित सभी वाणिज्यिक संस्थानों को रात्रि 8 बजे बंद करना होगा। इन आदेशों के अनुसार सरकारी एवं निजी भवनों, एटीएम, खेल परिसर, छात्रावास, रेस्तरां, धार्मिक स्थान, दुकान एवं वाणिज्यिक परिसर, पार्क, विज्ञापन पट्ट, वाशिंग प्लांट, खनन स्थल सहित सभी संस्थानों एवं कार्य स्थलों को प्रत्येक दिवस पर रात्रि 8 बजे बंद करना होगा। बस अड्डों, रेलवे स्टेशन, पुलों तथा स्थानीय निकायों के क्षेत्राधिकार में

**ब्लैक आउट अवधि में स्ट्रीट लाइट आदि रखें बंद**

आने वाली गली प्रकाश व्यवस्था प्रणाली भी ब्लैक आउट समयावधि में बंद रहेगी। आदेशों में स्पष्ट किया गया कि आपातकालीन साइरन की आवाज के साथ ही सभी प्रकार की आंतरिक प्रकाश व्यवस्था को तुरंत बंद करना होगा, ताकि पूर्ण रूप से ब्लैक आउट हो सके। उपरोक्त अधिसूचित क्षेत्रों में कार्यशील सभी औद्योगिक इकाइयों को तुरंत प्रभाव से अपनी रात्रिकालिन शिफ्ट को निलंबित करना होगा। आवश्यक वस्तुओं का उत्पादन करने वाली औद्योगिक इकाइयों को यह सुनिश्चित बनाना होगा कि उनके परिसर से किसी भी प्रकार का प्रकाश दृष्टिगोचर न हो। इसके लिए इन इकाइयों को सभी खिड़कियों आदि को पूर्ण रूप से ढकना होगा। उपरोक्त वर्णित क्षेत्रों की सभी ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों, नगर परिषदों तथा नगर निगम को राष्ट्रीय एवं जन सुरक्षा की दृष्टि से किए गए उपायों को अक्षरश: लागू करवाना होगा तथा यह सुनिश्चित बनाना होगा कि ब्लैक आउट अवधि में स्ट्रीट लाइट आदि पूर्ण रूप से बंद रहें।

# कालाअंब अवैध शराब फैक्टरी का मुख्य आरोपी 5 दिन बाद भी फरार

**अनंत ज्ञान, नाहन**

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

हिमाचल के सिरमौर जिले के कालाअंब स्थित तिलोक संस बेवरेज एंड डिस्टलरी में अवैध शराब निर्माण और लाखों शराब के लेबल बरामद होने के मामले में पांच दिन बीत जाने के बाद भी मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

4 मई की रात को राज्य कर एवं आबकारी विभाग की एनफोर्समेंट टीम ने कालाअंब में छापा मारकर अवैध शराब निर्माण और लाखों शराब के लेबल बरामद किए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी सिरमौर ने एडिशनल एसपी योगेश रोलटा के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया। एसआईटी ने फैक्टरी के मैनेजर और सेल्समैन को गिरफ्तार किया है, लेकिन मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। फैक्टरी के मैनेजर की गिरफ्तारी की खबर मीडिया में लीक होने से एसआईटी पर सवाल उठ रहे हैं। एसआईटी इंचार्ज योगेश रोलटा ने कहा कि उनके द्वारा किसी भी प्रकार की सूचना साझा नहीं की गई थी। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने से पहले कोई भी जानकारी साझा नहीं की जाएगी। पांच दिन बीत जाने के बाद भी मुख्य आरोपी का फरार होना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। आशंका जताई जा रही है कि आरोपी मीडिया में सूचना लीक होने के बाद और भी सतर्क हो गया है। एसआईटी ने कहा कि मुख्य आरोपी की तलाश में टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस पूरे मामले में एक्साइज विभाग के अधिकारी ने खुद को पहले दिन से ही जांच में शामिल कर लिया है। एसपी सिरमौर ने कहा कि जिला पुलिस मुख्यालय पूरी गंभीरता से मामले की जांच कर रहा है।

# रमेश बने दुर्गा संकीर्तन ट्रस्ट के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मुरारी मार्केट, सोलन में दुर्गा संकीर्तन ट्रस्ट की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान ट्रस्ट के सदस्यों ने ट्रस्ट के दिवंगत अध्यक्ष विनोद गुप्ता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके सामाजिक योगदान को याद किया। बैठक में ट्रस्ट ने भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनावपूर्ण हालात के बीच भारतीय सेना के साथ पूर्ण एकजुटता व्यक्त की। ट्रस्ट ने स्पष्ट किया कि वे संकट की इस घड़ी में देश की सेवा के लिए हर प्रकार की सहायता प्रदान करने को तत्पर हैं। बैठक के दौरान ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी का गठन भी सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से रमेश सिंगला को ट्रस्ट का नया अध्यक्ष चुना गया, जबकि पवन साहनी को सचिव व अश्वनी गोयल को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। सत्यनारायण गुप्ता को ट्रस्ट का पैटर्न चुना गया।

# केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि खाद्यान्न संकट जैसी कोई स्थिति नहीं : डीसी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भारत सरकार के कृषि मंत्रालय ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के साथ एक महत्वपूर्ण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की।



बैठक में मंत्रालय ने देशभर के प्रशासनिक अधिकारियों को आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में गेहूं व चावल का भंडार उपलब्ध है। वीसी के बाद उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने जिलावासियों को प्रेस नोट जारी करते हुए जानकारी दी कि केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि खाद्यान्न संकट जैसी कोई स्थिति नहीं है इसलिए आमजन घबराकर अनावश्यक भंडारण या अतिरिक्त खरीद से बचें। डीसी ने जनता को आगाह करते हुए कहा कि यदि कोई दुकानदार या विक्रेता खाद्यान्न की जमाखोरी करता है, कृत्रिम कमी पैदा करता है या तय मूल्य से अधिक दाम वसूलता है, तो इसकी शिकायत खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के टोल फ्री नंबर-1967 पर तत्काल की जा सकती है। प्रशासन ऐसी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करेगा। डीसी ने स्पष्ट किया कि जिले में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं है। सभी रिटेल आउटलेट्स और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि लोग अफवाहों के आधार पर घबराहट में ईंधन या गैस की अतिरिक्त खरीद करेंगे, तो इससे अस्थायी असुविधा उत्पन्न हो सकती है, जिसका खामियाजा सभी को भुगतना पड़ सकता है। डीसी ने जनता से शांति बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा, हम सभी का कर्तव्य है कि संकट की स्थिति में संयम बरतें और व्यवस्था को न बिगाड़ें।

# पांवटा में 84 प्रतिबंधित कैप्सूलों के साथ ई रिक्शा चालक काबू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के पांवटा साहिब में पुलिस ने एक ई-रिक्शा चालक को 84 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूलों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सतपाल सिंह, निवासी ददाहू के रूप में हुई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, एएसआई दिनेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम वाई प्वाइंट के पास नियमित नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान, संदेह के आधार पर एक ई-रिक्शा को रोका गया। तलाशी के दौरान चालक के पास से 84 प्रतिबंधित कैप्सूल बरामद हुए। डीएसपी मानवेंद्र सिंह ठाकुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह नशीले कैप्सूल कहां से लाए गए थे और इन्हें किसे सप्लाई किया जाना था। पुलिस का मानना है कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर अंकुश लगेगा।

# अभिषेक बने जिला बार एसोसिएशन के प्रधान



जिला बार एसोसिएशन सोलन के चुनाव में निर्विरोध चुन पदाधिकारी संबोधित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला बार एसोसिएशन सोलन के चुनाव में अधिवक्ता अभिषेक ठाकुर को सर्वसम्मति से निर्विरोध प्रधान चुना गया।

इसके अलाव उपप्रधान व अन्य पदाधिकारियों को भी निर्विरोध नियुक्त किया गया। जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रधान अभिषेक ठाकुर ने बार एसोसिएशन के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बार एसोसिएशन के सदस्यों ने उनपर भरोसा व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जो भी समस्या बार एसोसिएशन के सदस्यों को आएगी, उसे हल करने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने भारत की रक्षक सेना का युद्ध घड़ी में देश रक्षा करने के लिए आभार व्यक्त किया।

# नेशनल हाईवे-5 में शमलेच में कार दुर्घटना में चार चोटिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**



नेशनल हाईवे-5 हादसों की सड़क बनती जा रही है। आए दिन यहां पर सड़क हादसे हो रहे हैं। ताजा मामला सोलन के शमलेच का है, जहां पर एक हरियाणा नंबर की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने पीट में गिरने से बच गई।

कार में चार लोग सवार थे, जिन्हें हल्की चोटें आई हैं। वहीं, कार का काफी नुकसान हुआ है। हरियाणा नंबर की कार सोनीपत से शिमला की ओर जा रही थी यदि सड़क किनारे बने पिट को कवर किया हुआ होता, तो यह हादसा होने से बच सकता था। बीते कल भी बरूरी के समीप एनएचएआई की लापरवाही के चलते दो कारें आपस में टकराई थीं, जिसमें भी कारों को काफी नुकसान पहुंचा था।

# नशा करना है, तो देश प्रेम का करो: कृष्णा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत मांगल की महिला मंडल की मासिक बैठक में समाजसेवी चौहान कृष्णा ने सिंथेटिक ड्रग्स चिट्टा के खिलाफ विशेष अभियान में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने चिट्टे से होने वाली हानियों के बारे में विस्तार से चर्चा की और बताया कि कैसे हमारे युवक-युवतियां इस नशे में संलिप्त हो रहे हैं। चौहान कृष्णा ने बताया कि चिट्टा नशा करने वालों के परिवार के सदस्यों का जीवन कैसे प्रभावित होता है और समाज में इसके क्या दुष्प्रभाव हैं। इस सिंथेटिक ड्रग्स का समूल नाश करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी सहभागिता निभानी होगी। चौहान कृष्णा ने कहा कि नशा करने वालों को सरकारी कारावास में बंद करना होगा और हमारे युवाओं को इस भयंकर नशे से मुक्ति दिलानी होगी। उन्होंने कहा कि अगर नशा करना ही है तो देश प्रेम का नशा करो। इस विशेष अभियान में मांगल पंचायत की प्रधान उर्मिला रघुवंशी, उपप्रधान सीताराम ठाकुर, सीमा सेन, इंद्रा देवी, वीना, छांगी देवी, लीला देवी, अनिता अवस्थी, रामप्यारी, राधा, रमा अवस्थी, पींकी, पुनम, दीपिका आदि मौजूद रहे।

# आतंक के खिलाफ लंबी लड़ाई एकता ही बड़ा हथियार : कौशिक

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हालही में पहलगाम में हुई झड़प के बाद सेवानिवृत्त मेजर जनरल अतुल कौशिक ने देश के नागरिकों को संबोधित करते हुए आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को एक लंबी और सतत प्रक्रिया बताया।



उन्होंने जोर देकर कहा कि इस लड़ाई में सबसे बड़ा हथियार देश की एकता और आपसी सद्भाव है। मेजर जनरल कौशिक ने सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर प्रसारित हो रही गलत सूचनाओं के प्रति आगाह करते हुए कहा कि कुछ तत्व इस संवेदनशील स्थिति का फायदा उठाकर समुदायों के बीच विद्वेष फैलाने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से

**नागरिकों से अपील, अपुष्ट खबर पर न करें विश्वास**

अपील की कि वे किसी भी अपुष्ट खबर पर विश्वास न करें और अफवाहों से दूर रहें। पहलगाम की घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें विभिन्न समुदाय और धर्म शामिल हैं और ऐसे में राष्ट्रीय एकता को बनाए रखना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि हम किसी भी समुदाय या धर्म को शत्रु मान लेंगे, तो यह देश के लिए एक गंभीर आंतरिक कमजोरी साबित होगी।

# महंगाई भत्ते की सभी किस्तों को किया जाए जारी : एसोसिएशन


हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सेवानिवृत्त एसोसिएशन की बैठक में मौजूद सदस्य।

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सेवानिवृत्त एसोसिएशन दाड़लाघाट एवं नम्होल यूनिट की मासिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कमल ठाकुर ने की।

अध्यक्ष प्रेम केशव ने बताया कि बैठक में शिमला और सोलन में हुई बैठकों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बोर्ड अध्यक्ष द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सभी मांगों पर विस्तृत चर्चा होने के बाद संबंधित पेंशन विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में बिजली बोर्ड के एमडी का धन्यवाद किया गया। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भी अपनी-अपनी समस्याओं का जिक्र किया। सभी मांगों पर विभाग के साथ समस्याओं को उजागर करने का फैसला किया गया। प्रदेश सरकार से आग्रह किया गया कि महंगाई भत्ते की सभी किस्तों को जारी किया जाए और 1 जनवरी, 2016 से बकाया राशि का भुगतान जल्द किया जाए।

बैठक में अध्यक्ष प्रेम केशव ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों से आग्रह किया कि हर बैठक में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपनी समस्याओं को साझा करें। बैठक में परस राम, विजय ठाकुर, कमल ठाकुर, राजेंद्र, सुहारु राम, निक्कू राम चौधरी आदि ने भाग लिया।

**परेशानी** आदर्श अस्पताल संगड़ाह में डॉक्टर और सुविधाओं का टोटा

# 35 लाख की लैब पर ताला

**एसपी जैरथ, नाहन**

सिरमौर जिले के संगड़ाह स्थित आदर्श अस्पताल में हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत दो माह पूर्व स्थापित 35 लाख रुपए की अत्याधुनिक प्रयोगशाला उद्घाटन के बाद से ही ताले में बंद पड़ी है।

मरीजों के लिए यह लैब सफेद हाथी बनकर रह गई है। 5 मई, 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा 10.5 करोड़ रुपए की लागत से बने इस अस्पताल में लगभग 30 लाख रुपए की लिफ्ट भी बंद पड़ी है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, जनरेटर की अनुपलब्धता के चलते लिफ्ट का संचालन नहीं हो पा रहा है। खंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल भारद्वाज के अनुसार, प्रयोगशाला निर्माण करने वाली एचएलएल कंपनी ने अभी तक स्टॉक लिस्ट उपलब्ध नहीं करवाया है। वहीं, एचएलएल के अधिकारी सुनील कुमार का दावा है कि स्टॉक


संगड़ाह स्थित आदर्श अस्पताल बना सफेद हाथी।

लिस्ट पहले ही स्वास्थ्य विभाग को सौंप दी गई है। इस विरोधाभासी बयानबाजी के चलते लैब चालू होने में और देरी हो रही है। अस्पताल को आदर्श स्वास्थ्य संस्थान का दर्जा तो मिल गया, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। अस्पताल में स्वीकृत 10 डॉक्टरों के पदों में से 9 पद खाली पड़े हैं। पैरामेडिकल स्टाफ की भी आधी सीटें रिक्त हैं। लगभग एक लाख की आबादी वाले इस क्षेत्र के अस्पताल में अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। मरीजों को मजबूरन निजी लैबों में जाकर महंगे दामों पर जांच करवानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि अस्पताल में डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति तुरंत की जाए। इसके अलावा, बंद पड़ी लैब और लिफ्ट को भी जल्द से जल्द चालू किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। **(अनंत ज्ञान)**

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय महाविद्यालय सोलन में शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता अनुसंधान पद्धति और नवचारी शिक्षण उपकरणों का उपयोग के उभरते रुझान पर चल रहे संकाय विकास कार्यक्रम के अंतिम दिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की सार्थक चर्चा पर केंद्रित रहा।

इस विषय की सार्थकता और उपयोगिता इसलिए भी बढ़ जाती है कि जब उच्च शिक्षा विभाग इसी सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का क्रियान्वयन प्रदेश की कॉलेज में इसी सत्र से लागू करने पर विचार कर रहा है। कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर मनीषा कोहली कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुईं। इस कार्यक्रम के अंतिम दिन संसाधन व्यक्ति के रूप में जाने-माने शिक्षाविद पूर्व में सरदार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डीडी शर्मा रहे। डॉक्टर शर्मा इसी कॉलेज के पूर्व छात्र भी हैं, जो कॉलेज के लिए गौरव की बात है। डॉ. शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 सुधार और कार्यान्वयन रणनीतियों पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव है, जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा प्रणाली में सुधार लाना और इसे


राजकीय महाविद्यालय सोलन में कार्यक्रम में उपस्थित कॉलेज के शिक्षक और प्रिंसिपल।

अधिक समावेशी, लचीला, व्यावहारिक, रोजगारोनुमुख और प्रासंगिक बनाना है। डॉक्टर शर्मा ने स्पष्ट किया कि इसके क्रियान्वयन से छात्रों को अधिक व्यापक तथा समग्र शिक्षा और रोजगार पूर्वक शिक्षण प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने शिक्षा संरचना, मल्टी डिसीप्लिनरी शिक्षा, डिजिटल शिक्षा, शिक्षकों का विकास, शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, डिजिटल संसाधनों का विकास, समुदाय की भागीदारी आदि पहलुओं पर भी प्रतिभागियों से विस्तृत और सार्थक चर्चा की। सप्ताह भर चलने वाला यह संकाय विकास कार्यक्रम मुख्य रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता और इसकी शिक्षा और अनुसंधान में भूमिका तथा भारतीय ज्ञान परंपरा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर पर केंद्रित रहा। डॉक्टर शर्मा के वक्तव्य की समाप्ति के साथ ही यह कार्यक्रम अपने दूसरे चरण अर्थात विदाई सत्र में प्रवेश कर गया। इस सत्र मे डॉ. बीएन कमल ने सप्ताह भर चलने वाले इस संकाय विकास कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के विदाई सत्र में डॉक्टर शर्मा विशिष्टातिथि के रूप में मौजूद रहे तथा उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. कोहली ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर समस्त आइक्यूएसी सदस्यों तथा कॉलेज संकाय सदस्यों को बधाई दी। इस कार्यक्रम में स्थानीय कॉलेज तथा बाहरी कॉलेजों से आए लगभग 60 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।




# जनता को डरने या घबराने की आवश्यकता नहीं है, प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में : मुख्यमंत्री

## बोले- लोग फर्जी खबरों से रहें सतर्क, केवल सत्यापित जानकारी पर ही करें भरोसा

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता को डरने या घबराने की आवश्यकता नहीं है, प्रदेश में स्थिति नियंत्रण में है। सिर्फ एहतियात के तौर पर कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार जन सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राज्य में खाद्य सामग्री, दवाइयां, ईंधन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी नहीं है, इसलिए नागरिक किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। सरकार हर स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

मुख्यमंत्री वर्तमान हालातों के मद्देनजर शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्तों, पुलिस आयुक्तों व पुलिस अधीक्षकों सहित प्रशासनिक सचिवों के साथ अहम बैठक कर प्रदेश में नागरिक सुरक्षा अभ्यास की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में विभागों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए इमरजेंसी रिस्पॉन्स और एहतियाती उपायों को मजबूत करना तथा आपात स्थिति या आपदाओं के मामले में प्रभावी प्रतिक्रिया तंत्र सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अपील की है कि वे संयम बरतें, खाद्य सामग्री की जमाखोरी से बचें और केवल सत्यापित जानकारी पर ही भरोसा करें। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार के साथ जनभागीदारी को जोड़ें, ताकि वे सेवाभाव से सरकार का सहयोग कर सकें। इसके लिए एक विशेष पोर्टल विकसित किया जाए, जिस पर नागरिक और भूतपूर्व सैनिक वॉलिंटियर्स के तौर पर अपना पंजीकरण करवा सकें, ताकि आपात स्थिति में वे अपने कौशल के अनुसार सेवाएं दे सकें। (अनंत ज्ञान)

### सोशल मीडिया पर रखी जाए सख्त निगरानी

**मुख्यमंत्री** ने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों को रोकने हेतु सभी उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि वे स्थानीय पत्रकारों व सोशल मीडिया चैनल चलाने वाले व्यक्तियों के साथ बैठक करें और उनसे गलत या फर्जी खबरें न फैलाने की अपील करें। भ्रामक जानकारी फैलाने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जनता के लिए जारी की जाने वाली सभी सूचनाओं और समाचारों को सत्यापित करके ही जारी किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी जिलों में आपात स्थिति में संपर्क करने हेतु व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाएं और एक जिम्मेदारी अधिकारी या कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाए।

# डिप्टी कमिश्नर और पुलिस अधीक्षक ने की मीडिया ब्रीफिंग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



शनिवार को यूटी चंडीगढ़ के डिप्टी कमिश्नर निशांत कुमार यादव और यूटी चंडीगढ़ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुश्री कंवरदीप कौर ने एक विशेष मीडिया ब्रीफिंग की। ब्रीफिंग का उद्देश्य लोगों को केंद्र शासित प्रदेश की मौजूदा स्थिति और सक्रिय रूप से लागू किए जा रहे तैयारियों के उपायों के बारे में जानकारी देना था।

उपायुक्त ने चंडीगढ़ में शुक्रवार शाम 7 बजे के बाद स्वैच्छिक ब्लैकआउट के दौरान सहयोग के लिए निवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा कि अभी तक कोई तत्काल खतरा या हवाई हमले की चेतावनी नहीं है। हालांकि, हाल के पैटर्न के आधार पर, अलर्ट आमतौर पर देर शाम को जारी किए जाते हैं। इसके मद्देनजर, आज निवासियों से अनुरोध है कि वे स्वेच्छा से रात 9 बजे के बाद घर के अंदर रहें। इसी तरह, दुकानों, मॉल, क्लब, होटल और रेस्तरां सहित सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को स्वैच्छिक आधार पर रात 9 बजे तक बंद करने का आग्रह किया जाता है।

पेट्रोल पंप और केमिस्ट शॉप जैसी आवश्यक सेवाओं को सामान्य रूप से संचालित करने की अनुमति है। लोगों को घबराने की सलाह नहीं दी जाती है और जो लोग आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी या लाभ उठाकर स्थिति का फायदा उठाते हुए पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने यह भी बताया कि आज टैगोर थिएटर और तिरंगा अर्बन पार्क में लगभग 3,000 व्यक्तियों ने नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में नामांकन कराया है। बैच-वार प्रशिक्षण जल्द ही शुरू होगा, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में स्वयंसेवकों की तैनाती की जा सकेगी। आने वाले दिनों में नागरिक सुरक्षा तंत्र को और मजबूत किया जाएगा।

## गुरुग्राम में आतिशबाजी व ड्रोन उड़ाने पर 7 जुलाई तक प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम**

वर्तमान आकस्मिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए जिला में सात जुलाई तक तक मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) जैसे ड्रोन और कम उड़ान वाली वस्तुओं आदि के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। जिलाधीश अजय कुमार ने यह आदेश जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही अवांछनीय गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से सुरक्षा कारणों के तहत जारी किए है।

जिलाधीश द्वारा शनिवार को जारी आदेशों में कहा गया है कि वर्तमान परिस्थितियों में विभिन्न आयोजनों पर जनता द्वारा की जाने वाली आतिशबाजी व पटाखों के शोर से वास्तविक बम, ड्रोन तथा मिसाइल हमले का भय पैदा होता है तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो सकती है। जिसके मद्देनजर जिला गुरुग्राम के अधिकार क्षेत्र में विवाह, धार्मिक उत्सव, समारोह और किसी भी प्रकार की गतिविधियों के दौरान आम जनता द्वारा ड्रोन, माइक्रो लाइट एयर क्राफ्ट, ग्लाइडर/पावर ग्लाइडर, हॉट एयर बैलून, पतंगबाजी और चीनी माइक्रो लाइट के उपयोग और किसी भी प्रकार की आतिशबाजी और पटाखे आदि फोड़ने पर सात जुलाई तक प्रतिबंध लगाया गया है।

जिलाधीश ने एक अन्य आदेश में वर्तमान स्थिति में सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए साइबर कैफे, पीजी, गेस्ट हाउस, होटल, मकान मालिकों, कार्यालयों को निर्देश जारी किए हैं। कहा गया है कि वे रजिस्टर में दर्ज प्रत्येक आगंतुक/किरायेदार का रिकॉर्ड रखें।

## छीना-झपटी के दो दोषियों को पांच साल की सजा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** वर्ष-2020 में छीना झपटी करने के दो दोषियों को यहां की एक अदालत ने 5 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उन पर जुर्माना भी लगाया गया है। पुलिस के अनुसार 21 मार्च 2020 को एक व्यक्ति ने थाना सेक्टर-5 गुरुग्राम की पुलिस टीम को लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में कहा था कि 21 मार्च 2020 को सेक्टर-5 गुरुग्राम से बाइक पर आए व्यक्तियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी है। उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया गया। उसकी शिकायत पर थाना पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज करके जांच शुरू की। पुलिस द्वारा इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान अजय रोहिल्ला निवासी नई आबादी दिल्ली व हर्ष मलिक निवासी गांव मसूदपुर दिल्ली के रूप में हुई।

## सेक्टर-33 में भाजपा कार्यालय पर लगाया 'जय हिंद' का बोर्ड

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



भाजपा ने शनिवार को सेक्टर-33 स्थित अपने कार्यालय पर 'जय हिंद' का प्रेरणादायक बोर्ड लगाकर भारतीय सेना को सम्मानपूर्वक सलाम किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जितेंदर पाल मल्होत्रा ने कहा कि भारतीय सेना न केवल हमारी सीमाओं की सुरक्षा करती है, बल्कि आतंक के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई कर देश का सिर गर्व से ऊंचा करती है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमारी सेना ने पाकिस्तान में घुसकर उन आतंकी अड्डों को तहस-नहस किया, जिन्होंने हमारे देश पर हमले किए थे, वह वीरता और रणनीतिक क्षमता का जीवंत उदाहरण है। ये कार्रवाइयां उन सभी निर्दोष भारतीयों को सच्ची श्रद्धांजलि हैं जो आतंकवाद का शिकार बने। विशेष रूप से यह संदेश पहलगाम में शहीद हुए उन सभी हिंदू नागरिकों के प्रति हमारी गहरी संवेदना और सम्मान का प्रतीक है, जिन्हें पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने निशाना बनाया था।

मल्होत्रा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद के विरुद्ध अब केवल निंदा नहीं, बल्कि निर्णायक एक्शन होगा। सेना को आधुनिक संसाधनों से लैस करना, सीमा सुरक्षा को मजबूत करना और जवानों के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देना केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। 'जय हिंद' का यह बोर्ड सिर्फ एक प्रतीक नहीं, बल्कि हर उस भावना का स्वरूप है जो भारतीय सेना के प्रति गर्व, आभार और राष्ट्र के प्रति समर्पण को दर्शाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### जींद: भाभी की हत्या का आरोपी देवर रिमांड पर

**अनंत ज्ञान, जींद।** गांव किशनपुरा में भाभी की चाकू मार कर हत्या करने के आरोपित देवर को पुलिस ने काबू किया है। गिरफ्तार देवर हुकुम चंद ने घरेलू कलह के चलते अपनी ही भाभी की हत्या की थी। पुलिस ने हुकुम चंद को अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। शनिवार को जानकारी देते हुए सदर थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि गत आठ मई को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव किशनपुरा निवासी सुनीता को मृत हालात में नागरिक अस्पताल लाया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम शव गृह के पास पहुंची जहां पर बेटे रोहित ने पुलिस को बताया कि वह और उसकी माता सुनीता घर पर थे और उनके पिता व उसके भाई दुकान पर शहर जींद गए हुए थे। उसके चाचा हुकुम चंद ने दिन में शराब पी रखी थी। उसकी माता, उसकी बहन से मिलने के लिए अपने घर से जा रही थी, जब उसकी माता गली में उनके घर के कोने के पास पहुंची तो उसके चाचा हुकुमचंद ने एकदम चाकू से उसकी माता पर हमला कर दिया और उसने अपनी माता को बचाना चाहा तो उसके चाचा ने उसके सामने ही उसकी माता सुनीता को उसके हाथ में लिया हुए चाकू से कई वार किए। घटना के बार हुकुम चंद फरार हो गया। रोहित की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हुकुमचंद को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ पर आरोपित ने बताया कि उसने अपनी भाभी की घरेलू कलह के चलते हत्या की है। शनिवार को उसे अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### एडीजीपी ने पानीपत में ली अधिकारियों की बैठक

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत में बढ़ रहे अपराध के मद्देनजर करनाल मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ. एम रवि किरण ने शनिवार को पानीपत में अधिकारियों की बैठक लेकर अपराध पर अंकुश लगाने व कानून एवं व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के आदेश दिए। एम रवि किरण ने शनिवार को ज्यूडिशियल मालखाना चेक करने उपरांत पुलिस लाइन स्थित ऑफिसर मैस में पुलिस अधिकारियों के साथ मीटिंग की। एडीजीपी ने पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहने और जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। जिले में अपराध की स्थिति की गहन समीक्षा की और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे।

### तुर्किये और अजरबैजान की यात्रा से बचें

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारत के विभिन्न ऑनलाइन यात्रा बुकिंग प्लेटफॉर्म्स ने पाकिस्तान को सपोर्ट देने वाले देश तुर्किये और अजरबैजान के यात्रा विकल्प निलंबित कर दिए हैं। विभिन्न बुकिंग प्लेटफॉर्म्स ने यह ऐलान करते हुए ग्राहकों को इन देशों की 'गैर-जरूरी' यात्रा से बचने की सलाह दी, जबकि भारतीय यात्रियों से संवेदनशील क्षेत्रों की यात्रा की योजना बनाने से पहले अत्यधिक सावधानी बरतने का आग्रह किया। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव तथा तुर्किये और अजरबैजान द्वारा पाकिस्तान को समर्थन दिए जाने के बाद भारत की प्रमुख ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों ने इन देशों के लिए यात्रा सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी हैं। कंपनियों ने यात्रियों को इन गंतव्यों की गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी है। (अनंत ज्ञान)

### गुवाहाटी एयरपोर्ट पर हवाई उड़ानें फिर शुरू

**एजेंसी, गोवाहाटी।** देश के पूर्वोत्तर राज्यों में फ्लाइट से जाना हो तो पहला विकल्प गुवाहाटी एयरपोर्ट दिखाई देता है। भारत पाकिस्तान के सीमा पर चल रहे तनातनी के बीच इसे अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। पूर्वोत्तर का सबसे व्यस्त रहने वाले हवाई अड्डों में से एक होने के नाते इसकी वजह से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा ,लेकिन अब इस एयरपोर्ट पर चौकसी बढ़ाकर इसका परिचालन सामान्य कर दिया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने यात्रियों से सभी सुरक्षा जांचों का पालन करने और समय से पहले हवाई अड्डे पर पहुंचने का आग्रह किया क्योंकि इन सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए अधिक समय तक इंतजार करना पड़ सकता है। (अनंत ज्ञान)

### मुंबई में पटाखे जलाने पर पूरी तरह से रोक

**एजेंसी, मुंबई।** भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस बीच मुंबई में भी अलर्ट की खबर सामने आ रही है। पुलिस ने मुंबई में किसी भी तरह के पटाखे जलाने पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। वहीं, जैसलमेर क्षेत्र में हाई रेड अलर्ट के कारण जिला प्रशासन की सलाह के अनुसार जैसलमेर स्टेशन पर ट्रेनों की आवाजाही स्थगित कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)

### आतंकवाद के खिलाफ रूस भारत के साथ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आतंकवाद के खिलाफ भारत की कार्रवाई का रूस ने समर्थन किया है। मॉस्को में सोवियत संघ की द्वितीय विश्व युद्ध में जीत की 80वीं वर्षगांठ कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सैन्य और तकनीकी सहयोग को गहरा करने के लिए रूसी उपरक्षा मंत्री कर्नल जनरल अलेक्जेंडर फोमिन से मुलाकात की। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि रूस ने आश्वासन दिया कि वह आतंकवाद के सभी स्वरूपों के खिलाफ लड़ाई में हमारा समर्थन करेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग मौजूदा समझौतों के आधार पर आगे बढ़ता रहेगा। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# जी7 ने की पहलगाम हमले की निंदा भारत-पाक से संयम बरतने की अपील

## दोनों देशों से तुरंत तनाव कम करने और शांति वार्ता करने का किया आग्रह

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और टकराव को लेकर दुनिया भर में चिंता बढ़ती जा रही है। जी7 देशों के विदेश मंत्रियों ने दोनों देशों से अपील की है कि वे संयम बरतें और बातचीत के जरिए विवाद सुलझाएं। जी7 में शामिल कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका के विदेश मंत्रियों और यूरोपीय संघ ने एक साझा बयान जारी कर भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले की भी कड़ी निंदा की है। इस हमले में 26 लोगों की जान गई थी, जिसमें 25 पर्यटक शामिल थे। इन्हें धर्म पूछकर गोली मारी गई थी।

जी7 ने अपने बयान में कहा, 'हम भारत और पाकिस्तान से अपील करते हैं कि वे अधिकतम संयम बरतें। किसी भी तरह की और सैन्य कार्रवाई इस क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। हम दोनों देशों से तुरंत तनाव कम करने और शांति के लिए सीधी बातचीत करने का आग्रह करते हैं।' (अनंत ज्ञान)

### भारत-पाक तनाव पर सिंगापुर ने भी जताई चिंता

**सिंगापुर** ने भी इस मुद्दे पर अपनी चिंता जाहिर की है। सिंगापुर के विदेश मंत्रालय (एमएफए) ने बयान जारी कर कहा, 'हम भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे सैन्य टकराव को लेकर गंभीर रूप से चिंतित हैं। हम दोनों पक्षों से अपील करते हैं कि वे तनाव कम करें और बातचीत के जरिए समाधान निकालें। साथ ही, दोनों देशों में आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।' सिंगापुर ने अपने नागरिकों को जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान की यात्रा न करने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि सिंगापुर के नागरिकों को भारत और पाकिस्तान के सीमा क्षेत्रों में खासतौर पर सतर्क रहना चाहिए और सुरक्षा के लिहाज से सभी जरूरी कदम उठाने चाहिए। सिंगापुर ने अपने नागरिकों से भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचने, स्थानीय खबरों पर नजर रखने और स्थानीय प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है।

### अमेरिकी मिशन ने पाक में स्टाफ की आवाजाही रोकी

**न्यूयॉर्क।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते पाकिस्तान में अमेरिकी मिशन ने अपने सभी कर्मचारियों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। पाकिस्तान की सेना ने भी देश के सभी नागरिकों को घरों में रहने की सलाह दी है जब तक कि नया आदेश न आए। अमेरिकी दूतावास और कांसुलेट्स ने एक सुरक्षा चेतावनी जारी कर कहा कि पाकिस्तान आर्मी ने 10 मई को देश के सभी नागरिकों से कहा है कि वे अगले आदेश तक घरों से बाहर न निकलें।

### पाक के खैबर पख्तूनख्वा में नौ सुरक्षा कर्मियों की मौत

**पेशावर।** भारत से बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान अपने ही घर में घिरने लगा है। उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में एक चेक पोस्ट पर हुए हमले में नौ सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई, जबकि पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। उर्दू भाषी एक अखबार के मुताबिक अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दक्षिण वजीरिस्तान जिले की शाकाई तहसील में शुक्रवार को डांडा चेक पोस्ट पर हमला हुआ। इसमें नौ सुरक्षा कर्मियों की मौत हो गई, जबकि पांच घायल हुए।

## हवाई अड्डों का सुरक्षा घेरा मजबूत

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश के हवाई अड्डों की सुरक्षा व्यवस्था को और ज्यादा मजबूत किया जा रहा है। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने कार्गो और बैगेज स्क्रीनिंग के लिए सीआईएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ा दिया है। हवाई अड्डों पर सुरक्षा को बढ़ावा देने के एक महत्वपूर्ण निर्णय में नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशक ने एक ज्ञापन जारी किया है। इसमें कहा गया कि कार्गो संचालन और इन-लाइन होल्ड बैगेज स्क्रीनिंग सिस्टम को अतिरिक्त सुरक्षा कवर प्रदान करने के लिए विमानन सुरक्षा समूह (एएसजी) के रूप में सीआईएसएफ की भूमिका को अस्थायी रूप से बढ़ाया गया है। (अनंत ज्ञान)

### विदेश सचिव ने पाक के प्रोपेगैंडा का किया पर्दाफाश

## अफगानिस्तान पर नहीं दागी मिसाइल, झूठ बोल रहा पाक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रेस ब्रीफिंग के दौरान विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा का पर्दाफाश करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने एक झूठा दावा किया है कि एक भारतीय मिसाइल ने अफगानिस्तान को निशाना बनाया है। यह पूरी तरह से झूठा और बेबुनियाद आरोप है।

हम बस ये बताना चाहते हैं कि अफगानिस्तान के लोगों को ये बताने की जरूरत नहीं है कि कौन सा देश उनके देश पर बीते एक-डेढ़ साल से कई बार आम नागरिकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर हमले कर रहा है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि भारतीय पंजाब पर हमलों के तुरंत बाद भारत ने अफगानिस्तान पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए, जो एक बड़े और खतरनाक प्लान का हिस्सा थे। पाकिस्तान की सेना ने झूठ फैलाते हुए कहा कि इस हमले का मकसद पूरे इलाके को अशांति की ओर धकेलना है। पाकिस्तान ने ये भी दावा किया कि पाकिस्तान एयर फोर्स के पास भारत की हर मिसाइल का इलेक्ट्रॉनिक सिग्नेचर मौजूद है। मिसाइल किस जगह से दागी गई और उसका निशाना कहां था, ये सब रिकॉर्ड में है। (अनंत ज्ञान)

# थम सकती है रूस और यूक्रेन की जंग

## यूक्रेन और उसके सहयोगी बिना शर्त युद्ध विराम के लिए तैयार

**एजेंसी, कीव**

रूस-यूक्रेन जंग थमने के असार हैं। यूक्रेन और उसके सहयोगी 30 दिवसीय पूर्ण और बिना शर्त युद्ध विराम के लिए तैयार हो गए हैं। यूक्रेन के विदेश मंत्री ने बताया कि यह युद्ध विराम सोमवार से शुरू होगा। यूक्रेनी विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने कहा कि यूक्रेन और उसके सहयोगी सोमवार से कम से कम 30 दिनों के लिए रूस के साथ पूर्ण, बिना शर्त युद्ध विराम के लिए तैयार हैं। शनिवार को चार देशों फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी और पोलैंड के नेता यूक्रेन पहुंचे थे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने जेलेंस्की से मुलाकात कर रूस पर दबाव बढ़ाने और युद्ध रोकने की कोशिशों पर चर्चा की थी। (अनंत ज्ञान)

## जमाखोरी की, तो होगी सख्त कार्रवाई

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच केंद्र सरकार ने व्यापारियों और थोक विक्रेताओं को चेतावनी दी है कि वे जरूरी खाद्य वस्तुओं की जमाखोरी से बाज आएं। केंद्रीय खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने स्पष्ट किया कि देश के पास घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त खाद्य भंडार है। सरकारी की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष बढ़ गया है। जोशी ने लोगों से आग्रह किया कि वे भंडार की कमी को लेकर फैलाए जा रहे झूठे संदेशों पर विश्वास न करें। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यापारी या संस्था जमाखोरी या कालाबाजारी में लिप्त पाई गई, तो उनके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**मानसून** पिछले साल 30 मई को केरल पहुंचा था मानसून, वर्ष 2023 में 8 जून को

# इस बार चार दिन पहले दस्तक दे सकता है मानसून

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मौसम विभाग ने रविवार को बताया कि दक्षिण पश्चिमी मानसून 27 मई को केरल पहुंच सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून तक केरल पहुंचता है, लेकिन इस बार इसके जल्दी केरल पहुंचने की उम्मीद है। अगर मानसून 27 मई तक केरल में दस्तक दे देता है तो यह साल 2009 के बाद से सबसे जल्दी मानसून का आगमन होगा। साल 2009 में मानसून ने केरल में 23 मई को दस्तक दे दी थी।

बीते साल मानसून ने केरल में 30 मई को दस्तक दी थी। वहीं साल 2023 में 8 जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में 3 जून को और साल 2020 में 1 जून को मानसून केरल पहुंचा था। आमतौर पर दक्षिण पश्चिम मानसून एक जून को केरल पहुंचकर 8 जुलाई तक पूरे भारत को कवर कर लेता है। 17 सितंबर से मानसून भारत के उत्तर पश्चिमी इलाकों से पीछे हटना शुरू हो जाता है और 15 अक्तूबर तक पूरी तरह से विदा हो जाता है। (अनंत ज्ञान)

### सामान्य से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद



**मौसम** विभाग ने अपने अप्रैल महीने के अनुमान में साल 2025 में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद जताई है। इससे अल-नीनो के असर को नकारा जा रहा है, क्योंकि अल नीनो के असर से सामान्य से कम बारिश होती है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने बताया कि भारत में इस साल चार महीने के मानसून के मौसम में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद है। इस दौरान 105 प्रतिशत बारिश हो सकती है, जो औसत बारिश 87 सेंटीमीटर से ज्यादा है।

### मानसून के जल्दी या देर से आने का क्या मतलब?

**मौसम** विभाग ने साफ किया कि केरल में मानसून के जल्दी या देर से आने का मतलब देश में ज्यादा या कम बारिश होना नहीं है। इसमें कई अन्य फैक्टर शामिल होते हैं। हाल में मौसम विभाग ने बताया था कि इस साल दक्षिणी अंडमान सागर, बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों और निकोबार में मानसून 13 मई को ही आगे बढ़ सकता है। आमतौर पर ऐसा 20 मई के आसपास होता है, लेकिन इस बार एक हफ्ते पहले ही ऐसा हो रहा है। निकोबार द्वीप समूह से केरल पहुंचने में मानसून को सामान्य तौर पर 10 दिन का समय लगता है।

### देश की अर्थव्यवस्था के लिए मानसून बेहद अहम

**मौसम** विभाग के अनुसार, 96 प्रतिशत से लेकर 104 प्रतिशत की बारिश को सामान्य माना जाता है। 90 प्रतिशत से कम बारिश को कमी माना जाता है और 90 से 95 प्रतिशत के बीच बारिश को सामान्य से कम माना जाता है। भारत के कृषि क्षेत्र के लिए मानसून बेहद अहम है। देश में कृषि पर 42 प्रतिशत आबादी की आजीविका निर्भर है और यह क्षेत्र देश के विकास में 18 प्रतिशत का योगदान देता है। साथ ही मानसूनी बारिश देश के जलाशयों को भरने और बिजली उत्पादन के लिहाज से भी अहम है।

# अमेरिका के 15 राज्यों ने ट्रंप के ऊर्जा आदेश को दी चुनौती

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका के 15 राज्यों के एक गठबंधन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ऊर्जा परियोजनाओं को तेजी से लागू करने के प्रयासों के खिलाफ मुकदमा किया है। इन राज्यों का कहना है कि ट्रंप का आदेश पर्यावरण संरक्षण कानूनों को नजरअंदाज करता है और इससे संकटग्रस्त प्रजातियों, महत्वपूर्ण प्राकृतिक आवासों और सांस्कृतिक संसाधनों को नुकसान हो सकता है।

बता दें कि ट्रंप ने अपने राष्ट्रपति बनने के पहले दिन एक आदेश जारी किया था, जिसमें राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल घोषित किया गया था। इस आदेश के तहत तेल और गैस परियोजनाओं के लिए संघीय सरकार को निजी जमीन का इस्तेमाल करने का अधिकार मिल गया था। यह आदेश अमेरिकी सरकार को यह अनुमति देता है कि वह जरूरी वस्तुओं के उत्पादन के लिए निजी संपत्ति का इस्तेमाल कर सकती है, जिसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी माना जाता है। वहीं, राज्य अटॉर्नी जनरल का कहना है कि इस तरह के आदेश सिर्फ वास्तविक आपातकालीन स्थितियों में ही दिए जाने चाहिए। आदेश के तहत अमेरिकी आर्मी कॉर्प्स और आंतरिक विभाग जैसी एजेंसियां कई आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं को नजरअंदाज कर रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### पर्यावरणीय नुकसान का आरोप, मुकदमा दर्ज

## स्पोर्ट्स विंडो

### अनाहत और अभय ने की विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप में जीत से शुरुआत

**एजेंसी, शिकागो (अमेरिका)।** भारत की युवा खिलाड़ी अनाहत सिंह ने यहां दुनिया की 28वें नंबर की अमेरिकी खिलाड़ी मरीना स्टेफानोनी को हराकर विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। दुनिया में 62वें नंबर की 17 वर्षीय अनाहत ने पहले गेम में हार से उबरते हुए शुक्रवार को इस टूर्नामेंट के महिला एकल के शुरुआती दौर में 10-12, 11-9, 6-11, 11-6, 11-6 से जीत हासिल की। अनाहत को अगले दौर में दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी फायरोज अबोएलखिर की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा, जिन्होंने इस 656,500 अमेरिकी डॉलर इनामी टूर्नामेंट के पहले दौर के मुकाबले में मिस्र की हाना मोताज को 3-1 से हराया। भारत के अभय सिंह ने भी जीत से शुरुआत करते हुए दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी निकोलस मुलर को बाहर का रास्ता दिखाया। विश्व में 38वीं रैंकिंग के खिलाड़ी अभय सिंह ने पुरुष एकल के अपने शुरुआती दौर के मैच में अपने स्विस प्रतिद्वंद्वी को 11-7, 2-11, 11-7, 11-6 से हराया। अभय सिंह का अगला मुकाबला मिस्र के विश्व में 13वें नंबर के खिलाड़ी यूसुफ इब्राहिम से होगा। (अनंत ज्ञान)



### अदिति मिजुहो अमेरिका ओपन में कट में जगह बनाने में रही विफल

**एजेंसी, जर्सी सिटी (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे राउंड में इवन पार स्कोर करने के बावजूद मिजुहो अमेरिका ओपन के कट में जगह बनाने में विफल रहीं। अदिति ने शुरुआती दौर में 77 का निराशाजनक कार्ड खेला था जिससे उनका कुल स्कार पांच ओवर 149 का रहा। अदिति आठवें और 10वें होल में बर्डी लगाने में सफल रही, लेकिन 13वें और 18वें होल में बोगी कर तालिका में काफी नीचे चली गई। इस प्रतियोगिता का कट एक अंडर का रहा। (अनंत ज्ञान)



### आईपीएल निलंबन के बाद भारत से रवाना हुए विदेशी खिलाड़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण आईपीएल एक हफ्ते के लिए स्थगित होने के बाद टीमों के अधिकांश विदेशी खिलाड़ी शनिवार को अपने अपने देश लौट गए। जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार का मैच बीच में ही रद्द होने के एक दिन बाद आईपीएल भी स्थगित कर दिया गया था। टूर्नामेंट स्थगित होने के बाद से खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ अपने अपने शहर लौटने लगे जबकि कई विदेशी खिलाड़ी भी लौट रहे हैं। आरसीबी के विदेशी खिलाड़ियों में टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, फिल साल्ट, जोश हेजलवुड, लुंगी एंगिडि और नुवान तुषारा हैं। विदेशी सहयोगी स्टाफ में मुख्य कोच एंडी फ्लावर, गेंदबाजी कोच एडम गिफिथ, क्रिकेट परिचालन निदेशक मो बोबाट, टीम फिजियो इवान स्पीचली और विशेषज्ञ फ्रेडी विल्डे शामिल हैं। आरसीबी ने बयान में कहा,''हम बीसीसीआई, स्थानीय अधिकारियों और पुलिस के सहयोग के लिए शुक्रगुजार हैं।'' लखनऊ सुपर जाइंट्स के एक अधिकारी ने भी बताया कि उसके कुछ विदेशी खिलाड़ी शनिवार को चले गए हैं जबकि कुछ अभी भारत में ही रुकेंगे।

### मॉर्गन-तारी की खूबसूरत जोड़ी

**इंगलैंड।** अपनी कप्तानी में इंगलैंड को पहली बार वर्ल्ड कप दिलवाने वाले ऑयन मॉर्गन की पत्नी तारा लग्जरी ब्रिटिश फैशन कंपनी के पब्लिक रिलेशन डिपार्टमेंट में काम करती है। आठ साल के लंबे अफेयर के बाद दोनों ने पिछले साल शादी की थी।



### वीर अहलावत तुर्की में कट से चूके

**एजेंसी, अंताल्या (तुर्की)।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने पहले दौर की तुलना में दूसरे दौर में अपने खेल में कुछ सुधार किया लेकिन यह पर्याप्त नहीं था और वह टर्किश एयरलाइंस ओपन में कट से चूक गए। पहले दौर ने चार ओवर 75 का कार्ड खेलने वाले अहलावत ने दूसरे दौर में दो ओवर 73 का स्कोर बनाया और इस तरह से कट हासिल करने में असफल रहे। लगभग छह सप्ताह के बाद वापसी करने वाले अहलावत ने दूसरे दौर में दो बर्डी, दो बोगी और एक डबल बोगी की और इस तरह से छह ओवर का कुल स्कोर बनाकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। फ्रांस के मार्टिन कूवरा दूसरे दौर के बाद दो शॉट की बढ़त लेकर शीर्ष पर थे। (अनंत ज्ञान)



## महिला क्रिकेट: भारतीय महिला टीम के सामने त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में श्रीलंका की मुश्किल चुनौती

# भारत का लक्ष्य श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना

**एजेंसी, कोलंबो**

भारतीय महिला टीम रविवार को यहां होने वाले त्रिकोणीय एकदिवसीय सीरीज के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ हर विभाग में दमदार प्रदर्शन कर चैंपियन बनने की कोशिश करेगी। इस सीरीज में भारत को एकमात्र हार श्रीलंका के खिलाफ मिली है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में हालांकि, टीम ने सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन किया और लीग चरण में चार मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर रही।

श्रीलंका दो जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने अपना अभियान चार मैचों में एक सफलता के साथ तीसरे और आखिरी पायदान पर खत्म किया। इस मुकाबले को जीतना भारत और श्रीलंका दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि इससे इस साल के अंत में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों में मदद मिलेगी।

टूर्नामेंट में भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है, जिसमें जेमिमा रोड्रिग्स ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक शतक (123) सहित 67 की औसत से अब तक 201 रन बनाए हैं। प्रतिका रावल (164), स्मृति मंधाना (148) और दीप्ति शर्मा (126) ने भी बल्ले से प्रभावी योगदान दिये हैं। दीप्ति की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 93 रन की पारी ने भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचने में मदद की और यह भी जता दिया कि जरूरत पड़ने पर टीम का निचला क्रम भी बल्ले से प्रभावी योगदान दे सकता है।



कप्तान हरमनप्रीत कौर फाइनल में बड़ा स्कोर खड़ा कर सीरीज में बल्ले से अबतक की निराशा को पीछे छोड़ना चाहेगी। हरमनप्रीत ने अब तक नाबाद 41, 30 और 28 रन की उपयोगी पारियां खेली है, लेकिन अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रही है। स्नेह राणा भारत की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज साबित हुई है। दायें हाथ की इस स्पिनर ने अब तक 11 विकेट चटकाए है, जिसमें से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पारी में पांच विकेट लेना भी शामिल है।

श्रीलंका की टीम एक बार फिर से हर्षिता समरविक्रमा से बड़ी पारी की उम्मीद होगी। उन्होंने लीग चरण में 53 रन की पारी खेल भारत के खिलाफ टीम को जीत दिलाई थी। इस 26 साल की वामहस्त बल्लेबाज ने अब तक दो अर्धशतक की मदद से 177 रन बनाए है। श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने अपनी ख्याति के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई है। उन्होंने 88 रन बनाने के साथ पांच विकेट लिए थे। वह फाइनल में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ भारत की मुश्किलें बढ़ना चाहेंगी। श्रीलंकाई गेंदबाजों में देवमी विहंगा (नौ विकेट) का सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। भारतीय बल्लेबाजों ने हालांकि दोनों मैचों में इस ऑफ स्पिनर को हावी होने का मौका नहीं दिया। (अनंत ज्ञान)

**मैच : सुबह 10.00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत:** प्रतिका रावल, स्मृति मंधाना, हरलीन देयोल, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, दीप्ति शर्मा, काशवी गौतम, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, नल्लापुरेड्डी चरणानी, यास्तिका भाटिया, अमनजोत कौर, तेजल हसबनिस, शुचि उपाध्याय।

**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), कविशा दिलहारी, इनोशी प्रियदर्शनी, विशमी गुणरत्ने, हंसिमा करुणारत्ने, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, मल्की मदारा, हर्षिता समाराविक्रमा, मनुडी नानायककारा, हासिनी परेरा, पिउमी वाथसाला, इनोका राणावीरा, अनुष्का संजीवनी, रश्मिका सेववंडी, नीलाक्षिका सिल्वा, देवमी विहंगा।

## बीसीसीआई 2027 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल भारत में कराने का इच्छुक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) देश में 2025-2027 चक्र के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की मेजबानी करने पर विचार कर रहा है। इस संबंध में एक प्रस्ताव को बाद में औपचारिक रूप दिया जाएगा। इससे पहले डब्ल्यूटीसी के पहले संस्करण का फाइनल 2021 में साउथैम्पटन में और दूसरे संस्करण का फाइनल 2023 में ओवल में खेला गया था।

वहीं, 2025 यानी इस साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल अगले महीने लॉर्ड्स में खेला जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, पिछले महीने जिम्बाब्वे में आईसीसी की मुख्य कार्यकारी समिति के दौरान इस संबंध में चर्चा हुई थी जहां बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने किया था। पूर्व बीसीसीआई सचिव जय शाह दिसंबर 2024 में ग्रेग बार्कले से पदभार संभालने के बाद वर्तमान आईसीसी अध्यक्ष हैं। इस संस्करण यानी 2025 के फाइनल के लिए भारतीय टीम क्वालिफाई नहीं कर सकी। टीम न्यूजीलैंड और फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में हारकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की रेस से बाहर हो गई। (अनंत ज्ञान)

### शुभमन गिल कप्तानी की रेस में सबसे आगे



भारत के नियमित टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा ने टेस्ट से संन्यास ले लिया है। ऐसे में टीम इंडिया टेस्ट चैंपियनशिप के नए सत्र में एक नए कप्तान के साथ उतरेगी। शुभमन गिल फिलहाल कप्तानी की रेस में सबसे आगे चल रहे हैं।

## कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की जताई इच्छा!

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विराट कोहली ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से कहा है कि वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना चाहते हैं। सूत्रों के मुताबिक, हालांकि बोर्ड के शीर्ष अधिकारियों ने उन्हें फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए कहा है।

बोर्ड के एक अधिकारी ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि कोहली ने अपना मन बना लिया है और बोर्ड को सूचित कर दिया है कि वह टेस्ट क्रिकेट को छोड़ने जा रहे हैं। बीसीसीआई ने उनसे पुनर्विचार करने का आग्रह किया है क्योंकि इंग्लैंड का अहम दौरा जल्द ही आने वाला है। कोहली ने अभी तक इस अनुरोध पर जवाब नहीं दिया है।

कोहली का यह फैसला रोहित शर्मा के कुछ दिन पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आया है। भारत के चयनकर्ता अगले महीने इंग्लैंड में होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम चुनने के लिए कुछ दिनों में बैठक करने वाले हैं। अगर कोहली अपना मन नहीं बदलते हैं तो रोहित के संन्यास के बाद भारत को एक और बड़ा झटका लगेगा। साथ ही भारतीय क्रिकेट में एक अध्याय भी समाप्त हो जाएगा। उन्होंने भी इस प्रारूप में कीवियों और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खराब प्रदर्शन के बाद फैसला लिया था। रोहित और कोहली टी20 अंतरराष्ट्रीय से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में अगर कोहली फैसला नहीं बदलते हैं, तो दोनों सिर्फ वनडे क्रिकेट में दिखाई पड़ेंगे। इंग्लैंड दौरे पर नए कंधों पर होगी जिम्मेदारी? रोहित के बाद अगर कोहली संन्यास लेते हैं तो भारतीय टीम का दारोमदार नए कंधों पर आ जाएगा। ऐसे में सारी जिम्मेदारी शीर्षक्रम में केएल राहुल, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल पर आ जाएगी, जबकि मध्यक्रम पूरी तरह अनुभवहीन हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)



### टेस्ट में 36 साल के कोहली का प्रदर्शन

**कोहली** ने भारत के लिए 123 टेस्ट खेले हैं और 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए हैं। पिछले पांच वर्षों में उनका औसत गिरा है। इस दौरान 37 टेस्ट में उन्होंने तीन शतकों की मदद से 1,990 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कोहली आठ में से सात बार ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर छेड़छाड़ करते हुए आउट हुए थे। कोहली ने हाल ही में आरसीबी के एक पॉडकास्ट में बताया था कि अब वह शायद ऑस्ट्रेलिया का दौरा नहीं कर पाएंगे।

### अक्षय भाटिया दूसरे दौर के बाद संयुक्त चौथे स्थान पर



**एजेंसी, फिलाडेल्फिया।** भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया ने ट्रुइस्ट गोल्फ चैंपियनशिप के दूसरे दिन यहां इवन पार का राउंड खेला और 63-70 के कार्ड के साथ शीर्ष-पांच में बने रहे। भाटिया दूसरे दौर के बाद जस्टिन थॉमस (66-67), रोरी मैकलरॉय (66-67), कोलिन मोरीकावा (63-80), सी वू किम (65-69) और पैट्रिक कैंटले (65-68) के साथ सात अंडर का कुल स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। भारतीय मूल के ब्रिटिश खिलाड़ी आरोन राय (65-72) दिन के अंत में संयुक्त 33वें स्थान पर रहे। राय ने दूसरे दौर में एक बर्डी और तीन बोगी के साथ दो ओवर पार का स्कोर बनाया। भारतीय मूल का एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी साहिथ थीगाला दिन में एक ओवर का स्कोर बनाने के बाद संयुक्त 61वें स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)

## भारत ने तीरंदाजी विश्व कप चरण दो में स्वर्ण, रजत और कांस्य जीता

**एजेंसी, शंघाई**



भारत ने शंघाई में तीरंदाजी विश्व कप चरण दो में शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां कम्पाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में स्वर्ण, महिला टीम स्पर्धा में रजत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य सहित तीन पदक जीते। अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और ऋषभ यादव की पुरुष टीम ने फाइनल में मैक्सिको को 232-228 से हराया। भारतीय तिकड़ी ने धैर्य के साथ दबाव वाली परिस्थितियों में अचूक निशाना साध कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

भारत ने पहले गेम में 59 अंक के साथ दो अंकों की बढ़त हासिल की। मैक्सिको ने हालांकि दूसरे गेम में 58 अंक बनाकर वापसी की। इस गेम में भारतीय तीरंदाज 56 अंक ही जुटा सके जिससे स्कोर 115-115 से बराबर हो गया। भारतीय तिकड़ी ने तीसरे गेम में एक बार फिर से एक अंक की बढ़त कायम कर ली। भारत के 58 अंक के मुकाबले मैक्सिको के तीनों तीरंदाज 57 अंक ही बना सकें। भारतीय तिकड़ी ने अंतिम गेम में अपना धैर्य बनाए रखा और 60 में से 59 अंक हासिल किया। मैक्सिको दबाव में केवल 56 अंक ही जुटा सका।

ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा धामनगांवकर और चिकिथा तानिपार्थी की टीम महिलाओं के कम्पाउंड फाइनल में मैक्सिको की मजबूत चुनौती से पार पाने में नाकाम रही और मुकाबला 221-234 से गंवा बैठी। फाइनल मुकाबले में भारतीय तीरंदाज मैक्सिको को कड़ी टक्कर देने में नाकाम रहे, लेकिन इस तिकड़ी ने पूरे टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा से प्रभावित कर पोडियम पर स्थान सुनिश्चित किया। वर्मा और मधुरा की भारतीय मिश्रित टीम ने तीसरे स्थान के प्लेऑफ में मलेशिया को हराकर कांस्य पदक जीतने के साथ पदक तालिका में भारत की स्थिति मजबूत की। (अनंत ज्ञान)

### मधुरा ने महिला एकल में स्वर्ण के साथ तीरंदाजी विश्व कप में जीते 3 पदक

**मधुरा** धामनगांवकर ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण दो में स्वप्निल प्रदर्शन करते हुए अमेरिका की कार्सन क्रेहे पर 139-138 की शानदार जीत के साथ अपना पहला व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक जीता। मधुरा को तीन साल से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा नहीं करने के कारण विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में जगह नहीं मिली है। वह तीसरे गेम में सात अंक के निशाने के बाद 81-85 से पीछे चल रही थीं। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने हालांकि, दबाव में शानदार संयम दिखाया और लगभग चौथे गेम में सिर्फ एक अंक गवां कर स्कोर 110-110 पर बराबर कर लिया। मधुरा ने निर्णायक गेम में दो 10 के निशाने लगा। उन्होंने तीसरे प्रयास में नौ के निशाने के साथ क्रेहे को पछाड़ दिया। यह मधुरा का इस स्पर्धा में तीसरा पदक था, इससे पहले उन्होंने महिला टीम स्पर्धा में रजत और अभिषेक वर्मा के साथ मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। (अनंत ज्ञान)





### भारत के सप्तक तलवार स्पेन में संयुक्त 11वें स्थान पर

**एजेंसी, गिरोना (स्पेन)।** भारत के सप्तक तलवार यहां चल रहे चैलेंज डी एस्पाना गोल्फ टूर्नामेंट में बोगी रहित दूसरे राउंड में पांच अंडर 66 का स्कोर बनाकर शीर्ष 10 में जगह बनाने के करीब पहुंच गए। पहले राउंड में दो अंडर 69 का स्कोर बनाने वाले तलवार अब सात अंडर 135 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 11वें स्थान पर हैं। वह 11-अंडर के साथ शीर्ष पर चल रहे ओलिवर गिलबर्ग (65-66) और लुइस मासावु (64-67) से चार शॉट पीछे हैं। भारत के 26 वर्षीय खिलाड़ी तलवार ने इस सत्र में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अभी तक जो पांच टूर्नामेंट खेले हैं उनमें से चार में वह कट में जगह बनाने में सफल रहे। इनमें हीरो इंडियन ओपन भी शामिल है। (अनंत ज्ञान)

## बैडमिंटन: आयुष ने स्थानीय खिलाड़ी चोऊ टीएन चेन को दी कड़ी टक्कर

# उन्नति और आयुष ताइपे ओपन के सेमीफाइनल में हारे

**एजेंसी, ताइप**

उभरते हुए बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा की शनिवार को यहां क्रमश: पुरुष और महिला एकल के सेमीफाइनल में हार के साथ बीडब्ल्यूएफ ताइपे ओपन सुपर 300 में भारत का अभियान समाप्त हो गया। दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने इस 2.40 लाख डॉलर इनामी टूर्नामेंट में अंतिम चार तक के अपने सफर में प्रभावशाली प्रदर्शन कर प्रभावित किया।

विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता 20 साल के आयुष ने विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज स्थानीय खिलाड़ी चोऊ टीएन चेन को कड़ी टक्कर दी। लगभग दो दशक से अंतरराष्ट्रीय सर्किट में खेल रहे चीनी ताइपे खिलाड़ी ने अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए आयुष को 21-18, 21-17 से मात दी। इससे पहले ओडिशा मास्टर्स 2022 और अबू धाबी मास्टर्स 2023 की चैंपियन 17 साल की उन्नति को विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज 2022 की विश्व जूनियर चैंपियन जापान की तोमोका मियाजाकि ने 21-19, 21-11 से हराया। आयुष ने अपने सेमीफाइनल तक के अभियान में ऑल इंग्लैंड के उपविजेता ली चिया हाओं और पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत तथा कनाडा के ब्रायन यांग को हराकर उलटफेर किया था।



आयुष ने सेमीफाइनल में चोऊ के खिलाफ आक्रामक शुरुआत करते हुए 8-4 की बढ़त बना ली लेकिन इसके बाद कुछ गलतियां कर उन्होंने स्थानीय खिलाड़ी को वापसी का मौका दे दिया। ब्रेक के समय भारतीय खिलाड़ी के पास 11-9 की बढ़त थी, लेकिन चोऊ ने इसके बाद वापसी करते हुए स्कोर 11-11 किया। दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को ज्यादा बढ़त कायम करने का मौका नहीं दिया। चोऊ ने स्कोर के 18-18 से बराबर होने के बाद आयुष के खिलाफ बॉडी स्मैश लगाकर बढ़त बनायी और फिर बैकहैंड के शानदार इस्तेमाल से पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच बराबरी का मुकाबला था। आयुष ने आक्रामक खेल के साथ कोर्ट के शानदार इस्तेमाल से चोऊ को परेशान किया।



ब्रेक के समय चोऊ के पास 11-10 की बढ़त थी, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने 14-13 की बढ़त बना ली। चोऊ ने अच्छी वापसी करते हुए 20-16 की बढ़त के साथ चार मैच प्वाइंट हासिल किए। आयुष एक मैच प्वाइंट बचाने में सफल रहे लेकिन इसके बाद उनके बैकहैंड से लगा शॉट नेट से टकरा गया। उन्नति ने भी स्मैश के शानदार इस्तेमाल से मियाजाकि के खिलाफ अच्छी शुरुआत करते हुए 7-3 की बढ़त कायम की। उन्होंने दबाव बनाये रखते हुए इस बढ़त को 11-6 किया लेकिन इसके बाद लय गवां बैठी। जापान की खिलाड़ी ने इसके बाद लगातार अंक जुटाते हुए अपना दबदबा कायम किया। (अनंत ज्ञान)

### पीएसएल अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। इससे कुछ घंटे पहले ही घोषणा की गई थी कि भारत के साथ चल रहे सैन्य संघर्ष के कारण टी20 टूर्नामेंट को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में स्थानांतरित कर दिया गया है। हालांकि, रिपोर्ट्स के मुताबिक यूएई ने मेजबानी से इनकार कर दिया, जिसके बाद पीएसएल को स्थगित करने का फैसला लेना पड़ा। इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के बचे मैचों को भी एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया था। पीसीबी ने एक बयान में कहा कि स्थगित करने का फैसला प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मिली सलाह के अनुसार लिया गया है। हालांकि, यह पता चला है कि एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड ने पीएसएल के बचे मैचों की मेजबानी के लिए पीसीबी के अनुरोध को मंजूरी देने से मना कर दिया, क्योंकि उसके बीसीसीआई के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध है। पता चला है कि एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड ने पीएसएल के बचे मैचों की मेजबानी के लिए पीसीबी के अनुरोध को मंजूरी देने से मना कर दिया। (अनंत ज्ञान)